सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-244 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 25 फरवरी 2025
26 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### बिहार के भागलपुर में किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त पीएम मोदी ने की जारी, भागलपुर में विरोधियों पर भी गरजे

# महाकुंभ पर हमला बर्दाश्त नहीं : मोदी

- महाकुंभ को गाली देने वालों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा
- प्रयागराज में चल रहे एकता के महोत्सव में लोग डुबकी लगा रहे हैं




**पटना।** बिहार में किसानों के कल्याण और विकास की बात करते हुए प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने भागलपुर में आयोजित पीएम किसान सम्मान समारोह में महाकुंभ पर गाली देने वालों को कड़ी निंदा की।

भागलपुर जिले में किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी किये जाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने अपने संबोधन में प्रसाद पर प्रहार करते हुए कहा महाकुंभ को गाली देने वालों को कभी माफ नहीं किया जाएगा यह बयान कहते हुए मोदी ने बताया कि हमारी गौरवशाली विरासत और धार्मिक स्थलों का सम्मान हर किसी का कर्तव्य है। आगे कहा कि चाहे वह अयोध्या के राम मंदिर से हो या अब महाकुंभ से, इन धरोहरों पर हमला करने वाले केवल अपने ही स्वार्थ के लिए काम करते हैं। कहा महाकुंभ के आयोजन में एकता का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे एकता के महोत्सव में लोग डुबकी लगा रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि जो लोग धरोहरों और आस्था से नफरत करते हैं, वे कभी भी बिहार के लोगों का भरोसा नहीं जीत सकते। कांग्रेस और राजद के लंबे कुशासन से बिहार की छवि को नुकसान पहुंचा है, पर अब विकसित भारत में बिहार का वही स्थान होगा।

### प्रधानमंत्री ने भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन

## एमपी में पैसा रिटर्न की अपार संभावनाएं : पीएम



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश-विदेश से आए निवेशकों के सामने मध्यप्रदेश की तमाम खूबियों को ना केवल विस्तार से रखा, बल्कि इस बात पर भी बल दिया कि राज्य में निवेश का सही समय यही है। मोदी राजधानी भोपाल में आज से शुरू हुए दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। ये आयोजन देश में अपनी तरह के अनूठे राजधानी भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित हो रहा है। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत देश-विदेश के कई ख्यातिप्राप्त उद्योगपति और कई देशों के राजदूत समारोह में उपस्थित रहे। समारोह में पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश की पिछले दो दशक की विकास यात्रा को सबके सामने रखा। मध्य प्रदेश में 200 से ज्यादा इंडस्ट्रियल जोन हैं। यहां निवेशकों के लिए पैसा रिटर्न की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि और खनिज के मामले में देश के अव्वल राज्यों में है। पीएम मोदी ने कहा मध्य प्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां विकास की हर संभावना है। बीते दो दशकों में मध्यप्रदेश ने संक्रमण का नया दौर देखा है, एक समय यहां पानी-बिजली के साथ ही कानून व्यवस्था बहुत खराब थी।

## न्यूज डायरी

### पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक

**रोम।** दुनियाभर में कैथोलिक ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत नाजुक बनी हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे डबल न्यूमोनिया से पीड़ित हैं और उनकी किडनी खराब होने का खतरा भी मंडरा रहा है।



88 वर्षीय पोप को न्यूमोनिया की वजह से लंग्स में इन्फेक्शन भी हुआ है। इसके चलते उन्हें सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पोप फ्रांसिस को 14 फरवरी को सांस लेने में समस्या की शिकायत के बाद अस्पता में भर्ती कराया गया था। यहां बीते 10 दिनों से उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही हैं।

### ईसीआई ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मेलन चार और पांच मार्च 2025 को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में आयोजित होगा। यह पहला मौका होगा जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में इस तरह की बैठक आयोजित की जा रही है।





### राहुल गांधी पर सुनवाई स्थगित

**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है।



## महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश इलहाबादिया-चंचलानी



**मुंबई।** यूट्यूबर्स रणवीर अल्लाहबादिया और आशीष चंचलानी इंडियाज गॉट लेटेंट मामले में अपने बयान दर्ज कराने के लिए सोमवार को महाराष्ट्र साइबर सेल मुख्यालय में पेश हुए। 17 फरवरी को, साइबर सेल ने समय रैना के शो में माता-पिता को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में पूछताछ के लिए 24 फरवरी को अल्लाहबादिया को समन जारी किया था। इस टिप्पणी की सोशल मीडिया और देश भर में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। इस टिप्पणी की सुप्रीम कोर्ट ने भी निंदा की थी। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अब हटाए गए वीडियो में अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर यूट्यूबर्स रणवीर अल्लाहबादिया, शरण रैना और अपूर्वा मुखीजा को भी समन जारी किया है। नए समन के अनुसार, अल्लाहबादिया और मुखीजा को 6 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया गया है, जबकि रैना को 11 मार्च को बुलाया गया है। इससे पहले, एनसीडब्ल्यू ने शो के दौरान अल्लाहबादिया की टिप्पणी पर विशेष रूप से चिंता जताते हुए उनकी सुनवाई 17 फरवरी के लिए निर्धारित की थी। प्रतिक्रिया के बाद, अल्लाहबादिया ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश के माध्यम से सार्वजनिक माफी जारी की। हालाँकि, विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा था, उनके खिलाफ देश भर में कई पुलिस शिकायतें दर्ज की गई। बढ़ते आक्रोश के बीच अल्लाहबादिया ने दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है और उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर डर जताया है।

## डिप्टी सीएम शिंदे ने संगम में लगाई डुबकी

### एकनाथ शिंदे ने कहा, महाकुंभ आध्यात्मिक चेतना का महासंगम

- नंदी ने शिंदे को कुंभ कलश प्रदान कर किया भव्य स्वागत



**महाकुंभ नगर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे ने सोमवार को जीवनदायिनी, मोक्षदायिनी और पुण्य सलिला भगवती मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। जप, तप एवं साधना की पुण्य स्थली तीर्थराज प्रयागराज आगमन पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शिंदे को कुंभ कलश प्रदान कर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत किया।


महाकुंभ आस्था, भारतीय संस्कृति की सनातन परंपरा, एकता और आध्यात्मिक चेतना का महासंगम है, जो सम्पूर्ण विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में महाकुंभ का भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित आयोजन संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में बांध रहा है। एकनाथ शिंदे ने महाकुंभ को विश्व का सबसे बड़ा आयोजन बताते हुए कहा कि प्रयागराज पवित्र भूमि है। यहां सभी समान हैं। कोई बड़ा-छोटा नहीं, सभी को एक जैसा सम्मान मिलता है। यहां श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। कहा कि महाकुंभ वसुधैव कुटुंबकम् के भाव को भी सशक्त कर रहा है।

**यूपी बजट सत्र**

### सीएम ने की राज्यपाल के प्रति सपा सदस्यों के आचरण की निंदा, महाकुंभ पर टिप्पणी को लेकर भी भड़के

## गिद्धों को लाशें नजर आती हैं, सनातन की सुंदरता नहीं: योगी

- 16 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा
- प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली : मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी समाजवादी पार्टी के सदस्यों द्वारा किये गये व्यवहार की सोमवार को निंदा करते हुए पूछा कि क्या वह आचरण संवैधानिक था।

आदित्यनाथ ने विधानसभा में अपने संबोधन में कहा, ''राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान उनके प्रति की गई टिप्पणियां और व्यवहार क्या संवैधानिक था?'' सत्र के पहले दिन राज्यपाल समाजवादी पार्टी के सदस्यों के विरोध के कारण अपना अभिभाषण पूरा नहीं कर सकी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा,''आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आपका रवैया क्या है? राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान इस सदन में जो दृश्य था, उसे देखकर हम इसका सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं। जो शोरगुल था, जिस तरह की टिप्पणियां की जा रही थीं, राज्यपाल के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था? वहीं मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ को लेकर भी टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं को मैंने खुद देखा है। सपा सरकार में हुए कुंभ में एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया गया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था। मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा नेताओं के व्यवहार को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान की बात करते हैं।

> मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि लाखों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं। हम लोगों ने अब तक 16 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा है जिससे कि 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। ये डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है कि आज दुनिया भर के देश यूपी में निवेश के लिए आ रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बयान पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 2025 चल रहा है। सोमवार को विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, 5.20 करोड़ आयुष्मान कार्ड लोगों तक पहुंच गए हैं। पांच लाख तक का इलाज सभी को मुफ्त मिल रहा है। इस दौरान डिप्टी सीएम और सपा विधायकों के बीच तीखी बयानबाजी भी हुई। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा के विधायक कह रहे हैं कि वह मुलायम सिंह यादव की सारी बातें मानते हैं तो क्या वह इस बात को भी मानेंगे जो मुलायम सिंह यादव ने कही थी कि लड़के हैं लड़कों से गलतियां हो जाती है। पाठक के इस बयान के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।



## ज्ञानवापी वजूखाने के सर्वे पर सुनवाई टली

### अब 15 अप्रैल को होगी हियरिंग, 9 सितंबर 2024 को भी हुई थी सुनवाई

- हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अर्जी हो गई थी खारिज



**प्रयागराज।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे की मांग को लेकर सोमवार को सुनवाई हुई। अधीनस्थ अदालत के आदेश की वैधता की चुनौती में दाखिल निगरानी याचिका की अगली सुनवाई अब इलाहाबाद हाई कोर्ट में 15 अप्रैल को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में 17 फरवरी को प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर सुनवाई नहीं हो सकी थी। अगली सुनवाई के लिए अप्रैल के प्रथम सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट में सुनवाई की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। याचिका की सुनवाई इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ कर रही है। याची राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी के अनुसार, कोर्ट में सोमवार को अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मामले में अप्रैल के प्रथम सप्ताह में सुनवाई करेगा। याची अधिवक्ता का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 12 दिसंबर 2024 को प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की वैधता को लेकर हुई सुनवाई के दौरान अंतरिम आदेश से अदालतों को सर्वेक्षण संबंधी निर्देश सहित कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश देने से रोक दिया था। राखी सिंह की सिविल पुनरीक्षण याचिका के साथ समान राहत की मांग करने वाली ज्ञानवापी से संबंधित एक और याचिका 1991 के स्वयंभू लार्ड आदि विशेश्वर की एक साथ सुनवाई हो रही है। हाई कोर्ट ने गत 18 दिसंबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तारीख 17 फरवरी ध्यान में रखते हुए अपने यहां 24 फरवरी की तारीख तय की थी। बता दें कि इससे पहले वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाना के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से साइंटिफिक सर्वेक्षण की मांग पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में 9 सितंबर को भी सुनवाई नहीं हो सकी थी। उस दिन भोजनावकाश के बाद दोपहर दो बजे न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ को यह मामला सुनना था। श्रृंगार गौरी मामले में राखी सिंह ने सिविल पुनरीक्षण याचिका दायर की है।

## कड़ी निगरानी में शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

- दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे 14 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा सोमवार से कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई। प्रयागराज को छोड़कर पहले दिन पूरे प्रदेश में परीक्षा का आयोजन किया गया। एसटीएफ व खुफिया इकाइयां भी परीक्षा को लेकर सतर्क रहीं। इसकी वजह से पहले दिन ही दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे 14 लोग पकड़े गए जबकि विभिन्न जिलों में नौ नकलची पकड़े गए। वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग-अलग मंडलों में परीक्षा का पर्यवेक्षण किया। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा व वित्त दीपक कुमार ने राजधानी लखनऊ के केंद्रों का निरीक्षण किया।

## महाकुंभ मेले में पहुंचा न्यायिक जांच आयोग

**भगदड़ का वीडियो देखा और अधिकारियों से की मुलाकात**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के सबसे बड़े अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर 28 जनवरी की आधी रात के बाद संगम के पास भगदड़ की घटना की जांच के लिए सोमवार को न्यायिक आयोग तीर्थराज पहुंची।

आयोग ने भगदड़ का वीडियो देखा और उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एक दिन के लिए आए आयोग के चेयरमैन और सदस्य शाम को लखनऊ लौट गए। महाशिवरात्रि के बाद आयोग फिर आएगा। न्यायिक आयोग को जांच रिपोर्ट देने के लिए एक माह का समय और मिल गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने बैठक के बाद मीडिया से कहा, न्यायिक जांच आयोग सोमवार सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंचा। यहां इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईट्रिपलसी) में आयोग के सदस्यों ने महाकुंभ में लगाए गए उच्चाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और सभी विषयों तथा तथ्यों की जांच की। कहा कि आयोग ने विभिन्न संगठनों के साथ बातचीत और रिकॉर्ड की जांच भी शुरू कर दी है। आयोग के सदस्यों द्वारा मांगे गए सभी रिकॉर्ड अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आयोग की अगली बैठक महाशिवरात्रि के बाद होगी, जिसमें और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। आयोग के सदस्य वापस चले गए हैं। आयोग द्वारा बुलाई गई बैठक में एडीजी भास्कर के अलावा मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। भगदड़ की घटना में कम से कम 30 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना के अनुक्रम का पता लगाने के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया। आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हर्ष कुमार हैं।

## डीएम ने पांच परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र बेहजम के अंतर्गत यूपीएस गौरिया, पीएस और यूपीएस अल्लीपुर, पीएस लखनापुर और यूपीएस बरतेर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ बेहजम देवेश राय, बीडीओ नीरज दुबे मौजूद रहे।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरिया पहुंचकर शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में बनाए गए खेल मैदान का भी अवलोकन किया। बच्चों से खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर जाना कि खेल मैदान के निर्माण से वह खुश है। निरीक्षण के दौरान रसोईया विमला, पुष्पा द्वारा निर्धारित मेनू के अनुसार आलू गोभी, मटर टमाटर की सब्जी रोटी तैयार की जा रही थी, इस दौरान डीएम ने सब्जी की गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में नामांकित 295 बच्चों के सापेक्ष 141 बच्चे उपस्थित मिले डीएम ने प्राथमिक



विद्यालय लखनापुर में कक्षा तीन और चार की क्लास में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता जांची। बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर उनकी रीडिंग स्किल भी चेक की। रीडिंग स्किल बेहतर मिलने पर उन्होंने बच्चों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 70 बच्चों के सापेक्ष 37 बच्चे उपस्थित मिले। स्कूल कैंपस में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बिना भोजन कराए बच्चों को घर भेजने की बात पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। डीपीओ भारत प्रसाद से आंगनबाड़ी वर्कर शशि बाला का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मोबाइल से पोषण ट्रैकर एप में आज के फीड की गई फोटो भी देखी।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लीपुर में निरीक्षण किया। पीएस अल्लीपुर में निरीक्षण में गैस सिलेंडर और बर्नर/चूल्हा मौजूद होने के बावजूद रसोईया द्वारा लकड़ी से चूल्हे पर खाना तैयार किया जाता मिला और खेल सामग्री का समुचित उपयोग न किए जाने की बात सामने आई। इसपर डीएम ने गहरा असंतोष जताते हुए प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और कार्यवाही किए, जाने के निर्देश दिए। डीएम ने बच्चों से उनकी किताब हाथों में ली। कई सवाल पूछे और रीडिंग स्किल को भी परखते हुए उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का भी आकलन किया।

## भड़िया बुजुर्ग रेलवे हाल्ट के पास ट्रेन से कटकर एक अधेड़ की मौत

**लखीमपुर खीरी।** गोला और रजागंज के बीच भड़िया बुजुर्ग रेलवे हाल्ट के पास ट्रेन से कटकर एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर हैदराबाद पुलिस और जीआरपी पहुंची। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भड़िया बुजुर्ग निवासी 55 वर्षीय मनोहर लाल मिस्त्री सोमवार की सुबह 5.30 बजे मैलानी से लखनऊ जाने वाली ट्रेन से पिलर संख्या 160/16 और 161/ 0 के बीच ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। गोला जीआरपी और हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना रेलवे क्षेत्र में होने के कारण गोला रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## विभिन्न अभियोगो में 09 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में 09 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1.गोले पुत्र सम्मद 2.शेरा पुत्र सम्मद 3.राजेश पुत्र महिपाल 4.राजेश पुत्र छेदू 5.रमेश पुत्र छेदू 6.सीपू पुत्र रामसनेही 7.दीपू पुत्र रामसनेही 8.हरिनाम उर्फ नियूरी पुत्र परशू 9.तौफीक खां पुत्र मुन्ना खाँ को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गोले पुत्र सम्मद निवासी बाजूडीहा थाना कोतवाली सदर खीरी (सम्बन्धित मु0सं0-1622-5 अ0सं0-1026-04 धारा 323,324,504,506 भादवि0) शेरा पुत्र सम्मद निवासी बाजूडीहा थाना कोतवाली सदर खीरी (सम्बन्धित मु0सं0-1622-5 अ0सं0-1026-04 धारा 323,324,504,506 भादवि0) राजेश पुत्र महिपाल ग्राम रवही थाना कोतवाली सदर जिला खीरी (सम्बन्धित 532-01 अ0सं0-858-2000 धारा-325,504,506 भादवि) राजेश पुत्र छेदू निवासी ग्राम रवही थाना



कोतवाली सदर जिला खीरी (संबंधित मु0सं0-4786-4 अ0सं0-311-04 धारा 323/504/506/325 भादवि0) रमेश पुत्र छेदू लोनिया निवासी रमही कालोनी थाना कोतवाली सदर जिला खीरी (संबंधित मु0सं0-10147-2016 अ0सं0-462-2014 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट)सीपू पुत्र रामसनेही निवासी रामापुर थाना कोतवाली सदर जिला खीरी (सम्बन्धित मु0सं0-16741-22 धारा 60 आबकारी अधि0) दीपू पुत्र रामसनेही निवासी रामापुर थाना कोतवाली सदर खीरी (संबंधित मु0सं0-16740-22 धारा-60 आबकारी अधि0)हरिनाम उर्फ नियूरी पुत्र परशू निवासी ग्राम रामापुर थाना कोतवाली सदर जिला खीरी (सम्बन्धित मु0सं0-17-22 अ0सं0-1191-21 धारा-08/21 एनडीपीएस एक्ट)तौफीख खां पुत्र मुन्ना खां नवासी रंगीलानगर थाना कोतवाली सदर जिला खीरी (संबंधित मु0सं0-210/24 धारा-128 सीआरपीसी)।

## बड़े भाई ने छोटे भाई का गला रेतकर मौत के घाट उतारने की की कोशिश

**लखीमपुर खीरी।** जमीनी विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई का गला रेतकर मौत के घाट उतारने की कोशिश की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी की टीम ने जख्मी छोटे भाई को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को हिरासत में ले लिया है। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के केशवापुर गांव निवासी शिवकुमार के बेटों मेवालाल व रंगीलाल के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद था। इसी विवाद के चलते दोनों में कहासुनी और मारपीट हो गई। इस दौरान बड़े भाई रंगीलाल ने धारदार हथियार से अपने छोटे भाई मेवालाल का गला काट दिया। हालात देख लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। धौरहरा कोतवाली की पीआरवी मौके पर पहुंच गई। जख्मी मेवालाल की हालत देख पुलिस ने 26 वर्षीय मेवालाल को जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटना के आरोपी रंगीलाल को गांव में तलाश करके हिरासत में ले लिया।

# मैनुअल स्केवेन्जर्स सर्वे में छूटे हुए पात्रों को दें योजना का लाभः भगवत प्रसाद मकवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्रालय की सेन्ट्रल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश सरकार द्वारा सफाई कार्य में लगे हुए स्वच्छकारों के लिए लाभकारी योजनाएं संचालित कर पुनर्वासित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छकारों की बस्तियों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराकर उनकी स्थिति में सुधार लाया जाए।

भगवत प्रसाद मकवाना आज सर्किट हाउस के सभागार में मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 का पालन किए जाने की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों के पुर्नवासन के लिए स्वच्छकारों की बस्तियों में अधिक से अधिक कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के



अन्तर्गत ऋण वितरित किया जाए। इसके साथ सरकार द्वारा उनके बच्चों को दिये जा रहे शिक्षा ऋण की भी अवश्य जानकारी दी जाए। स्वच्छकारों की बस्तियों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ स्वच्छकारों को दिलाने में संवेदनशीलता बरतें अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के तहत जनपद के 2811 छूटे हुए लाभार्थियों को नियमानुसार पुनः सर्वे में शामिल करते हुए लाभान्वित कराने के लिए भेजा जाए। उन्होंने जनपद में आउटसोर्सिंग, ठेका एवं अन्य माध्यमों से नगर निकायों में तैनात सफाई कार्मिकों के वेतन भुगतान, ईपीएफ, ईएसआई एवं साप्ताहिक अवकाश की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि किसी भी कार्मिक का शोषण न हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर स्वच्छकारों के नियमानुसार भुगतान एवं प्रदत्त सुविधाओं में गड़बड़ी पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छकार एवं अन्य पदों पर कार्यरत आउटसोर्स एवं संविदा कार्मिकों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद में कार्य करने वाले सभी स्वच्छकारों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराई जाए। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में पात्र स्वच्छकारों के प्राथमिकत से आयुष्मान कार्ड बनाए जाए।

## लखीमपुर में चिन्मय मिशन के सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का भंडारे के साथ हुआ समापन



**लखीमपुर खीरी।** चिन्मय मिशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का समापन श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भंडारे के साथ हुआ। यह आयोजन बलवीर सिंह के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया साध्वी माता जी ने भगवद गीता के अंतिम अध्याय का व्याख्यान देते हुए बताया कि कैसे अर्जुन, भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को सुनकर युद्ध के लिए तैयार हुआ। उन्होंने गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और भक्तों को धर्म एवं कर्म के महत्व को समझाया।संस्था के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख मितौली ने कहा की इन सात दिनों मे हमने अपने जीवन के सबसे उत्तम जीवन जिया है साथ ही मैंने कई पंथो को देख सबसे बना सनातन धर्म है इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक एवं चिन्मय मिशन के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, संरक्षक नरायण सिंह, मंत्री विष्णु दत्त अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री बृजेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य सूरज सिंह, अजय प्रकाश त्रिवेदी, विनीत मनार, विधायक योगेश वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा संजय वर्मा, विनय सिंह, लालता सिंह, देवेंद्र सिंह, संतोष सेंगर, बीरेंद्र यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## जिले में इस बार 136 केंद्रों पर 98208 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 136 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों में परीक्षार्थियों की जामा तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। जिले में इस बार 136 केंद्रों पर 98208 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। हाईस्कूल के 49903 परीक्षार्थी पंजीकृत है। इनमें 27897 छात्र और 22006 छात्रां शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट के लिए 27083 छात्र व 21222 छात्राएं पंजीकृत हैं। परीक्षा को लेकर सात जोनल, 136 सेक्टर व 136 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

## अनियंत्रित होकर शीरा भरा टैंकर पलटा एक युवक घायल

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार सुबह ढखेरवा सिसैया हाईवे पर शीरा भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी धौरहरा में भर्ती कराया। पढखेरवा सिसैया हाईवे के किनारे स्थित महादेव क्रेशर से टैंकर शीरा लोड कर तुलवाई कराने धौरहरा धर्मकांटा आया था। वापसी करते समय क्रेशर पर पहुंचने से पहले ही अनियंत्रित होकर टैंकर पलट गया । मौके पर मौजूद चौकीदार अखिलेश टैंकर की चपेट में आकर जख्मी हो गया।

## महाकुंभ के अंतिम शाही स्नान को लेकर ट्रेनों में अभी से यात्रियों की जमकर हो रही भीड़

**लखीमपुर खीरी।** महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के अंतिम शाही स्नान को लेकर ट्रेनों में अभी से यात्रियों की जमकर भीड़ हो रही है। लखनऊ और गोरखपुर जाने वाली ट्रेनें सोमवार को खचाखच भरकर चलीं। रेलवे लखनऊ-मैलानी रेलखंड पर संचालित चार जोडी पैसेंजर ट्रेनों में बोगी कम कर के चला रहा है। इससे यात्रियों को बैठने तो छोड़िए खड़े होने को भी जगह नहीं मिल पा रही है। महाशिवरात्रि पर कुंभ में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अभी से रवाना हो रही है। कुंभ स्पेशल ट्रेन सोमवार की देर रात आएगी। उससे पहले ही लखनऊ और गोरखपुर जाने वाली ट्रेनों में श्रद्धालु अपनी जगह खोज रहे हैं। पर ट्रेनों में बोगियां कम हैं। सोमवार को मैलानी से लखनऊ जानें वाली पैसेंजर ट्रेन 55083 में सात बोगी लगाकर संचालित किया गया। इसके चलते तमाम यात्री ट्रेन में लगे लगेज बोगी में बैठने को विवश हुए। भीड़ ज्यादा देखकर ट्रेन के गार्ड ने लगेज बोगी से सभी यात्रियों को उतरवा कर दूसरे डिब्बो में बिठाया। इसके चलते ट्रेन के सात डिब्बों में यात्रियों खड़े होकर सफर करने को भी लेकर मशक्कत करनी पड़ी।

## मुडंन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आये बुजुर्ग की शारदा नदी मे डूबकर मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना पलिया क्षेत्र के एक गांव निवासी बुजुर्ग अपने गांव के एक मुडंन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शारदानगर आया था। नदी के पास जाते ही बुजुर्ग का पैर फिसल गया। घरवालों ने काफी खोजबीन की लेकिन बुजुर्ग का कहीं पता नहीं चला। घटना के अगले दिन सुबह घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर नदी में बुजुर्ग का शव पानी उतराता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पलिया क्षेत्र के गांव लालपुर ढाका निवासी 55 वर्षीय छत्रपाल रविवार को गांव के सज्जन के यहां बच्चे का मुंडन संस्कार कराने शारदनगर आए थे। बताते हैं कि इधर नदी के किनारे मुंडन संस्कार कार्यक्रम चल रहा था। उधर छत्रपाल टहलते-टहलते नदी के किनारे पर जा पहुंचे। नदी के किनारे से छत्रपाल का पांव फिसल गया। इससे वह नदी में डूब गए। घटना की जानकारी होने पर घरवालों ने छत्रपाल की तलाश शुरू की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला। सोमवार की सुबह परिजन फिर छत्रपाल की तलाश में निकले थे कि घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित पुल के पास पानी में छत्रपाल का शव उतराता देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डीएम ने की राजस्व व कर करेत्तर वसूली की समीक्षा

### लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति पर ई.ओ. उसावां से स्पष्टीकरण तलब



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मासिक समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व व कर करेत्तर वसूली की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को परस्पर विभागीय समन्वय के साथ वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कहा। लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उसावां से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जनवरी 2025 तक के राजस्व व कर करेत्तर वसूली के लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति की समीक्षा की। उन्होंने आर0सी0 का मिलान कर उसकी रिकवरी करने के लिए भी कहा। बैठक के दौरान संज्ञान में आया कि परिवहन विभाग वसूली में मंडल में प्रथम है। डीएम ने स्टांप व पंजीयन, आबकारी, वाणिज्य कर, परिवहन देय, विद्युत देय सहित विभिन्न विभागों की राजस्व व कर करेत्तर वसूली की समीक्षा की।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने अधिकारियों को विभागीय डाटा को अधतन रखने तथा पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर तहसील दिवस के प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक निस्तारित किया जाए तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी प्रवर्धन शर्मा , नगर मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, जिला वन अधिकारी प्रदीप वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैः पंकज चौधरी

### कृषि विज्ञान वसूली में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त के डिजिटल वितरण के अवसर पर सोमवार को कृषि विज्ञान, वसुली, निचलौल में केंद्र में आयोजित समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्र म को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि 2019 में लगभग 11 करोड़ लोगों को 3.46 लाख करोड़ रुपए का डीबीटी किया गया। जबकि किसान सम्मान निधि की 19 किश्त में लगभग 11 करोड़ किसानों को 03.67 लाख करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि



मोदी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और कृषि को लाभप्रद बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

दलहन आयात की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत किसानों का देश है, लेकिन हम आज भी दलहन के लिए विदेशों पर निर्भर हैं। प्रधानमंत्री जी ने इस दिशा में देश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य दिया है।

आज मंच से भी दलहन के बीजों का वितरण इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि किसानों को दलहन खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न कृषि स्टालों का निरीक्षण किया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व बीज आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में जादुई करतब देख कर आश्चर्य चकित हुए बच्चे

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था नेशनल पब्लिक स्कूल में अंधविश्वास के प्रति बच्चों को जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित जादूई शो में जादूगर सम्राट एन.के. शर्मा ने अनेक जादुई करतब दिखा कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। ज्वाला नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में भारतीय रेडकास सोसाइटी द्वारा सामाजिक जागरूकता व गरीबों की सहायता एवं अंधविश्वास दूर करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक एवं स्कूल के प्रबंधक सुरेन्द्र चौहान, डायरेक्टर हरसिमरत कौर चौहान, प्रधानाचार्या सिम्पल मकानी, उपप्रबंधक मनु चौहान, जादूगर सम्राट एन के शर्मा एवं नन्हे बालक अंगद चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

## कालिंदी विहार में दिनदहाड़े घर में घुसकर हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** कालिंदी विहार में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट व आभूषण, मोबाइल छीनकर कमरे में बंद करने की घटना का खुलासा करते हुए थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया। जानकारी अनुसार कालिंदी विहार निवासी राहुल शर्मा खंदौली स्थित पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर हैं। 19 फरवरी की सुबह वह बैंक गए थे। दोनों बच्चे स्कूल चले गए थे। पत्नी गुड़िया घर में अकेली थीं। सुबह करीब पौने ग्यारह बजे वह कपड़े सुखाने छत पर गई थीं। तभी उन्हें मेन गेट खुला दिखा। गेट बंद करने के लिए नीचे आ रही थीं। तभी एक युवक ने उन्हें पकड़ लिया। उसने मुंह पर काले रंग का मास्क पहन रखा था। कुछ कर पातीं उससे पहले ही बदमाश उन्हें घसीटता हुआ कमरे में ले गया। दुपट्टे से गला घोंटने की कोशिश की। मंगलसूत्र खींचने लगा। गुड़िया ने हिम्मत दिखाई। उसे एक लात मार दी। इससे बदमाश जमीन पर गिर गया, लेकिन वह उठकर फिर मारपीट करने लगा। बदमाश ने मंगलसूत्र, कुंडल लूट लिए। कमरे में रखी एक अंगूठी और मोबाइल भी उठा लिया। फिर कमरे की बाहर से कुंडी बंद करके भाग गया था। सोमवार को थाना ट्रांस यमुना पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बिजली घर तिराहे से अभियुक्त विजय जुरैल पुत्र कमल सिंह निवासी श्याम नगर नरायच थाना ट्रान्स यमुना आगरा को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 2 मोबाइल (1 मोबाइल चोरी का) व 1 मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विजय जुरैल से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अभियुक्त हरदनिया गेस्ट हाउस कालिन्द्री विहार के पास वाले घर मे घुसकर यह मोबाइल छीना था तथा उसने यह मोटरसाइकिल उस घर के सामने खड़ी कर दी थी, महिला से फोन छीनने के बाद कमरे की कुन्डी लगाकर वह उसी मोटरसाइकिल से भाग गया था। पुलिस टीम द्वारा घटना में गये आभूषणों के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया कि वह मकान वाली औरत को काफी दिनों से आते-जाते देखता था और वह काफी दिनों से महिला से बात करने की कोशिश कर रहा था उसे बात करने का मौका नहीं मिला।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने 21 वीं पशुधन गणना का वार्ड 26 में किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सोमवार को वार्ड 26 में 21 वीं पशुधन गणना का शुभारंभ केन्द्रीय राज्य मंत्री पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास, भारत सरकार प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल के शाहगंज स्थित आवास से शुभारंभ किया गया। जिसमें पशु गणनाकार तथा केंद्र सरकार के राज्य पर्यवेक्षक व डा.मुकेश कुमार शर्मा शर्मा,अपर निदेशक, सांख्यिकीय,पशुधन भारत सरकार नई दिल्ली, डा, डी.पी सिंह, अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग आगरा मण्डल आगरा, डा. डी के पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आगरा, डा विपिन कुमार, जपनद पशुगणना नोडल एवं सोफ्टवेयर टीम के सदस्यों द्वारा पशुधन गणना संबंधी प्रक्रिया पूरी की गई। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री ने नवीन सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि पशुगणना सरल बनाये जाने के लिए जनपद आगरा में पशु गणना को तहसीलवार विभाजित किया है। पशुगणना में 270 गणनाकार, 52 सुपरवाईजर 10 गणनाकारों को आरक्षित किया गया है, 1264 गाव एवं वार्ड में पशुगणना की



जा रही है,21 वीं पशुधन गणना प्रक्रिया में इस बार कुछ बदलाव किए गए हैं। इसमें पशुओं की कुल 16 प्रकार की प्रजातियों यथा गाय, भैंस, मिथुन, याक, भेड़, बकरी, सूअर, घोड़े, खच्चर, गधे, ऊंट, हाथी खरगोश मुर्गी, बतख अन्य कुक्कुट पक्षी आदि को शामिल किया गया है। डाटा संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से वास्तविक समय में डेटा प्रविष्टि, मानवीय त्रुटियां कम होंगी तथा पारदर्शिता बढ़ेगी। पहली बार घुमंतू समुदायों के पशुधन की व महिलाओं की भूमिका अलग से दर्ज करने की व्यवस्था की गई है। महिलाओं के योगदान की पहचान, पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण आदि के दृष्टिगत भी डेटा संग्रहण की व्यवस्था शामिल की गई है। केंद्रीय मंत्री ने सभी किसान एवं पशुपालक भाइयों से अपील करते हुए कहा कि सर्वेयर तथा पशुगणना कर्मियों द्वारा पूछी गई जानकारी सही सही दर्ज कराएं जब सही संख्या तथा आंकड़े सरकार के पास होंगे तो वह उनका उपयोग बजट की मांग, सटीक टीकारण में सुगमता, अस्पतालों, डॉक्टरों की उपलब्धता, चारा,बीज रोग नियंत्रण आदि हेतु योजना बनाकर किसान व पशुपालक भाइयों के विकास एवं लोक कल्याण तेजी आएगी, पशुगणना से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहयोग मिलेगा। केंद्रीय मंत्री बघेल ने बताया कि भारत में पशुधन गणना का एक समृद्ध इतिहास है, जिसकी शुरुआत 1919 में हुई थी। 2019 में संपन्न 20वीं पशुधन गणना के अनुसार, भारत में कुल पशुधन की संख्या 535. 78 मिलियन थी, जिसमें 192.49 मिलियन गायें और 109.85 मिलियन भैंसें शामिल थीं। बकरी की संख्या 148.88 मिलियन और भेड़ों की संख्या 74.26 मिलियन दर्ज की गई थी।वर्तमान में, भारत में 21 वीं पशुधन गणना चल रही है, जो अक्टूबर 2024 में शुरू हुई थी। यह अब तक की सबसे व्यापक और विस्तृत गणना है, जिसमें 88,000 गणनाकार और 15,000 पर्यवेक्षक देशभर के 7.61 लाख गाँवों और शहरी वार्डों में पशुधन गणना कर रहे हैं।उत्तर प्रदेश में ही यह संख्या क्रमशः 10,469 और 1,469 है।

## व्यापारी शिरोमणि दानवीर भामाशाह जी के नाम का चौराहा और उनकी मूर्ति लगवाने के संबंध में ज्ञापन दिया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ समाजसेवी प्रसिद्ध व्यवसायी डॉ श्री हरी मोहन पुरवार जी के सानिध्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में उरई नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री विजय चौधरी जी को उरई नगर के मोनी मंदिर क्षेत्र में दानवीर भामाशाह जी के नाम का चौराहा बनवाने ओर उनकी प्रतिमा लगवाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया।जिस पर उन्होंने संबंधित वार्ड के सभासद श्री अमित गुप्ता लालू को बुला कर ज्ञापन की जानकारी दी और संगठन को आश्वस्त कराया कि उरई नगर पालिका का हर संभव प्रयास रहेगा कि उनके नाम का चौराहा ओर उनकी मूर्ति का अनावरण 29 जून व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर हो जाए। इस अवसर पर जिला संरक्षक श्री ज्ञान सिंह खंगार, जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता,श्री देवेंद्र सेठ जी जिला महामंत्री श्री प्रदीप द्विवेदी जी श्री संजीव सिपोलिया जी जिला महामंत्री संगठन श्री मती रंजना अग्रवाल जी जिला मंत्री श्री उदय करण प्रजापति जी श्री उत्तम सिंह राजावत जी युवा उद्यमी श्री राहुल कनकने जी श्री सुरेश माली जी सभासद श्री सुशील राजपूत जी भाई मुवीन खान एवं अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## किशोरी प्रेमी संग फरार दर्ज हुआ केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र नौसढ़ चौकी अंतर्गत एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी रविवार को सुबह में 10.30 बजे घर से अपने सहेली से मिलने के लिए निकली हुई थी। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। गुजरात का रहने वाला एक युवक से बातचीत करती थी। वह उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने अन्वेष गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एनएचएआई, परिवहन, पुलिस एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय से जिले में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के लिए आपसी समन्वय से समेकित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करें। प्रायः देखने में आता है कि विभागीय अधिकारी उत्तरदायित्व निर्धारण से कतराते हैं, जिस विभाग की जो जिम्मेदारी है वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करे।

डीएम ने पुलिस विभाग को सचेत करते हुए कहा कि ऑनलाइन चालान प्रक्रिया के उपरांत सभी पुलिस वाले फोटोग्राफर बन गए हैं, जागरूकता अभियान की ओर किसी का ध्यान नहीं है। उन्होंने चालान की कार्यवाही के साथ ही जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने समीक्षा के दौरान सारसौल चौराहे से परिवाहन निगम की बसों को बस अड्डे के भीतर से ही संचालित कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन को सुगम यातायात मुहैया हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट बंद कराने के संबंध में एनएचएआई द्वारा बताया गया कि 04 अवैध कट को बंद करा दिया गया है अवशेष कट को बंद कराने का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यों के संबंध में अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी योगेश कुमार ने बताया कि तैवथू व सिंहौर बम्बा पर कार्य प्रगति पर है, रामघाट रोड स्थित बीयर फैक्ट्री व औरेनी दलपतपुर के लिए अभी स्वीकृति नहीं हुई है जबकि गनेशपुर तिराहे के लिए स्वीकृति हो गई है मार्च तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। बौनेर तिराहा पर होर्डिंग के संबंध में बताया गया कि माह मार्च तक अनुबंध है उसके उपरांत हट जाएगा। गौमत चौराहे, अण्डला व अर्राना में सुधारात्मक कार्य करा दिए गए हैं जबकि जट्टारी में बाईपास निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हाईवे या मुख्य मार्ग पर मिलने वाली सड़कों पर झाड़ी कटान, रंबल स्ट्रिप के साथ ही अन्य सुधारात्मक कार्य कराने के साथ ही ग्रामों में समुचित स्थानों पर सड़क सुरक्षा के लिए वॉल राइटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर नो हैलमेट-नो पेट्रोल का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए डीएसओ को पत्र प्रेषित कराने के भी निर्देश दिए। समुचित पेट्रोलिंग न होने के कारण पार्किंग वाहनों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए एनएचएआई को पेट्रोलिंग बढ़ाने और अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों की सूचना तत्काल आरटीओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सितौली मे किए जा रहे नाला खुदाई एवं सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा ग्राम पंचायत सितौली,विकास खंड कमालगंज में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत किये जा रहे नाला खुदाई व सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य की गुडवत्ता मानक के अनुरूप नही पाई गई,जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व कार्य को गुडवत्ता व मानक के अनुरूप कराने के लिये खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डी0सी0मनरेगा, खंड विकास अधिकारी कमालगंज व संबंधित मौजूद रहे।

## राजकीय कृषि बीज भंडार पर पीएम सम्मान निधि सजीव प्रसारण को दिखाया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद मे केबी के जाजपुर बंजारा मोहमदाबाद एवं सभी विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार पर मा प्रधानमंत्री जी द्वारा पी एम सम्मान निधि की 19वी किस्त देश के किसानो को जारी की जा रही है। सजीव प्रसारण सभी जगह दिखाया जा रहा है। जनपद मे अबतक 689 करोड़ किसानो को दिया जा चुका है। आज 262000किसानो को जनपद मे 29वी किस्त जारी हो रही है. मा सांसद जी के वी के पर प्रसारण के मौके पर उपस्थित रहे।

## मोबाइल नकदी लेकर दोस्त हुआ फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने वाला एक युवक अपने दोस्त के साथ नमक हरामी करते हुए उसके पास रखा नकदी,मोबाइल चुराकर फरार हो गया। और मोबाइल से धन भी ट्रांसफर कर लिया है। पीड़ित ने गीडा थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। मिली जानकारी से मकसूदन चौहान पुत्र लगन चौहान निवासी खेजुरी थाना खुनसरा जिला बलिया जो सूर्यकुण्ड गोरखपुर में किराए के मकान में रहता था। जिला सिद्धार्थनगर निवासी एक युवक भी इसी के साथ रहता था। और दोनो गीडा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। 6 फरवरी को दोस्त फैक्ट्री से रखे पीड़ित के जेब से 10 हजार नकद और मोबाइल चुरा कर फरार हो गया। साथ रहते ही वह गूगल नंबर का कोड भी जान गया था। उससे भी 9 हजार से अधिक रुपया निकाल लिया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ चौकी पिपरौली पर तहरीर दिया है। पुलिस मामले की8 जांच कर रही है।

# डीएम व एसपी ने बोर्ड परीक्षा केंद्रो का किया निरीक्षण



दानिश मेहदी

**अंबेडकरनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथा बी0एन0 इंटर कॉलेज अकबरपुर, जी0के0जेटली इंटर कालेज आदि में प्रथम पाली में संचालित हाईस्कूल के परीक्षा के केंद्रों का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान समस्त परीक्षा केंद्रों के एक एक कक्ष का किया निरीक्षण। ड्यूटी पर लगाए गए कक्ष निरीक्षकों, सेक्टर, स्टैटिक एवं जोनल मजिस्ट्रेट सहित पुलिस के जवानों को परीक्षा को नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के संबंध में दिए कड़े दिशा निर्देश। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी कक्ष निरीक्षकों एवं केंद्र व्यवस्थापकों एवं मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी । किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेट एवं सचल दलों को निरंतर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

## डीएम-एसएसपी ने खेरेश्वर धाम पहुँच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्राचीन मन्दिर खेरेश्वर धाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर प्रबन्धक को पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सहयोग करने के भी निर्देश दिये। विदित रहे कि लाखों भक्तगणों की आस्था वाले प्राचीन मन्दिर खेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु जल व दुग्धाभिषेक करते हैं। अधिकारी द्वय ने मन्दिर प्रबंधक, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल एवं दुग्धाभिषेक के लिये वैरीकेडिंग, साफ-सफाई, सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। हिन्दू पंचांग के अनुसार 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि त्योहार मनाया जा रहा है।

डीएम ने जलाभिषेक कार्यक्रम को सकुशल ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिये परम्परागत तरीके से सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। मन्दिर प्रबंधक ने डीएम-एसएसपी को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक सहयोग से सभी प्रकार की व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएंगी।

## उप्र का पीडीए समाजवादी पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है : इजहार खान




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 24 फरवरी को कायमगंज विधानसभा के अंतर्गत ज्योना सेक्टर के बूथ संख्या 407 में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक अजीत कठेरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजीत कठेरिया ने कहा की उत्तर प्रदेश में पीडीए का एक बहुत बड़ा धड़ा भारतीय जनता पार्टी से अत्यंत नाराज है और आज अगर हमने विश्वास के साथ पीडीए का हाथ थाम लिया है, तो आने वाले समय में पीडीए समाज बढ़-चढ़कर समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करेगा। इस मौके पर उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों को वहां मौजूद किसानों और नौजवानों के बीच विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर संगठन प्रभारी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष मोहम्मद इजहार खान ने कहां कि उत्तर प्रदेश मे पिछड़ा दलित और मुसलमान समाजवादी पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती के साथ खड़ा है, इस मौके पर पुष्पेंद्र यादव सीटू,महेश जाटव, इंद्रेश यादव, पप्पू कठेरिया, श्रीपाल कठेरिया, हजूरी सिंह कठेरिया, बबलू प्रधान, संजीव कठेरिया, मुकेश कठेरिया, बंटी कठेरिया ,पप्पू कठेरिया ,राम लड़ते कठेरिया, सुरेंद्र प्रधान, अजय कठेरिया नगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शमशाबाद आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार धार्मिक मुद्दों को जानबूझकर आगे बढ़ा रही है: सर्वेश आंबेडकर

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के द्वारा चलाए गए पीडीए जन जागरण चौपाल में हर विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर, बूथ स्तर पर चर्चा चौपाले लगाई जा रही है। जिसमें कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, और आगे ये क्रम लगातार जारी है विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे।

प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर के द्वारा आज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवाबगंज के बबना तिराहा पर, सलेमपुर दूंदेमई, लहरा, में संविधान एवं लोकतंत्र बचाने के लिए चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विधानसभा प्रभारी सर्वेश आंबेडकर ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया, और कहा कि भाजपा धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उसकी उपलब्धियाँ नगण्य हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विवादित मुद्दों को उछालकर प्रदेश का माहौल खराब किया जा रहा है।

भाजपा सरकार बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों का सम्मान करने का ढोंग रच रही थी, जो अब पूर्णतः विफल हो चुका है, जनता जान चुकी है कि भाजपा बगल में छुरी छिपाकर संविधान का कत्ल करने वाली पार्टी है, इसी क्रम में प्रदेश सचिव शिक्षक सभा प्रभात यादव, प्रो.ब्रजेश वर्मा, ज़िला अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी अमन सूर्यवंशी ने देश की मिट्टी में सबका खून शामिल होने की बात कही, साजिद अली खान ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, शिक्षक सभा के ज़िला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने भी विचार व्यक्त किए, इसी के साथ बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक आंबेडकर, नगर अध्यक्ष अरविंद यादव, अतुल यादव प्रधान लहरा, रामपाल सिंह प्रधान चौरा, डा फाजिल खान, अनुरुद्ध यादव, साहब खान, अनुज यादव, विकास कुमार दीपू, डॉ सुबोध यादव, अभिषेक हरदुआ आदि लोग शामिल रहे।

# त्यौहार आते ही खाद्य सुरक्षा के नाम पर उत्पीड़न का खेल शुरू

**विभाग की जद में सिर्फ छोटे और मझोले कारोबारी**

मनव्वर रिज़्वी

**गोरखपुर।** होली का पर्व निकट आते ही एक विभाग की सक्रियता अचानक से बढ़ गई है। साल भर कुम्भकर्ण की नींद सोने वाला विभाग पर्व एंव त्यौहार निकट आते ही अचानक से सक्रिय हो जाता है। कहना गलत नही है कि विभाग की नज़र में पूरे साल जिले भर में भले ही रामराज कायम रहता हो लेकिन ऐन पर्व से पहले इन्हें मिलावट और नकली खाद्य पदार्थों के सपने आने शुरू हो जाते हैं। बात करें नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों की तो पूरे बाज़ार ऐसे सामानों से पटे पड़े हैं। दिल्ली गाजियाबाद वाया कानपुर लखनऊ होते हुए रोज़ सैकड़ों बसें गोरखपुर की सरहद से गुजरती हैं जिनके जरिये नकली और मिलावटी खाद्य शहर में तेज़ी से आ रहे हैं इसके अलावा ट्रांसपोर्ट या रेलवे के ज़रिये भी भारी मात्रा में हानिकारक समान की सप्लाई जारी है और खाद्य सुरक्षा विभाग छुटपुट कार्यवाही करके खानापूर्ति कर ले रहा है और कार्यवाही के नाम पर बस छोटे और मझले व्यापरियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। पिछले दिनों असिस्टेंट फूड कमिश्नर डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ से प्राप्त निर्देशों का हवाला देते हुए बताया था कि चार ब्रांडेड कंपनी के प्रोडक्ट जिसमें आपके फूड इंडस्ट्रीज राधा नगर मुगल रोड आगरा से हींग प्रोडक्ट को अनसेफ पाया गया है, राहुल ब्रांड शाहजहांपुर का हल्दी पाउडर, हंस ब्रांड मऊ का घी, बिंद फ़ूड इंडस्ट्रीज का शाही मंसूर नमकीन को अनसेफ पाया गया है इस बैच के जितने भी प्रोडक्ट बाजार में उपलब्ध है उन पर बैन लगाया गया है दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है कि वह इस बैच के प्रोडक्ट को ना बेचे, सूचना देने के बाद भी अगर कोई इन प्रोडक्ट को बेचता दे पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल ये उठता है कि आखिर इन समानों के स्टॉकिस्टों और डीलरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने क्या कार्यवाही किया या कितने गोदाम सील किये।

# प्राचीन भूरेश्वर मंदिर का डीएम और एसपी ने लिया जायजा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन में जिला अधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार ने भूरेश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया। मंदिर के चारों ओर घूम कर जायजा लिया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार नायक उर्फ मनीष नायक को समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में आदेशित किया। मंदिर के चारों ओर जो मेला लगा हुआ है,उसमें किसी भी प्रकार की कोई गंदगी ना हो। गलियां साफ-सुथरी रखी जाए।यह ग्राम सभा से करवाना है। अधिकारियों ने राजा दीवान प्रद्युमन सिंह जूदेव के साथ मंदिर के चारों ओर घूम कर व्यवस्थाओं को परखा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने राजा प्रद्युमन सिंह जूदेव से मंदिर की खासियतों के बारे में पूछा। जिन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के रात में शिवलिंग एक चावल के बराबर बढ़ता है।जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए व महिलाओं के लिए अलग से रास्ता होना चाहिए। पुरुषों के लिए अलग से रास्ता हो जो लोधेश्वर से कामरतीयआते हैं। कामर लेकर उनको कोई परेशानी ना हो और मंदिर में जाने के लिए उनको अलग से दरवाजे की व्यवस्था होनी चाहिए। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह को निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि के दिन सराबन आने वाले रास्ते बिल्कुल खाली रहेंगे।

## नवागंतुक कोतवाल अजीत सिंह ने जालौन कोतवाली का पदभार किया ग्रहण

**उरई (जालौन)।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदतन अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह बात नवागंतुक कोतवाल अजीत सिंह ने कोतवाली में कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। एसपी ने कोतवाल वीरेंद्र पटेल को स्थानांतरित कर पुलिस लाइन भेजा है। जबकि उनके स्थान पर अजीत सिंह को जालौन कोतवाल बनाकर भेजा गया है। कोतवाली में कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से वार्ता करते हुए नवागंतुक कोतवाल अजीत सिंह ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महिलाओं के प्रति अपराधों को गंभीरता से लेकर उनका तत्काल निराकरण कराया जाएगा। कोतवाली क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अराजकता फैलाने वाले और शांतिभंग का प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही आदतन अपराधियों के खिलाफ भी कडी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज जनपद निवासी अजीत सिंह ने बताया कि इससे पूर्व वह झांसी जनपद में भी सेवाएं दे चुके हैं।

## सूचना

न्यायालय सिविल जज, सीडी, सहारनपुर वाद संख्या 946 सन् 2023 .1- शक्ति सिंह आयु 61 वर्ष पुत्र स्व. कर्ण सिंह निवासी न्यू साकेत कालौनी सहारनपुर 2- प्रियंका पत्नि शक्ति सिंह निवासी न्यू शाकेत कालौनी, सहारनपुर...वादीगण...(बनाम) 1- सक्षम चौहान पुत्र शक्ति सिंह निवासी ग्राम फन्दपुरी, परगना सरसावा, तहसील नकुड जिला सहारनपुर 2-आम जनता विपक्षी ...हरगाह वादी ने आपके खिलाफ एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दिनांक 27.2.2025 को दिन के दस बजे मेरे न्याय. में हाज़िर हो कर जवाब अपना पेश करें उसी रोज अपने जुमला गवाह व तमाम दस्तावेज जो भी आप जवाब की ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा मेरे हस्ताक्षर एवं न्याय. की मुद्रा सहित 24.2.25 को जारी किया गया।

आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **ई-निविदा सूचना सं.:** 1159–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 21.02.2025 |
| 2 | **कार्य का नाम:** 02 वर्षों के लिए SSE/AC-SP/LKO के अधिकार क्षेत्र के तहत 1/1.5/2.0 टन क्षमता के विंडो/स्पिलट ए.सी. प्लांट/3.0 टन तक के कैसेट ए.सी. और विभिन्न क्षमता के वॉटर कूलर का रिपेयर/रिहैबिलिटेशन। |
| 3 | **अनुमानित लागत:** रु. Rs. 94,75,915/- (चौरानवें लाख पचहत्तर हज़ार नौ सौ पन्द्रह रूपये केवल) |
| 4 | **बयाना राशि:** रु. Rs. 1,89,600/- (एक लाख उन्यासी हज़ार छः सौ रूपये केवल) |
| 5 | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह |
| 6 | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 17.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7 | **प्रस्ताव की वैद्यता:** ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट:** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 21.02.2025 606/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सूचना

वाजिद पुत्र हबीब नि0 म0 न032, मौहल्ला हरिजनान कस्बा सरसावा देहात, तह0 नकुड ज़िला सहारनपुर ने गलत संगत एवं आचरण के कारण अपने पुत्र मोबीन व उसकी पत्नि मुस्कान नि0 मौ0 हरिजनान कस्बा व थाना सरसावा,सहारनपुर से सदा के लिए अपने कुल सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में मैं व मेरा परिवार व रिश्तेदार उक्त दोनों के किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगें। सूचना द्वारा वाजिद

# देवरिया के विशाल का महाकुंभ में हुआ सम्मान

**सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए मिला सम्मान**

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** लार नगर पंचायत के कोइरी टोला वार्ड निवासी साहू विशाल कुमार गुप्ता को महाकुंभ, इलाहाबाद में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कैम्प कार्यालय में सम्मानित किया गया। यह सम्मान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए दी गई। बताते चले कि महाकुंभ में भी विशाल ने अपनी सेवाएं दी है। महाकुंभ में आपात काल के समय इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वालेंटियर्स ने अपनी अहम भूमिका निभाई हैं। विशाल एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, देवरिया से जुड़कर सामाजिक कार्यों में अपनी सेवा भी दे रहे हैं। क्षेत्र में सामाजिक व जनजागरण के मुद्दों को लेकर हमेशा मुखर रहते हैं। इन्होंने स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता, पौधरोपण, जल संरक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, रक्तदान, खेलकूद, गोरैया संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा आपदा प्रबंधन की जागरूकता अभियान आदि से जुड़े आयोजित कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। उधर विशाल को सम्मानित किये जाने की सूचना मिलने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल हैं। लोगों ने उन्हें बधाई दी हैं। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, हिमांशु सिंह, शिक्षक शिशिर राय, अधिवक्ता प्रियेश नाथ त्रिपाठी, शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे। राज्यपाल व मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किये जा चुके हैं। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर लखनऊ में लार के साहू विशाल कुमार गुप्ता को युवाओं का सर्वोच्च पुरस्कार विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया। जो कि देवरिया के इतिहास में पहली बार यह अवार्ड विशाल को मिला।

**पहले भी कई अवार्डों से हैं नवाजे जा चुके हैं विशाल-** सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशाल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं की सर्वोच्च पुरस्कार विवेकानंद यूथ अवार्ड, स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय लोकमत अवार्ड, काशी आइकॉन अवार्ड, रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान, समाज रत्न सम्मान, प्राइड ऑफ यंग हिंदुस्तान अवार्ड सहित कई अन्य अवार्डों से सम्मानित किये जा चुके हैं।

## शिव महापुराण की कथा माता शीतला देवी प्रांगण में

**मैनपुरी।** आज कथा का तृतीय दिवस है, वृंदावन से पधारे तुलसी तपोवन गौशाला से आचार्य कौशिक जी ने कथा का शुभारंभ ओम नमः शिवाय मंत्र से शुरू किया और महाराज जी ने भोलेनाथ के रुद्राक्ष के बारे में बताया की रुद्राक्ष का क्या महत्व है, तीन मुखी रुद्राक्ष से विद्या प्राप्त होती है और पंचमुखी रुद्राक्ष से असाध्याय बीमारियों को दूर किया जाता है 6 मुखी रुद्राक्ष से धन की प्राप्ति होती है और यह रुद्राक्ष बच्चों को बच्चों के पहनने से विद्या की प्राप्ति होती है, सात मुखी रुद्राक्ष से व्यवसाय में उन्नति होती है और व्यवसाय कारोबार बढ़ता है, आठ मुखी रुद्राक्ष व्यक्ति की आयु की वृद्धि करता है और 9 मुखी रुद्राक्ष नवदुर्गो में पूजन योग किया जाता है उसका पूरा लाभ देता है, 10 मुखी रुद्राक्ष से भगवान नारायण की पूजा का फल प्राप्त होता है 11 मुखी रुद्राक्ष पहनने से विजय प्राप्त होती है, 12 मुखी रुद्राक्ष धारण करने से बुद्धि शुद्ध रहती है और सम्मान प्राप्त होता है, तेरे मुखी रुद्राक्ष नारियों के पति की उम्र बढ़ाता है, सिद्धि को प्राप्त करता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-पड़रक्ष वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पड़रक्ष विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 07/03/2025 को 3 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 400000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

नोट- निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत- पड़रक्ष, चोपन-सोनभद्र

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 25 फरवरी 2025



## नवजात की मौत के पांच दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# प्रसव के दौरान हुई थी नवजात की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। सीएचसी सोहावल में 19 फरवरी को हुई नवजात की मौत के मामले में जहां पांच दिन बीतने के बाद भी सीएमओ की ओर से , लापरवाही के चलते नवजात की मौत का किसी को भी अब तक जिम्मेदार ठहरा कर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है, नही नवजात की मौत को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। सीएचसी सोहावल पर 19 फरवरी को प्रसव के लिए भर्ती कराई गई विकास खण्ड अमानीगंज के किठावां गांव निवासी मोनी पत्नी अरुण कुमार के नवजात की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनो ने सीएचसी की स्टाफ नर्स पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। अरुण कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी मोनी देवी को प्रातः लगभग चार बजे प्रसव पीड़ा हुई थी। हमारी सूचना पर प्रातः साढ़े चार बजे एम्बुलेंस हमारे घर पहुंची थी। एम्बुलेंस ने साढ़े पांच बजे मोनी को सीएचसी सोहावल पहुंचा दिया था। वहां काफी देर तक कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। मेरी पत्नी को सात बजे भर्ती दिखाया गया। उसने यह भी बताया थोड़ी देर बाद बच्चा होने की जानकारी देते हुए स्टाफ ने बताया कि बच्चे को जिला लेकर जाना होगा वह सीरियस है। बच्चे की सीएचसी पर ही मौत हो गई थी फिर भी जिले तक एम्बुलेंस से लगभग आठ बजे भेजा गया। अरुण का कहना है कि मेरे पास 12 फरवरी को करायी गई अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट थी। जिसमें बच्चा मां के पेट में उल्टा होना बताया गया था। मैनें यह बात स्टाफ को बताई थी। फिर भी जांच रिपोर्ट की अनदेखी कर जबरदस्ती प्रसव करा दिया गया।

**प्रसव के दौरान हुई शिशु की मौत को लेकर उठ रहे सवाल**

मोनी के नवजात की मौत को लेकर कई स्वाल उठ रहे हैं। सवाल यह कि जब साढ़े पांच बजे प्रसव पीड़िता अस्पताल पहुँच गई थी तो स्टाफ कहाँ था? उसे भर्ती पर्चे में सात बजे भर्ती किया जाना क्यों दर्शाया गया। प्रसव के दौरान महिला चिकित्सक क्यों नहीं मौजूद थी? जब स्टाफ नर्स को एक सप्ताह पूर्व की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट की जानकारी दे दी गई थी। उसने रिपोर्ट देखी भी थी तो प्रसव पीड़िता को जिला महिला अस्पताल क्यों नहीं रिफर किया? यदि समय से प्रसव पीड़िता को जिला पहुंचा दिया गया होता तो नवजात की मौत को टाला जा सकता था। एक सवाल यह भी है कि प्रसव के समय सीएचसी पर तैनात महिला चिकित्सक भी मौजूद नहीं थी। आखिर वे अधिकांश सीएचसी पर मौजूद नहीं रहतीं। स्टाफ नर्स को ही प्रसव कराना पड़ता है।

**क्या कहते हैं सीएमओ**

अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि मीडिया की खबरों को सज्ञान में लेकर जांच के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# कुमारगंज सीएचसी के डॉ0 अरविंद मौर्य के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

## सीएमओ ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर मांगी तीन दिन में रिपोर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। बीजेपी नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत पर 100 शैय्या अस्पताल, कुमारगंज में तैनात डॉ. अरविंद मौर्या के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों की खबर मीडिया और समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है, जिसे तीन दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

सीएमओ द्वारा गठित इस जांच कमेटी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता के साथ दो अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों को शामिल किया गया है। यह सदस्य निम्नलिखित हैं-

1. डॉ. राममणि शुक्ला - जिला कुष्ठ रोग अधिकारी
2. डॉ. वेद प्रकाश त्रिपाठी - डिप्टी सीएमओ

कमेटी को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी पहलुओं की गहन जांच करें और तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

भ्रष्टाचार के आरोप और शिकायत का आधार

बीजेपी नेता डॉ. रजनीश सिंह ने डॉ. अरविंद मौर्या पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। आरोप है कि डॉ. मौर्या ने अस्पताल में अनियमितताएं की हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिकायत के बाद यह मामला मीडिया और समाचार पत्रों की सुर्खियों में आ गया, जिसके चलते सीएमओ को तत्काल संज्ञान लेना पड़ा।

आगे की कार्रवाई

जांच कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सीएमओ आगे की कार्रवाई तय करेंगे। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो विभागीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम से सरकारी अस्पतालों में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत संदेश जाएगा।

### सड़क हादसाः एसयूवी ने ट्रैवलर मारी टक्कर में 12 घायल

अयोध्या। सोमवार भोर में करीब 5~30 बजे पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर अरुवावां गांव के सामने एक तेज रफ्तार एसयूवी ने यात्रियों से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेवलर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में सात महिलाओं समेत कुल 12 लोग घायल हो गए। सभी घायल कर्नाटक के निवासी थे और वे प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने के बाद अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे।

थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, हादसा ट्रेवलर के चालक नरसिंम ला की नींद में लाने के कारण हुआ। ट्रेवलर एसयूवी से टकराकर पलट गई। घायलों में एसयूवी सवार संगीता दुबे पत्नी वीरेन्द्र दुबे निवासी भावापुर, थाना कोतवाली बीकापुर अयोध्या के अलावा ट्रेवलर में सवार राहुल, शारदा, नागम्मा, महादेवी, एरम्मा, सिदम्मा, सत्यमा, नीलमा, बाबू, राणी और चालक नरसिंम ला भी शामिल हैं।

### छात्र-छात्राओं के एकल गायन, ग्रुप गायन, शेरों-शायरी, कविता पाठ ने श्रोताओं को किया मंत्र मुग्ध

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा-निर्देश में स्वामी विवेकानन्द सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रिया चैरसिया ने सत्यम शिवम सुंदरम एवं अभिषेक श्रीवास्तव ने गणेश वन्दना के एकल गायन सभागार में श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं छात्र-छात्राओं के एकल गायन, ग्रुप गायन, शेरोशायरी, कविता पाठ जनश्रोताओं द्वारा सराहे गए एवं पूरा सभागार तालियों की आवाज से गूज उठे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर, राजा मोहन पीजी कालेज, साकेत पीजी कालेज, झुनझुन पीजी कॉलेज व गुरुनानक पीजी कालेज के छात्र-छात्राओं ने बढचढ कर सहभागिता दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्विनी पांडेय ने कहा कि छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कमी नही है। इन्हें विश्वविद्यालय मंच प्रदान कर रहा है। निश्चित ही अपने कौशल के बल विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र छात्राओं की प्रतिभा का विकास होता है।

### किसान सम्मान निधि की 19 किश्त का पहुँची, खुशी

मसौली बाराबंकी। ब्लाक सभागार मे आयोजित किसान सम्मान समारोह में भागलपुर बिहार मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते मे जारी की गयी किसान सम्मान निधि की 19 वी किस्त का प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ प्राविधिक सहायक दीक्षा मिश्रा ने मौजूद किसानो से कहा कि किसानों के हित के लिए चलाई गयी यह योजना बहुत ही लाभकारी है किसान पहले खेती के लिए साहूकारो से कर्ज लेकर खेती करते थे लेकिन जब से किसानों के लिए यह योजना चालु की गयी तब से किसानों के चेहरों पर मुस्कान है। सहायक विकास अधिकारी कृषि विजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया ने कहा कि आज प्रधानमंत्री द्वारा किसानो के खातो मे दो दो हजार की धनराशि भेज कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री के भाषण का प्रसारण दिखया गया। इस मौके पर कृषि सहायक अजय गुप्ता, कुलदीप पटेल अनिल यादव सहित कृषक मौजूद रहे।

### सीमावर्ती क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक हुई बोर्ड परीक्षा

निचलौल (महराजगंज)। ठूठीबारी कस्बे के राधा कुमारी इंटर कालेज में प्रथम पाली में हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न कराया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य रविकांत जाटव ने बताया कि प्रथम पाली में हाई स्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा थी। जिसमें 257 छात्र छात्राओं ने सम्मिलित होना था। जिसमें 13 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरे पाली में इंटरमीडिएट सामान्य हिन्दी की परीक्षा में 292 छात्र छात्राओं सम्मिलित होना था। जिसमे कुल नौ छात्र छात्राएं अनुपस्थित रही। वहीं राजकीय इंटर कालेज नौनिया में हाइवस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा बेहतर तरीके संपन्न कराया गया। कलेजबके प्रधानाचार्य अनूप सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में हाई स्कूल की हिंदी की परीक्षा हुई। जिसमे कुल 352 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। जिसमें 17 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरे पाली इंटर मीडिएट हिंदी की परीक्षा में 288 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। जिसमे 20 छात्र अनुपस्थित रहे। इस मौके पर नकल विहिन परीक्षा कराने को लेकर प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह मय हमराह सभी परीक्षा केंद्रों पर पेट्रोलिंग करते दिखाई दिए। केंद्रों पर परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही।

# कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान पर साधा निशाना

*अवधनामा संवाददाता*

बरेली। उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को बरेली में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि अब प्रदेश में बाढ़ विनाशकारी नहीं, बल्कि लाभदायक साबित होगी। सरकार ने एक नई योजना के तहत बाढ़ के पानी को नहरों में डालकर सिंचाई के लिए उपयोग करने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई अहम प्रावधान किए हैं। इस बजट का कुल आकार 8,08,736.06 करोड़ रखा गया है, जिसमें राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने पूर्व



मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में बड़ी सिंचाई नहर परियोजना शुरू की गई है, जो पूर्वांचल के किसानों के लिए फायदेमंद होगी। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ÷उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक रही है, इसलिए वह ऐसे बयान दे रहे हैं।÷

प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं के विकास के लिए 2,000 करोड़ का बजट तय किया गया है। स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के लिए 300 करोड़ की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत 50,000 मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी प्रदान की जाएगी। इसके लिए सरकार ने 400 करोड़ का बजट आवंटित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धन परिवारों की पहचान की जाएगी। इन परिवारों को सरकार द्वारा 1,25,000 तक की वार्षिक आय से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बजट चर्चा के दौरान मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 का बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जिसमें महिलाओं, युवाओं और किसानों समेत समाज के सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है।

सभी जिलों में प्राकृतिक खेती शुरू करने की घोषणा की गई है। गोवंश संरक्षण के लिए 2,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। निराश्रित गोवंश की पहचान के लिए ईयर टैगिंग की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। 7713 गांवों के गो-आश्रय स्थलों में 12.50 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित किए जाएंगे। गोवंश की सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट लगाने की योजना है।

### पूर्व मंत्री व महानगर ने अयोध्या की अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन और महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने अयोध्या क्षेत्र की अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अयोध्या में बढ़ती समस्याओं और प्रशासन की नाकामी के बारे में गंभीर चिंता जताई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन अयोध्या में छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। पुलिस प्रशासन सुरक्षा के नाम पर छात्रों और आम जनता को अपमानित कर रहा है। इसके साथ ही, अयोध्या में बीमार लोगों को अस्पताल तक ले जाने में भी समस्या हो रही है, और हाल ही में एक भाजपा नेता और सेवानिवृत प्रोफेसर की अस्पताल न पहुंच पाने के कारण मृत्यु हो गई।उन्होंने कहा कि मैरिज लॉन बुक कर चुके लोग भी प्रशासन की नीतियों से परेशान हैं, क्योंकि वे अपने परिवार के लोगों को बुला नहीं पा रहे हैं। अयोध्या में बैरिकेडिंग के कारण आम लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, जिससे जनता में गुस्सा है। लोग दवाइयां लेने और अस्पताल जाने में भी असमर्थ हैं।महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे अयोध्या क्षेत्र के लोग परेशान हैं, खासकर छात्र अभिभावक, जो सोच रहे हैं कि उनके बच्चे परीक्षा केंद्र तक कैसे पहुंचेंगे।

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के साफ-सफाई और पेयजल को लेकर ईओ ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। नगर पंचायत सिद्धौर के सिद्धेश्वर वार्ड स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग पर जलाभिषेक व हवन पूजन साथ उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर ईओ सिद्धौर ने सोमवार को निरीक्षण किया गया। यहां पर साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव व शुद्ध पेयजल व रंग रोगन कार्य आदि का जायजा लिया। प्राचीन व ऐतिहासिक है सिद्धेश्वर महादेव मंदिर~ महंत अनिल पुरी व मंदिर शिलालेख मुताबिक द्वापर युगीन महाभारत ग्रंथ में वर्णित बनवास काल में पांडव द्वारा स्थापित यह शिवलिंग है। जो नगर पंचायत सिद्धौर के सिद्धौर जैदपुर मार्ग स्थित सिद्धेश्वर वार्ड में स्थित है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं की द्वारा जलाभिषेक करने का अनुमान है। क्योंकि बीते वर्षों में उमड़ी भीड़ से व्यवस्थाओं को चाक चौबंध की जा रही है। जलाभिषेक को लेकर बल्ली लगाकर का रस्सी बांधकर पर बैंकिंग की व्यवस्था की जाती थी।

# सांसद तनुज ने महादेवा जा रहे कावड़ियों को फल वितरण किया

*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। प्रदेश व देश के कोने कोने से जनपद बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव में हजारों की तादाद में प्रतिदिन कांवड़ियों का आवागमन, जों श्रद्धालुगण शिव जी की कांवर लेकर लोधेश्वर महादेव के यहां जा रहे हैं उन्हें पूर्व सासंद डॉ. पी0एल0 पुनिया ने आज, दूसरे दिन फल वितरण का कैम्प लगाकर जिला कांग्रेस कमेटी के साथ फल एवं जल वितरण किया। आस्था का प्रतीक एवं कौमी एकता की पहचान ही जनपद बाराबंकी की एक अलग पहचान होती है। बाराबंकी संसदीय क्षेत्र में प्रदेश व देश के कोने-कोने से कांवर लेकर जा कांवड़ियो को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाये एवं उन्हें फल पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकें साथ ही मेरा यह प्रयास रहेगा कि महाशिवरात्री की रात्रि तक यह सुविधा निरन्तर चलती रहें। सांसद



तनुज पुनिया हजारों लाखों कांवड़ियों की श्रद्धा को नमन करते उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उनकी मनोकामना पूरी करने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन जी अपनी पूरी जिला कांग्रेस कमेटी के साथ फल एवं पानी वितरण के आयोजन में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ इन श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुये हैं। फल वितरण के आयोजन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष के0सी0 श्रीवास्तव जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजीत वर्मा, युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय रावत, पिन्टू यादव, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा उर्फ फोटोवाला, इरफान कुरैशी, मोनू सिंह, आनन्द प्रताप रावत, गोपी कनौजिया, मोईनुद्दीन अंसारी, श्रीकान्त मिश्रा, धनन्जय सिंह, विजयपाल गौतम, कमल भल्ला, आदि लोग दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### किसान सम्मन निधि की 19वीं किस्त को लेकर हुआ कार्यक्रम

बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर परिसर स्थित स्व. चंद्रमौली सभागार कक्ष में सोमवार को किसान सम्मन निधि की 19वीं में किस्तों को लेकर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया?। इसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत द्वारा की गई। ब्लॉक सभागार में लगी एलसीडी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उद्बोधन को सुना गया। किसान सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान निधि योजना अंतर्गत 19 वीं किस्त का प्रेषण भी किया। अंत में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों, किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का बखान किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में किसानों को आय दुगनी किए जाने का सपना को साकार करने के लिए गौशालयों को अतिरिक्त बजट दिया है।

## फॉर्मर रजिस्ट्री पर प्रशासन सख्त, चार लेखपालों का वेतन रुका




महराजगंज। जनपद में फॉर्मर रजिस्ट्री में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का निर्देश दिया है।लापरवाही में 4 लेखपालों बलराम, फेकू प्रसाद, दीपचंद और अंकित कुमार का वेतन रोकने का निर्देश संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा दिया गया है। इसके अलावा स्थलीय निरीक्षणों में रुचि न लेने और बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी फॉर्मर रजिस्ट्री में रुचि न लेने के कारण चारों तहसीलों के कुल 13 सीएससी की आईडी को बंद करने का आदेश दिया गया है। इसी प्रकार उपनिदेशक कृषि द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री में शून्य प्रगति वाले दो एटीएम विनोद कुमार, मिठौरा और मनोज कुमार, फरेंदा का 10 दिन का मानदेय रोकने का आदेश जारी किया गया है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि कि फॉर्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का लाभ प्राप्त होगा। अबतक लगभग 05 लाख 29 हजार किसानों के सापेक्ष लगभग 02 लाख 04 हजार किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री सम्पन्न हुआ है। निचलौल तहसील में 48.55 प्रतिशत, महराजगंज में 41.65 प्रतिशत, फरेंदा में 36.77 प्रतिशत और नौतनवा में 23.58 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूरा हुआ है।

## मारपीट व जानमाल की धमकी, केस दर्ज

निचलौल (महराजगंज)। ठूठीबारी कस्बे के एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर दिवाल गिराने का विरोध करने पर मारपीट व जानमाल की धमकी देने का का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित

ठूठीबारी कस्बा निवासी मनोज कुमार कसौधन ने तहरीर में बताया कि मैं अपने मकान का निर्माण करा रहा था। 21 फरवरी को समय करीब सात बजे शाम को घर के पड़ोसी कपरौली थाना निचलौल द्वारा लाठी डण्डा के साथ मौके पहुंच दिवाल गिरा दिये। विरोध करने पर नाराज होकर भ?द्दी भद्दी गाली गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी देने लगे। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित धारा में केस दर्ज करवाई कि जा रही है।

# मिल कर्मियों ने मांगो को लेकर भरी हुंकार, विरोध प्रदर्शन

## वेतन बढ़ोत्तरी न लगने व पीएफ कटने के बाद भी जमा न करने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

ठूठीबारी(महराजगंज)। गड़ौरा चीनी मिल कर्मचारियों ने सोमवार को सुबह आठ बजे से मिल गेट पर



मांगो के समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया शुरू किया। कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन से अफरा तफरी का माहौल हो गया। करीब साढ़े बारह बजे यूनिट हेड विजय पाल सिंह के मान मनौवल व लिखित आश्वाशन के बाद मिल कर्मचारी संतुष्ट होकर काम पर वापस लौटे, जब जाकर मिल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। पूर्वांचल चीनी मिल मजदूर यूनियन गड़ौरा मिल शाखा के अध्यक्ष डा. नवल किशोर मिश्र ने बताया कि समस्या के समाधान पर मिल प्रबंधन द्वारा वेज बोर्ड के नियमों की अनदेखी की जा रही है। वेज बोर्ड अंतर्गत तैनात स्टोर क्लर्क महिला सरिता सिंह को काम से निकाल दिया गया है जिसको तत्काल काम वापस बुलाया जाय। वर्ष 2018 से एरियर के भुगतान, पीएफ सहित ओवरटाइम के भुगतान में हीलाहवाली की जा रही है। जहां कि पीएफ कटौती के हर माह जमा कराने, बिना कारण नोटिस दिए किसी कर्मचारी को काम से ना निकलने सहित अन्य कई मांगो को लेकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि इसके लिए मिल प्रबंधन को चार बार नोटिस दिया जा चुका है। बावजूद अभी तक मिल प्रबंधन द्वारा लेटलतीफ किया जा रहा है। घटना की सूचना पर पहुंचे यूनिट हेड विजय पाल सिंह ने प्रदर्शन कर रहेपूर्वांचल चीनी मजदूर यूनियन के कर्मचारियों से मिलकर वार्ता की। वहीं मजदूरों समस्याओ से अवगत होकर मिल मालिक जवाहर जायसवाल से राय सुमारी के बाद मिल मालिक की सहमति पर लिखित आश्वाशन के बाद करीब साढ़े बारह बजे विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

## कावड़ियों के लिये पंचायत अधिकारियों ने मार्ग की साफ सफाई करवाया



*अवधनामा संवाददाता*

मसौली बाराबंकी। आगामी 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के मौक़े पर लोधेश्वर महादेवा जाने कावड़ियों को कोई दिक्क़त न हो जिसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी नितीश भोंडले व खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर एडीओ पंचायत जानकीराम ने गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्जनों सफाईकर्मियों को लगाकर सड़क को साफ कराया। बताते चले कि बीते एक सप्ताह से अधिक समय से उन्नाव, कानपुर, उराई, मोहबा, झाँसी, हमीरपुर आदि जनपदो से हजारों भक्त गंगा से जल लाकर लोधेश्वर महादेवा मे जल चढ़ाने के लिए कावड़ लेकर पैदल जा रहे है सड़क के किनारे लगी झाड़ियों एव सड़क पर पड़े कंकड़ों से होने वाली दिक्क़तो को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी नितीश भोंडले, खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम ने तीन दर्जन से अधिक सफाईकर्मियों के साथ हाइवे पर झाडू लगवाकर सफाई कार्य करवाया गया।

# निर्माणाधीन मीनी स्टेडियम का किया गया औचक निरीक्षण

## समय से मानक के अनुसार पूर्ण करे कार्य



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत महथावल में सोमवार को निर्माणाधीन खेल मैदान/मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करने डीसी मनरेगा संदीप सिंह व डी डी ओ जी पी कुसवाहा पहुंच गये। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि अतिशीध्र कार्य पूर्ण करे।खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार चेंजिंग रूम बनाया जाये। दृघा छोटा है और बडा होना चाहिए ग्राम पंचायत मे पैसा कम है तो क्षेत्र पंचायत से बनवाया जाये और निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान बी डी ओ श्याम मनोहर मुरली मिश्र, एडीओ कॉपरेटिव युनुस अंसारी, सचिव ईश्वर देव, एपीओ सत्य प्रकाश, प्रधान केदारनाथ गुप्ता, रोजगार सेवक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने लिया जायजा बोर्ड परीक्षाएं शुरू नकल विहीन के लिए सीसीटीवी की भी निगरानी

एजाज़ सिद्दीक़ी, निहाल चौधरी







- डीएम एसपी इटवा व बिस्कोहर प्रिंसिपल ने परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की
- बोर्ड परीक्षा 2025 इटवा व बिस्कोहर केंद्र पर डीएम एसपी पहुंच देखी व्यवस्था
- परीक्षा के लिए जिले में 119 केंद्र बनाए गए कुल 66 परीक्षार्थी हुए शामिल

**इटवा सिद्धार्थनगर।** डीएम डा0 राजा गणपति आर ने परीक्षा डयूटी में लगे अधिकारियों को सचेत किया था कि अगर कही से कोई शिकायत मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसका भौतिक सत्यापन करने और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की जांच करने परीक्षा शुरू होते ही डीएम डा0 राजा गणपति आर व एसपी अभिषेक महाजन खुद बिस्कोहर व इटवा परीक्षा केंद्र पहुंच गए। जहां व्यवस्था संतोषजनक रही। डीएम एसपी इटवा व बिस्कोहर प्रिंसिपल ने परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

यूपी में ध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। परीक्षा की सुचिता और निष्पक्षता को बनाये रखने के लिए डीएम डा0 राजा गणपति आर व एसपी अभिषेक महाजन सिद्धार्थनगर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने परीक्षा डयूटी में लगे अधिकारियों को सचेत किया था कि अगर कही से कोई शिकायत मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसका भौतिक सत्यापन करने और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की जांच करने परीक्षा शुरू होते ही डीएम खुद पहुंच गए। साथ में एसपी भी थे। सोमवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। **नकल और अन्य गड़बड़ियों के लिए खास प्लान-** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा मे नकल और अन्य गड़बड़ियों को पूरी तरह रोकने के लिए इस बार खास प्लान बनाया गया है। इसके तहत सुबह जब एग्जाम देने सेंटर्स पर पहुंचे छात्रों को खासी चेकिंग का सामना करना पड़ा सुबह 8:30 बजे से शुरू हुई बोर्ड की परीक्षा में इटवा व बिस्कोहर आदि में सख्त चैकिंग की गई। जिले के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हो रही है, जिसमें परीक्षार्थी दोनों पालियों में परीक्षा देंगे हाईस्कूल की हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की पहली पाली में परीक्षा हो रही है जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट निगरानी कर रहे हैं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और पीएसी बल के जरिये पुख्ता इंतजाम किए गए हैं डीएम और एसपी घूम-घूमकर जानकारी ले रहे हैं। डीएम डा0 राजा गणपति आर व एसपी अभिषेक महाजन ने परीक्षा के प्रथम पाली में लगभग 10:20 पर इटवा माता प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज पहुंचे परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों व निगरानी सुरक्षा का जायजा लिया प्रिसिपल इटवा रमाकांत द्विवेदी व समस्त स्टाफ सुरक्षा संतोषजनक देख लगभग 10:50 पर बिस्कोहर छेदीलाल इंटर कालेज पहुंचे डीएम डा. राजा गणपति आर ने वहां की भी व्यवस्था सही पाई फिर वहां से अन्य सेंटरो के निगरानी व सुरक्षा का हाल देखने निकले डीएम एसपी ने बच्चो को टाइम टू पहुंचने की सलाह दी। परीक्षा के लिए जिले में 119 केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर हाईस्कूल संस्थागत 35810 व्यक्तिगत 143 इंण्टर मीडिएट संस्थागत 28297 व्यक्तिगत 808 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। इटवा माता प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज के प्रिंसिपल रमाकांत द्विवेदी ने बताया हमारे केंद्र पर हाई स्कूल में 320 परीक्षार्थी थे जिसमे 24 अनुपस्थित रहे 296 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हैं वहीं इंटरमीडिएट में 146 दर्ज थे उपस्थित 134 वहीं 12 ने आज परीक्षा छोड़ी है। इटवा व बिस्कोहर प्रधानाचार्य सहित अधिकारियों ने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## यज्ञ परिक्रमा से मनुष्य को होती दीर्घायु की प्राप्ति

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा ब्लॉक के अंतर्गत पिढिया धाम



में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में मनुष्य के जीवन में यज्ञ परिक्रमा का विशेष महत्व माना जाता है । यज्ञ मंडप पर अग्नि नारायण सहित समेत देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है। समस्त यज्ञ परिक्रमा से मनुष्य को होती दीर्घायु की प्राप्ति। बाबा पिढेश्वरनाथ महादेव सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित सात दिवसी श्री विष्णु महायज्ञ मनुष्य के जीवन में यज्ञ परिक्रमा का विशेष महत्व माना जाता है। यज्ञ मंडप पर अग्नि नारायण सहित समेत देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है। समस्त देवताओं को प्रसन्न करने के लिए पग-पग यज्ञ की परिक्रमा कर मनुष्य सुख-शांति,आरोग्यता, दीर्घायु प्राप्त करता है। यज्ञ परिक्रमा की महता को बताते हुए यज्ञाचार्य सोनू वैदिक ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा करने से यज्ञ का धुआं मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है। इस अवसर पर उपस्थित रही ट्रस्ट प्रबंधक अशोक कुमार त्रिपाठी धर्मेंद्र त्रिपाठी चंद्रबली त्रिपाठी जयप्रकाश त्रिपाठी मनी श्याम मिश्रा विशाल शुक्ला सुनीता त्रिपाठी गायत्री देवी मनीष शुक्ला यश मिश्रा प्रांशु त्रिपाठी प्राची त्रिपाठी प्रियांशु त्रिपाठी पूनम शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. अनिल बने भ्रष्टाचार निरोधक समिति के जिलाध्यक्ष

**महराजगंज।** जिले के प्रमुख समाजसेवी डाक्टर अनिल श्रीवास्तव को भ्रष्टाचार



निरोधक समिति का जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त भारत की मंशानुरुप जिले को भ्रष्टाचार मुक्त करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। सोमवार को देवरिया जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी सिंह और महासचिव नागेंद्र तिवारी ने डाक्टर अनिल को यह जिम्मेदारी सौंपते हुए लोगों को जागरूक कर भ्रष्टाचार मुक्त जिला बनाने की अपेक्षा की। डाक्टर अनिल के मनोनयन पर जिले के तमाम लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामना दी है।

# कंपनी के बंद होने से सैकड़ों मजदूरों की छिनेगी रोजी-रोटी, बेरोजगार हो जाएंगे आसपास के लोग

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बढ़नी के ग्राम पंचायत अकरहरा स्थित एक सिल्वर फिन एग्रोवेट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के नाम से औद्योगिक इकाई की स्थापना हुई थी। जो मछलियों को खिलाने के लिए चारा दाना बनाकर आस-पास के क्षेत्र में मछली पालन करने वाले लोगों व दुकानदारों को उपलब्ध कराती थी। जिससे आसपास के रहने वाले तमाम लोगों को सुविधाएं मिलने के साथ ही रोजी-रोटी भी जुड़ी हुई थी। लेकिन अभी बीते कुछ दिनों से अचानक बिजली आपूर्ति बंधित होने से कंपनी का कारोबार ठप पड़ा हुआ है। उसमें मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों के रोजी रोटी छीन जाने से लोग निराश व परेशान दिख रहे हैं।

कम्पनी संचालक का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के उनके प्राइवेट लाइन को काट दिया गया है। जबकि उनका कोई बकाया नहीं था विद्युत् विभाग की इस कार्यवाही से कम्पनी संचालकों ने कम्पनी को बंद करने की बात कह रहे हैं। कंपनी संचालकों का कहना है कि हमारे कंपनी का 900 केबीए का कनेक्शन है जिसका खाता संख्या 2710978932 है। हमारा विद्युत सप्लाई ढ़ेबरुआ पावर हाउस से अलग फीडर और 11केवीए की अलग लाइन से किया जा रहा है। लेकिन अभी पिछ्ले 24-07-2024 से ग्रामीण विद्युत् के समय सारिणी के माध्यम से विद्युत् सप्लाई प्राप्त हो रही है। जिसके कारण हमारे प्लांट का प्रोडक्शन बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। नई औद्योगिक इकाई के विद्युत कनेक्शन को 24 घंटे बहाल किया जाने के संबंध में पहले भी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता, महाप्रबंधक जिला उद्योग प्रोत्साहन उद्यमिता विकास केंद्र आदि लोगों को लिखित पत्र भेजकर मांग किया जा चुका है। लेकिन अभी तक इस पर कोई विशेष ध्यान नही दिया जा रहा है। बताते चलें सिद्धार्थ नगर जनपद में शासन प्रशासन द्वारा जहां लोगों को उद्योग स्थापित करवाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं सांसद जगदम्बिका पाल के अथक प्रयासों से कंपनी की स्थापना की गयी थी। अभी कम्पनी पिछले छ महीने से अपना काम काज शुरू कर चुकी है लेकिन आज छ महीने बाद कम्पनी के संचालकों ने कहा कि उनकी कंपनी घाटे में चला रही है जिसे हम बंद करने जा रहे हैं। दाना बनाने वाली कंपनी के फाउंडर ने कहा कि इंडस्ट्रियल कनेक्शन होने के बावजूद ग्रामीण स्तर की बिजली आपूर्ति दी जा रही है, जिससे उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि उन्हें 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन कम वोल्टेज और बार-बार की कटौती से मशीनें सही ढंग से काम नहीं कर पा रही हैं। कई बार बिजली इतनी कमजोर होती है कि बड़े उपकरण चालू ही नहीं हो पाते। इससे उत्पादन क्षमता घट गई है। और औद्योगिक कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उद्योग संचालकों ने कहा है कि बिजली विभाग से इंडस्ट्रियल ग्रिड से कनेक्शन होने के बावजूद उन्हें निर्बाध रूप से बिजली नहीं दी जा रही है। बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती से उद्योगों को भारी नुकसान हो रहा है।, इस समस्या का हल नहीं होने पर कम्पनी को बंद करने की बात कह रहे हैं।

फाउंडर मेम्बर ने कहा दाना बनाने वाली कंपनियों को बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योगपतियों के अनुसार, अचानक बिजली गुल होने से उत्पादन रुक जाता है और लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। मशीनें बंद होने से कच्चा माल भी खराब हो रहा है। कंपनी का कहना है कि बिजली विभाग बिना सूचना दिए आपूर्ति बंद कर देता है। जिससे उनकी उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित होती है। उद्योगपतियों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। इस समस्या को लेकर जल्द ही डी एम से मुलाकात कर वह इस समस्या से अवगत कराएँगे। इंडस्ट्रियल कनेक्शन काटना सरासर अन्याय है। क्या विभाग को अंदाजा भी है कि इस तरह की मनमानी से उद्योगों को लाखों का नुकसान झेलना पड़ता है? एक तरफ सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग उनकी कमर तोड़ने पर तुला है। इंडस्ट्रियल कनेक्शन के बावजूद ग्रामीण स्तर की बिजली देना और फिर मनमाने तरीके से कनेक्शन काट देना अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उद्योगपति आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उक्त संबंध में ढेबरुआ पावर हाउस जेई सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि सड़क किनारे पेड़ काटे जाने के कारण लाइन मैन द्वारा तार को हटा दिया गया था। जिसकी मौखिक सूचना उनके परिवार के लोगों को दी गई थी। जल्द ही कनेक्शन को जोड़कर बिजली सप्लाई शुरू करा दिया जायेगा।

## भाजपा समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है : इद्रीश पटवारी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को अशोकनगर वार्ड में पीडीए चौपाल का आयोजन किया। चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व नपा अध्यक्ष व पूर्व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी ने कहा कि हमारे मुखिया अखिलेश यादव समता और समाजवाद की बात कर रहे है।

वह समाज के हर वर्ग में खुशहाली लाना चाहते है वही भाजपा की सरकार में सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद है दलित, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों का कोई पुरसाहाल नहीं है। भाजपा समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सभी समाज के लोग परेशान है। मंहगाई चरम पर है, रोजगार नहीं मिल रहा है, युवा रोजगार के लिए दर दर भटक रहे है, गरीब और गरीब होता जा रहा है। चौपाल को नगर अध्यक्ष कपिल देव, सब्बू खान, गणेश दत्ता ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मनोज कुमार, महताब आलम सन्नू, मैनू,पवन कुमार यादव, दिल्लू,गोलू मेकरानी, मुन्ना पांडेय, सारिक ख़ान, अलीम ख़ान, अज़हर ख़ान, सालिक राम, नेवास यादव, प्रहलाद, साकिर, सिरताज अली, गणेश दत्ता, के सी त्रिपाठी, अलीम सिद्दीकी, मुबीन ख़ान आदि उपस्थित रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री कार्य को लेकर एसडीएम ने बीडीओ संग की बैठक

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्रामीणों को करें जागरूक : डॉ. संजीव

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को भनवापुर ब्लाक सभागार में एसडीएम डॉ.संजीव दीक्षित के अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपस्थित प्रधानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए निर्देशित करते हुए एसडीएम ने बताया कि अपने ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए जागरूक करें। सभी ग्राम प्रधान गांव वालों को फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले फायदे के बारे में किसानों को बताने के साथ ही रजिस्ट्री में तेजी लाने का निर्देश दिया।

एसडीएम डॉ.संजीव दीक्षित ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को खाद, बीज के अनुदान, केसीसी, धान, गेहूं के बिक्रय के लिए सत्यापन, पीएम किसान सम्मान निधि आदि सहित लाभ किसान आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे वे उक्त योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।एसडीएम ने बताया कि सभी ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायतों में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए जागरूक करते हुए रजिस्ट्री में तेजी लाएं। खंड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि ग्राम प्रधान किसानों को जागरूक करें। अगर किसी सहज जन सेवा केंद्र के संचालकों के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को परेशान किया जाता है या फिर अधिक पैसा वसूल करता है तो इसकी सूचना तत्काल दें। इस दौरान एडीओ पंचायत संजय पटेल, एपीओ अब्दुल क्यूम, नरेंद्र दूबे, रमेश गुप्ता, मो.हुसैन, फरीद अहमद, लालजी शुक्ल, चंद्रभान चौधरी, कमलेश मिश्र, बृजनंदन शुक्ल, हरि श्याम मौर्य, सूरज चतुर्वेदी, तन्नू चतुर्वेदी, नफीस अहमद सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बोर्ड परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा



आयोजित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन सोमवार को विभिन्न परीक्षा केन्द्रो का उप जिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बताया कि पीपुल्स इंटर कॉलेज में हिन्दी प्रथम पाली में पंजीकृत 392 विद्यार्थियों में 17 ने परीक्षा छोड़ दी। खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवा में कुल पंजीकृत विद्यार्थियों में 332 13 बालक और एक बालिका ने परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इसी तरह मॉडर्न हायर सेकेण्डरी इंटर कॉलेज हल्लौर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के हिन्दी परीक्षा क्षेत्र के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज तुरकौलियातिवारी में कुल 84 पंजीकृत परीक्षार्थियों में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा के केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराने के उद्देश्य से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सकुशल सम्पन हुई। इस संबंध में उपजिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने बताया कि सभी जगहों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और शासन और परिषद के दिशा निर्देशों के मुताबिक होती पाई गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे एकदिवसीय शिविर का आयोजन

**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में एक दिवसीय शिविर के स्वयंसेवकों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे एकदिवसीय शिविर का सोमवार को आयोजन किया गया जिसमें बेहतर भविष्य का निर्माण कैसे करें देश को स्वच्छ कैसे बनाएं वातावरण को प्रदूषण से मुक्त कैसे किया जाए आदि विषयों पर महाविद्यालय के विभिन्न प्रवक्ताओं डॉ संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ नूरुल हसन, मोहम्मद आजम द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

## चल रहे बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन 12 छात्र एवं छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**लोटन सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड के प्रथम दिन परीक्षा में सोमवार को कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कालेज में अन्दर प्रवेश कर रहे छात्र एवं छात्राओं को गेट पर चेकिंग करने के बाद ही कमरे में परीक्षा में बैठने को भेजा गया। केन्द्र व्यवस्थापक नन्द कुमार ने छात्र एवं छात्राओं से कहा कि किसी भी छात्र एवं छात्राओं के पास नकल से सम्बंधित सामग्री नही होनी चाहिए। बनियाडीह, लोटन भुसौला हिन्दी हाईस्कूल के विघार्थियों ने परीक्षा के प्रथम दिन पंजीकृत 338 मे 07 परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ दिया है। वहीं इंटरमीडिएट की दूसरी पाली हिन्दी परीक्षा में कुल 317 पंजीकृत में 05 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ दिया। केंद्र व्यवस्थापक नंद कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में 11कमरे मे परीक्षा हुआ है व द्वितीय पाली दस कमरों में परीक्षा चल रही है। हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है परीक्षा की देख रेख के लिए स्टेटीक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापक की देख रेख मे परीक्षा चल रहा है।

## विद्यालय मे शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्स्व सम्पन्न

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** भियांव ब्लॉक के न्याय पंचायत बंदीपुर के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में सोमवार को आयोजित शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। एस0एम0सी0 अध्यक्ष श्री मोहम्मद रमजान की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल ना आने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सभा मिर्जापुर के सम्मानित श्री गीत कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया।

# शिक्षक के घर में सार्ट सर्किट से हुआ लाखों का नुकसान

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी कस्बे के आजादनगर वार्ड में एक किराए के मकान में रह रहे शिक्षक के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। फायर सर्विस और पुलिस के लोगों ने पहुंचकर आग पर काबू पाई। ग्राम एकघरवा थाना डुमरियागंज निवासी नरेंद्र त्रिपाठी जो शिक्षक हैं और बांसी के आजादनगर वार्ड में अमित श्रीवास्तव के मकान की पहली मंजिल पर किराए पर रहते हैं। सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी करने डुमरियागंज चले गए। इसी दौरान उन्हें मोहल्ले के लोगों ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर में आग लग गई है। इसी बीच मोहल्ले के लोगों ने फायर सर्विस और पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड के लोगों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पाते ही नरेंद्र त्रिपाठी बांसी पहुंचे उन्होंने जले हुए सामान के नुकसान को देखकर बताया कि लगभग लाखों का सामान जल गया। जिसमें तमाम महंगे घरेलू उपकरण भी जल गए। घटना के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया।

अब्दुल सत्तार खॉं महाविद्यालय, खीरों, रायबरेली
(सम्बद्ध–लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
**आवश्यकता है** – प्राचार्य एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की निम्नवत् विषयों हेतु। **शैक्षिक योग्यता** – उपरोक्त समस्त पदों हेतु यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)।
**संचालित विषय**
**बी०ए०** – 1.अर्थशास्त्र, 2.हिन्दी साहित्य, 3.अंग्रेजी साहित्य, 4.भूगोल, 5.समाजशास्त्र, 6.शिक्षाशास्त्र, 7.गृहविज्ञान, 8.शारीरिक शिक्षा 9.चित्रकला, 10.हिन्दी भाषा, 11.इतिहास, 12.सैन्य अध्ययन, 13.राजनीति विज्ञान, 14. उर्दू
**बी०एस०सी०** – 1.भौतिक विज्ञान, 2.गणित 3.रसायन विज्ञान, 4.जन्तु विज्ञान, 5.वनस्पति विज्ञान, 6.शारीरिक शिक्षा
**बी०काम० (वाणिज्य संकाय)** समस्त अनिवार्य विषय
**बी०एड० संकाय (समस्त अनिवार्य विषय)** अर्हता- स्ववित्तपोषी राजाज्ञानुसार तथा यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)
**बी०टी०सी०/डी०एल०एड० संकाय हेतु:-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की :शैक्षिक योग्यता -प्राचार्य/विभागाध्यक्ष-** अर्हता स्नातकोत्तर 55%, एम०एड050% एवं सम्बन्धित अनुभव, **प्रवक्ता**- अर्हता स्नातकोत्तर 50% एम०एड0 50%
लिपिक, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर(डेटा हिन्दी टाइपिंग), लिपिक लेखाकार,चतुर्थ श्रेणी के लिये इच्छुक अभ्यर्थी सीधे महाविद्यालय मे सम्पर्क करें। वेतनमान:रू० 20000-30000/मानकानुसार
सम्पर्क सूत्र :–8601366666, 8299635198
प्रधान कार्यालय–नेहरू नगर रायबरेली मो0 नं0– 7704001444
E-mail :-manager.babujsgp@gmail.com

## मदरसा शम ए हक़ इस्लामिया मे छात्रों का विदाई समारोह सम्पन्न

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** मदरसा शम ए हक़ इस्लामिया रसूलपुर मुबारकपुर का विदाई समारोह सकुशल सम्पन्न हो गया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्राम रसूलपुर मुबारकपुर में स्थित मदरसा शम ए हक़ इस्लामिया में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 8 के कुल छात्र-छात्राओं की विदाई जूनियर कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने दिया ।इस दौरान छात्र छात्राओं के मध्य जहां स्कूल छोड़ने का गम था तो वहीं अगली कक्षाओं में प्रवेश लेकर पढ़ाई करने का हौसला भी दिखा। विदाई समारोह की अद्यक्षता मदरसे के अध्यक्ष तौकीर अहमद व संचालन मदरसे के प्रिंसिपल फिरोज़ अख्तर ने किया।

# नशा मुक्त अभियान को लेकर एस.एस.बी ने निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी एस.एस.बी, के सीमा चौकी खुनुवा और धनौरा के द्वारा ''नशा मुक्ति अभियान'' के तहत रैली कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक ढ़सोमवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा और धनौरा के जवानों द्वारा रैली के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र के खुनुवा और अलगा गाँव के ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया और जागरूक करते हुए बताया गया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों से अपनी अनमोल जान को गवा रहे है। नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले लोग अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

हमारे देश का उज्जल भविष्य युवाओं पर टिका है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। युवा वर्ग के लिए नशा एक फैशन बन गया है युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही है। नशीले पदार्थ शराब, तम्बाकू, सिगरेट हमारे शरीर को कैंसर जैसी घातक विमारियों का शिकार बना देता है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इसी उद्देश्य से 43वीं वाहिनी सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनुवा और धनौरा द्वारा आज खुनुवा और अलगा गाँव में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर सीमाई क्षेत्र के नागरिकों और युवाओ को जागरूक किया गया। इस दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी धनौरा से निरीक्षक पंकज सिंह, व् सीमा चौकी खुनुवा से उप निरीक्षक वाई. विमल सिंह और अन्य कार्मिको के साथ-साथ स्थानीय नागरिक और बच्चों ने भाग लिया।

## एमएसपी की गारंटी या नहीं

आखिर केंद्र सरकार और आंदोलित किसानों के बीच सहमति कब बनेगी? केंद्र सरकार स्पष्ट कब करेगी कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देगी अथवा नहीं? सरकार और किसानों के बीच बीसियों बैठकें हो चुकी हैं। मौजूदा दौर की यह छठी वार्ता थी, जो बेनतीजा ही रही। अब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। उनसे पहले नरेन्द्र तोमर इस संवैधानिक पद पर थे। उन्होंने भी किसानों के अलग प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बेनतीजा बैठकें की थीं। अब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की अगुआई में 13 फरवरी, 2024 से किसान आंदोलित हैं और शंभु बॉर्डर तथा हरियाणा में जींद से सटे खनौरी बॉर्डर पर धरना दिए हुए हैं। 70 साल के बुजुर्ग, कैंसर के मरीज, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीती 26 नवंबर से आमरण अनशन पर हैं। अन्न का दाना भी नहीं खा रहे, अलबत्ता मेडिकल ऐड जरूर ले रहे हैं, ताकि जिंदा रहकर आंदोलन जारी रख सकें। कृषि मंत्री समेत अन्य मंत्रियों ने भी अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया, लेकिन किसान नेता की एक ही बुनियादी मांग है कि सरकार फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी दे। पहले दिल्ली बॉर्डर पर भी किसान आंदोलन करीब 378 दिन चला था और अब भी 374 दिन बीत चुके हैं। दिल्लीवाला आंदोलन प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन के बाद वापस लिया गया था कि सरकार एमएसपी को प्रभावी बनाएगी। क्या प्रधानमंत्री के आश्वासन की कोई कीमत नहीं होती? एक कमेटी जरूर बनाई गई थी, जिसकी 6 बड़ी बैठकें हो चुकी हैं। छोटी बैठकें तो कई हुई हैं, लेकिन बैठकों के निष्कर्ष क्या रहे, आजतक उनका सार्वजनिक खुलासा नहीं किया गया। आखिर बातचीत के ढोंग कब तक किए जाते रहेंगे?

एमएसपी का मुद्दा 1966 में पहली बार सामने आया था, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। उनके बाद मोरारजी देसाई, चरण सिंह, फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर, पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, फिर वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे। बेशक उनके कार्यकालों के दौरान एमएसपी का मुद्दा उठता रहा होगा। यदि सुलझ नहीं सकता, तो मुद्दे को दफना देना चाहिए था। आंदोलन तो होते रहते हैं। अब नरेन्द्र मोदी बीते 11 सालों से प्रधानमंत्री हैं। उनके दौर में ही एमएसपी की कानूनी गारंटी का मुद्दा पुरजोर उठाया जाता रहा है। आखिर यह मुद्दा कितना पेचीदा है, जो सुलझ ही नहीं पा रहा है और लटका हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का किसान की आय 2022 तक दोगुनी करने का वायदा भी खोखला साबित हुआ। किसानों पर 21 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। मनमोहन सरकार में कर्ज माफ करने के बावजूद आज भी कर्ज है। इसका जवाब भी सरकार को ही देना पड़ेगा। जाहिर है कि किसान की आमदनी पर्याप्त नहीं है, लिहाजा वह कर्ज लेने को विवश है। कृषि मंत्री मानते हैं कि खेती की आत्मा किसान ही हैं और कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि ने ही कोरोना महामारी के दौर में देश की अर्थव्यवस्था को बचाए रखा और विकास दर करीब 3.5 फीसदी रही। कृषि मंत्री की मान्यता के बावजूद किसानों को उनकी मेहनत, फसलों की माकूल कीमत क्यों नहीं मिल पा रही है?

**प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है।**

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?


ललित गर्ग

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?




प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया, क्योंकि वे हिंदू आस्था पर जानबूझकर प्रहार ही कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि महाकुंभ भारत की संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अच्छा हो कि विपक्षी नेता यह समझें कि ऐसे आयोजनों पर उनकी बेजा एवं बेतूकी टिप्पणियां उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान ही पहुंचाती हैं।

हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। ऐसे लोग भूल जाते है कि हिन्दू भारत का बहुसंख्य वर्ग है, भारत एक हिन्दू राष्ट्र है, उसका विरोध करते हुए वे अपनी राजनीति जमीन को ही खोखला करते हैं। मोदी-योगी एवं भाजपा विरोध करते हुए वे राष्ट्र एवं सनातन विरोध पर उतर आते हैं। हिन्दू पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते है, जो धर्म एवं संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, विश्व मानवता को जोड़ने वाली है, उस पर कीचड़ उछाल कर वे सछिद्र नाव में सवार है। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिए से देखना अनुचित है। विपक्षी दलों के बयान ना सिर्फ़ उनके सनातन विरोधी चरित्र को दिखाता हैं बल्कि उनकी गिद्धदृष्टि को भी उजागर करता है जो महाकुंभ के खिलाफ़ दुष्प्रचार की आंधी से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा एवं षडयंत्र है।

## आशाओं के अनंत आकाश में जीवन के प्रगति सोपान


संजीव ठाकुर

तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति, राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी, बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता, रामायण, महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा, जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र, वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है।

# भारत-अमरीका आर्थिक रिश्तों का नया दौर

डा. जयंतीलाल भंडारी

**निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई अत्यधिक उत्साहजनक और सकारात्मक द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत और अमरीका के बीच टैरिफ संबंधी चुनौतियों के बावजूद कारोबार के नए ऐतिहासिक अध्यायों की डगर आगे बढ़ने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। क्योंकि ट्रंप भारत की ओर से अमरीकी उत्पादों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की बात लगातार कहते आए हैं, अब उनके द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति से भारत के भी अधिक टैरिफ वसूली की सीमा में आने की आशंका है...**

हाल ही में 17 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा प्रकाशित की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक भले ही अमरीका भारत के उत्पादों पर 15 से 20 फीसदी का उच्च टैरिफ लगाए, लेकिन इसके बावजूद अमरीका को होने भारतीय निर्यात में कुल गिरावट केवल 3 से 3.5 फीसदी के आसपास ही रहने का अनुमान है। जबकि इसके दूसरी ओर भारत-अमरीका की द्विपक्षीय वार्ता से अब भारत-अमरीका के आर्थिक रिश्तों का जो नया दौर शुरू होगा, वह भारत के लिए कुल निर्यात बढ़ाने और अन्य वैश्विक कारोबार में भी लाभप्रद होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रणनीतिक रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निष्पक्ष, मुक्त, पारस्परिक व्यापार के लिए एक योजना के तहत आगे बढ़े हैं और यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अमरीका अब भारत की ओर से बहुत ज्यादा टैरिफ वसूले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा तथा रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक समान टैरिफ से व्यापार असंतुलन की चिंताओं को कम करेगा। ट्रंप ने सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी प्रतिस्पर्धात्मक शुल्क लगाने का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि जो देश अमरीका पर जितना टैरिफ लगाता है, उस पर अमरीका भी उतना ही टैरिफ लगाएगा। गौरतलब है कि द्विपक्षीय वार्ता में भारत और अमरीका दोनों देशों ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमरीका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमरीकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की है।



दोनो देशों ने द्विपक्षीय बातचीत के दौरान भारत और अमरीका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया है। ट्रंप ने कहा कि अमरीका अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के तहत भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि भारत और अमरीका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई अत्यधिक उत्साहजनक और सकारात्मक द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत और अमरीका के बीच टैरिफ संबंधी चुनौतियों के बावजूद कारोबार के नए ऐतिहासिक अध्यायों की डगर आगे बढ़ने की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

क्योंकि ट्रंप भारत की ओर से अमरीकी उत्पादों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की बात लगातार कहते आए हैं, अब उनके द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति से भारत के भी अधिक टैरिफ वसूली की सीमा में आने की आशंका है। भारत ने पहले से ही इस बात को समझा है कि ट्रंप एक हाथ से लेने व दूसरे हाथ से देने में विश्वास करते हैं। यही कारण है कि भारत ने देखते ही देखते अपने यहां कुछ अमरीकी सामान पर टैरिफ कम करना शुरू कर दिया। एक फरवरी को पेश वर्ष 2025-26 के बजट में भारत ने अमरीका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही अब द्विपक्षीय वार्ता के आधारों पर दोनों देश एक-दूसरे के लिए उपयुक्त टैरिफ की डगर पर आगे बढ़ेंगे।


निसंदेह ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्वीकरण की जगह 'मेरा अमरीका प्रथम' की धारणा को उच्च प्राथमिकता देते हुए अमरीका की आत्मनिर्भरता की डगर पर बढ़ना शुरू कर दिया है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जहां एक फरवरी को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन पर एक्स्ट्रा 10 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया, वहीं 4 फरवरी को चीन ने पलटवार करते हुए अमरीका पर 15 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमरीका और चीन के बीच ट्रेड वार का नया दौर शुरू हो गया है।

यह ट्रेड वार भारत के लिए नए अवसर खोल सकता है। ऐसी अनुकूलता के बावजूद भी भारत के सामने नई द्विपक्षीय वार्ता से निर्मित चुनौतियों से निपटने की चिंताएं हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि व्हाइट हाउस की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ पर जारी एक फैक्टस शीट में कहा गया है कि अमरीका जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर औसतन 5 फीसदी टैरिफ लगाता है, लेकिन भारत जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाता है। ट्रंप दोनों तरफ से बराबर टैरिफ चाहते हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अगर ट्रंप प्रोडक्ट के ऊपर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, तो भारत पर अधिक असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अमरीका जो प्रोडक्ट भारत निर्यात करता है भेजता है, वो कई प्रोडक्ट भारत अमरीका को नहीं भेजता है। लेकिन अगर अमरीका सेक्टर के तहत टैरिफ लगाता है, तो हो सकता है कि भारत को कुछ उत्पादों के निर्यात में मुश्किल का सामना करना पड़े और ऐसे में अमरीका के रेसिप्रोकल टैक्स से काफी असर पड़ सकता है। बहुत सारे उत्पाद जैसे टेक्सटाइल और कृषि उत्पादों में भारत का आयात शुल्क ज्यादा है, अगर अमरीका भी वैसे आयात शुल्क उन्हीं सेक्टर के अलग-अलग प्रोडक्ट में लगाने लगे, तो भारत के लिए काफी मुश्किल हो जाएगी। रेसिप्रोकल टैरिफ से भारत का निर्यात प्रभावित होगा। टैरिफ के अलावा अमरीका ने द्विपक्षीय वार्ता में कहा है कि भारत को अमरीका से ज्यादा तेल मंगाना होगा।

ऐसे में इस समय सबसे अधिक तेल कम मूल्यों पर रूस से स्थानीय मुद्रा रूबल के भुगतान से प्राप्त हो रहा है, वह अधिक मात्रा में अमरीका से लेने पर डॉलर में भुगतान करना होगा। क्योंकि इस समय डॉलर की तुलना में रुपए का मूल्य अब तक के सबसे निचले स्तर पर है, अतएव तेल के लिए डॉलर में अधिक भुगतान रुपए का विनिमय मूल्य और कम करते हुए दिखाई देगा। हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच 14 फरवरी को हुई द्विपक्षीय वार्ता से जो नई आर्थिक इबारत लिखी गई है, उससे भारत-अमरीका के आर्थिक रिश्तों का नया दौर आगे बढ़ेगा। हम उम्मीद करें कि भारत का उद्योग-कारोबार गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और लागत में कमी करते हुए ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का मुकाबला करने में सफल होगा और वर्ष 2030 तक दोनों देश अपने आपसी कारोबार को दोगुना से भी अधिक करते हुए 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार की डगर पर पहुंचाने में सफल होंगे।

# मणिपुर : फ़ेल हुई 'डबल इंजन' की सरकार

**इतिहास इस बात का साक्षी रहेगा कि बावजूद इसके कि देश के और भी कई राज्य समय समय पर किसी न किसी मुहिम या आंदोलन वश हिंसा,अशांति व अव्यवस्था के शिकार रहे हैं। परन्तु भाजपा शासित इस राज्य में 3 मई 2023 से मैतेयी व कुकी समुदायों के बीच छिड़े जातीय हिंसक संघर्ष में जिस स्तर की हिंसा व अशांति देखनी पड़ी उसकी दूसरी मिसाल देश में कहीं भी देखने को नहीं मिलती। हिंसा, आगज़नी, बलात्कार,सामूहिक बलात्कार यहाँ तक कि हिंसक भीड़ द्वारा युवतियों की नग्न परेड कराने जैसी शर्मनाक घटनाएं घटीं।**


निर्मल रानी

8 फ़रवरी को जब दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हो रहे थे और भाजपा के साथ ही देश का मीडिया भी भाजपा की जीत के क़सीदे बांचने में लगा था। देश को यह बताया जा रहा था कि दिल्ली से आप दा जा चुकी है। ठीक उसी समय भाजपा हाईकमान द्वारा निर्देशित भाजपा की मणिपुर की सबसे आपदा ग्रस्त डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह को त्यागपत्र देने हेतु निर्देशित किया जा चुका था। जिसे दिल्ली जीत के जश्न से ठीक अगले दिन यानी 9 फ़रवरी को अमल में लाया गया। पिछले छह महीनों से मैतेई, कुकी और नागा विधायक एक साथ मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन को पद से हटाने के लिए केंद्रीय नेताओं से बात कर रहे थे। ख़बरों के अनुसार गत 3 फ़रवरी को ही मणिपुर के 33 विधायकों ने, जिनमें 19 विधायक भाजपा के भी बताये जा रहे हैं, दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी दे दी थी। बल्कि यह भी बता दिया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तव आने की स्थिति में भाजपा विधायक भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। इसीलिये भाजपा नेतृत्व को भारतीय राजनीति के इतिहास के सबसे अकुशल,असफल व अकर्मण्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हाँ मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के त्याग पात्र के बावजूद यह सवाल हमेशा बना रहेगा कि इतनी व्यापक व दीर्घकालिक अनियंत्रित हिंसा होने के बावजूद आख़िर भाजपा नेतृत्व ने किन परिस्थितियों में उन्हें मुख्यमंत्री पद से पहले क्यों नहीं हटाया ? इतना ही नहीं बल्कि बीरेन सिंह पर जातीय हिंसा के दौरान पक्षपात करने का भी आरोप है। बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से आते हैं। कुकी जनजाति के एक व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यह आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा भड़काई है। याचिकाकर्ता ने इससे सम्बंधित एक ऑडियो टेप भी अदालत में सबूत के तौर पर जमा कराया है। प्रयोगशाला ट्रुथ लैब्स ने इस बात की पुष्टि भी की है कि इस ऑडियो टेप में 93 प्रतिशत आवाज़ बीरेन सिंह की आवाज़ से मेल खाती है। गोया बीरेन सिंह राजधर्म का पालन न करने के भी खुले दोषी हैं।




इतिहास इस बात का साक्षी रहेगा कि बावजूद इसके कि देश के और भी कई राज्य समय समय पर किसी न किसी मुहिम या आंदोलन वश हिंसा,अशांति व अव्यवस्था के शिकार रहे हैं। परन्तु भाजपा शासित इस राज्य में 3 मई 2023 से मैतेयी व कुकी समुदायों के बीच छिड़े जातीय हिंसक संघर्ष में जिस स्तर की हिंसा व अशांति देखनी पड़ी उसकी दूसरी मिसाल देश में कहीं भी देखने को नहीं मिलती। हिंसा, आगज़नी, बलात्कार,सामूहिक बलात्कार यहाँ तक कि हिंसक भीड़ द्वारा युवतियों की नग्न परेड कराने जैसी शर्मनाक घटनाएं घटीं। मंत्रियों, विधायकों व अन्य नेताओं के घरों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस थाने आग की भेंट चढ़े,यहाँ तक कि शस्त्रागार के हथियार तक उपद्रवी छीन ले गये। सैकड़ों लोग इस संघर्ष में मारे गये जबकि हज़ारों लोग विस्थापित भी हुये। परन्तु मणिपुर का डबल इंजन मूक दर्शक बना रहा। क़ानून व्यवस्था की यह स्थिति राज्य में उस समय पैदा हुई थी जबकि मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में एन डी ए के पास 52 सीटें हैं जिसमें अकेली भाजपा के पास 37 सीटें हैं। राज्य सरकार के लिये इससे बेहतर बहुमत और क्या हो सकता था?

बहरहाल मई 2023 से लेकर अभी तक जारी हिंसा के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गाँधी जहां तीन बार मणिपुर का दौरा कर हिंसा पीड़ितों के बीच जाकर वहां के लोगों से मिलकर हालात का जायज़ा ले चुके हैं वहीँ प्रधानमंत्री ने अभी तक एक बार भी हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करना मुनासिब नहीं समझा। हद तो यह है कि राहुल गाँधी व विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद सदन में मणिपुर पर चर्चा को भी टालने की कोशिशें हुई। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा मणिपुर की शर्मनाक घटनाओं को कांग्रेस शासित राज्यों से जोड़कर मणिपुर घटनाओं पर लीपापोती करने की कोशिश की गयी। निःसंदेह राहुल गाँधी देश के अकेले ऐसे नेता हैं जो लगातार मणिपुर हिंसा के विषय को उठाते रहे हैं । और भाजपा पर यह दबाव इतना बढ़ा कि मणिपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही पार्टी ने आख़िरकार उनसे त्याग पत्र ले ही लिया।

बीरेन सिंह के त्यागपत्र के बाद मणिपुर में भाजपा के लिये राजनैतिक संकट खड़ा होना तो निश्चित है ही साथ ही अब यह भी प्रमाणित हो चुका है कि बीरेन सिंह पूरी तरह से मणिपुर हिंसा को नियंत्रित कर पाने में असफल रहे हैं। अन्यथा क्या कारण था कि 3 मई 2023 से लेकर अब तक हिंसा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल नहीं किया जा सका? इसी दीर्घकालिक हिंसा के कारण भाजपा के ही अधिकांश विधायक बीरेन नेतृत्व के विरुद्ध होते जा रहे थे। और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी भाजपा विधायकों द्वारा ही की जा रही थी। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना थी कि कहीं मणिपुर बीजेपी के हाथ से निकल न जाये। क्योंकि राज्य में हिंसा की भेंट चढ़े लंबा समय बीत चुका है और समाधान के नाम पर कुछ भी सामने नज़र नहीं आ रहा। ऐसे में प्रदेश बीजेपी के अंदर ही काफ़ी मतभेद शुरू हो गए थे.÷बीजेपी के लोग ही मुख्यमंत्री बदलने की मांग कर रहे थे। आगामी 10 फ़रवरी से विधानसभा सत्र शुरू होते ही मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी पूरी हो चुकी थी। इसीलिये भाजपा नेतृत्व द्वारा दिल्ली चुनाव परिणाम के जश्न के बीच ही बीरेन सिंह से त्यागपत्र लेने का फ़ैसला किया गया। देखना होगा कि बंगाल सहित अन्य ग़ैर भाजपा शासित राज्यों को जंगल राज व आपदा ग्रस्त सरकार बताने वाली भाजपा, मणिपुर में महा आपदा के रूप में विराजमान रहे मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने के बाद जातीय हिंसा में सुलगते मणिपुर के लोगों को भयमुक्त करने व उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिये क्या क़दम उठती है। और देश की इस बात पर भी नज़र रहेगी कि मणिपुर में डबल इंजन की सरकार के बुरी तरह से फ़ेल होने का प्रभाव भविष्य में पूर्वोत्तर की भाजपा की राजनीति पर क्या पड़ेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**केएमयू के सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृत्य-2025 का जिला पंचायत अध्यक्ष व महापौर ने किया शुभारंभ**

# भारत विकसित राष्ट्र आप युवाओं से ही बनेगा

- उद्घाटन मैच में विवि चेयरमैन टीम ने फैकल्टी डाक्टर्स टीम को 12 रन से हराया
- प्रतिभा को सम्मान मिले तो वह और भी निखर कर सामने आती है : किशन
- विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ प्रारंभ हुआ दस दिवसीय 'कृत्य-2025'

**उद्घाटन मैचः जिला पंचायत अध्यक्ष टीम ने डाक्टर्स टीम को 12 रनों से हराया**

केएमयू के खेल मैदान में सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृत्य-2025 के शुभारंभ होने के उपरांत विभिन्न खेलों को लेकर उद्घाटन मैच चेयरमैन टीम और फैकल्टी टीम के बीच हुआ। जिसमें चेयरमैन टीम के देवेन्द्र प्रधान ने जोरदार बल्लेबाजी की और पांच ओवर में 34 रन का लक्ष्य फैकल्टी डा. अजय अग्रवाल की टीम के विरुद्ध रखा। चेयरमैन किशन चौधरी की टीम खिलाड़ियों फिल्डिंग के सामने डाक्टर्स टीम पांच ओवर में 22 रन ही बना सकी और 12 रनों से हार गई। चेयरमैन टीम में विवि के कुलपति, प्रो. कुलपति सहित ग्राम प्रधान शामिल रहे वहीं फैकल्टी डाक्टर्स टीम में कप्तान डा. अजय अग्रवाल, डा. अजय जैन सहित अन्य डाक्टर्स शामिल रहे।

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का मुख्य ध्येय छात्र-छात्राओं को शिक्षार्जन ही नहीं, बल्कि उनकी प्रतिभा व सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर करना है। विवि में बेहतरीन शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ व्यक्ति विकास का निर्माण भी किया जाता है। प्रतिभा को सम्मान देने से प्रतिभा और निखर कर आती। साहस और हिम्मत दिखाने वाले व्यक्ति की भगवान भी मदद करता है। इसलिए खेलकूद के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपना नाम रोशन कर सकता है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सात दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कृत्य-2025' के उद्घाटन सत्र के दौरान कही। केएम विवि के सात दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कृत्य-2025' में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मथुरा-वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा देश के भविष्य का निर्माणकर्ता शिक्षक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को आप युवा ही 2047 तक पूरा करेंगे। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में यूजी-पीजी और एमबीबीएस के स्टूडेंटो द्वारा डिजाइन किया गया यह आयोजन प्रशंसनीय है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा का विकास होता है। महान भारत बनाने के लिए युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, भारत विकसित राष्ट्र आप युवाओं से ही बनेगा। भारत का युवा विश्व में सबसे आगे है। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन उन्हें बेहतर मंच की आवश्यकता होती है। हम यही मंच मुहैया कराकर उनका सर्वांगीण विकास कर सकते हैं और केएमयू का यही मुख्य ध्येय है। विवि के उपकुलपति डा. शरद अग्रवाल ने कहा वार्षिकोत्सव 'कृत्य 2025' में समस्त छात्र-छात्राएं अपनी पूरी ऊर्जा एवं लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन विविध प्रतियोगिताओं में करेंगे। इससे पूर्व सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कृत्य-2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, विवि कुलाधिपति किशन चौधरी, बीसी डा. एनसी प्रजापति, प्रो बीसी डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल एमएस डा. आरपी गुप्ता, सर्जरी के एचओडी डा. अजय अग्रवाल, पीजी डाक्टर डा. मनी ने कृत्य-2025 का झंडा फहराकर व मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन व मशाल जलाकर किया।

## पुलिस लाइन में गोष्ठी का आयोजन किया गया

**संभल।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद, परिक्षेत्र मुरादाबाद, श्री मुनिराज जी द्वारा बाद सलामी पुलिस लाइन बहजोई, सभागार में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार की उपस्थिति में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारों तथा अपराध, कानून व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में समस्त राजपत्रित अधिकारियों व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सुसंगत सुचनाओं के साथ प्रतिभाग किया गया तथा गोष्ठी में अपराध स्थिति, आगामी त्यौहारों (महाशिवरात्रि, रमजान, होली, ईद-उल-फितर) पर की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था तथा सभी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किये जाने सम्बन्धी आदि बिंदुओं पर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री श्रीशचन्द्र, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहें।

# एनएसएस छात्रों में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए जागरूकता पैदा करता है : डॉ. ज़फरुन

**भाषा विश्वविद्यालय**

- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 4 द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई 4 ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए रहीडा पुरवा गांव में एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष शिविर की शुरुआत की। यह विशेष शिविर 24 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। इस विशेष शिविर में एनएसएस स्वयंसेवक न केवल गांव के भीतर विभिन्न कल्याणकारी और सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे बल्कि जागरूकता फैलाने का काम भी करेंगे। इस सप्ताह भर चलने वाले विशेष शिविर की शुरुआत में डा. ज़फरुन नकी ने एनएसएस स्वयंसेवकों के एनएसएस के महत्व और लाभों पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए जागरूकता पैदा करती है और समाज और समाज की जिम्मेदारियों की समझ पैदा करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब छात्र गांव के लोगों से मिलते हैं, तो साक्षर और निरक्षर के बीच की खाई कम होती है और साथ ही उन्हें समाज और समाज के हाशिये पर रहने वाले लोगों की समस्याओं और परेशानियों को जानने और समझने का मौका मिलता है। डॉ ज़फरुन नकी ने यह भी एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के विशेष शिविर के अंतर्गत गांव के लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा तथा इस शिविर में विभिन्न विषयों के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता आएगी।आज विद्यार्थियों ने गांव के लोगों से मिलकर गांव में सामाजिक एवं चिकित्सीय स्तर पर समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, ताकि वे इन समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से चर्चा कर सकें। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान एवं इससे होने वाले विनाश के बारे में भी जानकारी दी तथा कहा कि धूम्रपान एवं नशीले पदार्थ न केवल आपके शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि आपके परिवार के लिए भी समस्याएं पैदा करते हैं। इस विशेष शिविर में एनएसएस स्वयंसेवक उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं तथा लगातार सात दिनों तक इस शिविर में उन्होंने न केवल अन्य सामाजिक एवं चिकित्सीय समस्याओं पर चर्चा की इस पर चर्चा की जाएगी तथा सभी स्तरों पर गांव के लोगों को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

# बहुजन जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज करेंगे मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मोबाइल सर्विस सेंटर पर काम करने वाले कर्मचारी से 50 हजार रुपये और मोबाइल के फोल्डर लूटने वाले नकाबपोश बदमाशों को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस उनसे पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अलीगढ़ इगलास निवासी पवन कुमार जो कि एक मोबाइल सर्विस कंपनी में काम करते हैं। यहां काम करने के चलते वह गोकुल बैराज स्थित कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रहते हैं। शुक्रवार की रात को वह सर्विस सेंटर से कमरे पर जा रहे थे। तभी उन्हें बालाजीपुरम क्षेत्र के आनंदपुरम रेस्टोरेंट के समीप नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे 50 हजार की नकदी एवं हजारों रुपये कीमत के मोबाइल फोल्डर लूट लिए।

एसएसपी शैलेश पांडेय ने मामले के खुलासे के लिए हाईवे पुलिस के साथ एसओजी टीम को लगाया। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही और एसओजी प्रभारी राकेश यादव दोनों बदमाशों की सुरागकशी में जुट गए। उन्होंने एक सैकड़ा से अधिक सीसीटीवी कैमरे देखे। सीसीटीवी कैमरों की मदद से उन्होंने बदमाशों की पहचान कर ली। सोमवार की रात को सूचना मिली कि क्षेत्र में लूट करने वाले नकाबपोश बदमाश भरतपुर रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं।

# वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह हर्ष व उल्लास के साथ मना

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** फतेहपुर के पट्टीशाह स्थित प्रजातंत्र जू० हा० स्कूल के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव एवं अतहर हुसैन मजहर हुसैन उ०मा० विद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह बहुत ही हर्ष व उल्लास के साथ आज मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सांसद नरेश उत्तम सदर विधायक जखनिया विधायक बेदी राम, विधायक हसन रूमी विधायक उषा मौर्य समेत जनपद के कई विधायकों और गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यालय में पढ़ाई और सामाजिक एकता के बल की तारीफ की इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पेश किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का दिल जीत लिया।इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा की मेरा इस क्षेत्र खास कर विद्यालय के लिए जी जान से क्षेत्र की जनता को शिक्षित करने का बीड़ा उठाने वाले मज़हर हुसैन उर्फ़ मुज्जु मियां से काफी लगाव रहा उन्होंने कभी अपने निजी फायदे के लिए कोई काम नहीं किया बल्कि जब भी मिलते हमेशा क्षेत्र के विकास और जनहित के कामों के लिए ही बात करते थे मंत्री ने कहा की ताज्जुब है स्कूल को सरकारी मदद नहीं ली गयी उनकी सरकार हर तबके लिए काम कर रही इस क्षेत्र के लिए स्कूल के लिए जो भी ज़रूरी हुआ अगर उनसे कहा गया तो वह उसको पूरा कराने के लिए पूरा प्रयास करेंगे उन्होंने कहा शिक्षा सभी का अधिकार है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा की आज से 75 वर्ष पूर्व इस स्कूल की स्थापना और आज तक इसको चलाये रखना वह भी किसी मदद के बगैर इस बात को दर्शाता है की इसको स्थापित करने वाले यहाँ की जनता की शिक्षा के प्रति बहुत चिंतित रहे है उन्होंने कहा की जनता की शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही विकास की चिंता करने वाले मामूली व्यक्ति नहीं होते। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सम्बोधित करते हुए कहा की अतहर हुसैन और मज़हर हुसैन के शिक्षा के मिशन को आगे जीवित रखकर स्कूल प्रशासन बधाई का पात्र है आसान नहीं है स्कूल को चलाना उन्होंने बधाई देते हुए कहा की यहाँ के छात्र और शिक्षक सभी बधाई के पात्र हैं। कॉलेज के प्रबंधक शाहिद नक़वी ने स्कूल के संचालन पर प्रकाश डाला और कहा की उत्तम पढ़ाई के लिए हमारे यहाँ के शिक्षक, प्रिंसिपल और स्टाफ की दिलचस्पी काफी सराहनीय है शाहिद नक़वी ने कहा की कुम्भ की भीड़ के चलते जिस तरह आप सभी काम में फसते हुए यहाँ तक पहुंचे उसका शुक्रिया शब्दों से अदा नहीं किया जा सकता आप लोग न आते तो हम सबका दिल टूटता आप लोगों ने आकर हम सबकी हौसलाअफ़ज़ाई की जिसका बहुत बहुत धन्यवाद।



## दुल्हनों की पिटाई मामले में सियासत शुरू

**मथुरा।** दुल्हन बनीं अनुसूचित जाति की दो सगी बहनों के साथ मारपीट व शादी टूटने के मामले को लेकर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा, सपा, बसपा और भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने दुल्हनों व उनके स्वजन से मुलाकात की और घटना की निंदा की। सभी पार्टियों ने वादा किया कि वे इंसाफ दिलाएंगे। वहीं शादी में पार्टी कोष से आर्थिक मदद भी दिलाएंगे। रविवार को सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना की निंदा करके हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। दोनों बेटियों की शादी संपन्न कराने के लिए आर्थिक मदद का भी भरोसा दिया। आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव सुभाष पाल, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह जाटव,, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, जिला सचिव सोनू ठाकुर आदि मौजूद रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि शासन और प्रशासन पूर्ण रूप से सहयोग करेगा।

# संघर्ष ही सफलता की कुंजी : चंदन

अवधनामा संवाददाता



- कमला प्रसाद सिंह महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**सुल्तानपुर।** कमला प्रसाद सिंह महाविद्यालय बरौसा गौरा में आयोजित वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदन नारायण सिंह जिला अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह वार्षिकोत्सव शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों की मेहनत और समर्पण का उत्सव है। विद्यालय के छात्रों ने न केवल शिक्षा बल्कि खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और समाज सेवा में भी सराहनीय योगदान दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा संघर्ष ही सफलता की कुंजी है। अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। युवा देश और समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सर्वदा सिंह ने मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रबंधक अतुल कृष्ण सिंह ने कहा कि यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को उजागर करता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अनिल कुमार सिंह सेवानिवृत्त जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, छात्र शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाएँ और निरंतर प्रगति की ओर बढ़ें। इस गरिमामयी अवसर पर कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और प्रबंधक उपस्थित रहे। जिनमें डॉ.उमेश कुमार वर्मा प्राचार्य, अजय कुमार सिंह प्रबंधक, राम बरन महाविद्यालय, नीरज सिंह एलेना महाविद्यालय, मिर्ज़ा अल्ताफ़ बेग प्रबंधक, चाचा नेहरू इंटर कॉलेज, अतुल सिंह प्रशासक, आचार्य नारायण महाविद्यालय मौजूद रहे। कार्यक्रम ने छात्रों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को उजागर किया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ संपन्न हुआ।

# इसौली विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** इसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने क्षेत्रीय दौरे के दौरान जनता की समस्याएं सुनीं और कई मुद्दों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के गजेहड़ी, कुड़वार, वारासिन, सरैया, बलीपुर, इब्राहीमपुर, रसूलपुर, सहजोरा, अलियाबाद, पारा बाजार, अरवल और सैनी बाजार समेत कई स्थानों पर पहुंचे और जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को जाना। जल, सड़क, बिजली सहित अन्य समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी बात रखी, जिस पर विधायक ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बल्दीराय तहसील के नागरिकों ने विधायक से बल्दीराय को टाउन एरिया का दर्जा दिलाने की मांग रखी। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वह लखनऊ जाकर विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से विकास कार्य किए जाएंगे।

# अदबी गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** हिंदुस्तान वेलफेयर सोसाइटी सुल्तानपुर,राइन नगर के तत्वावधान में सीनियर एडवोकेट अब्दुल करीम एडवोकेट के आवास पर एक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनाब अब्दुल करीम ने किया और हैदराबाद से पधारे प्रोफेसर सैय्यद खालिद कादरी मुख्य अतिथि थे। आगन्तुकों का स्वागत सोसाइटी के सचिव परवेज़ करीम ने किया।

कार्यक्रम दो सत्र में चला। पहले सत्र में हास्य व्यंग्य के वरिष्ठ शायर जाहिल सुलतानपुरी की किताब तीरो नश्तर का विमोचन हुआ। जिस पर अब्दुल करीम, डॉ सैय्यद खालिद कादरी, राजखन्ना, सत्यदेव तिवारी, डॉ नियाज सुलतानपुरी, डॉ शहंशाह आलम और हबीब अजमली ने अपने विचार रखे।

दूसरे सत्र में कवि गोष्ठी ( नशिस्त) का आयोजन किया गया। जिसमें जाहिल सुलतानपुरी ने हास्य व्यंग्य की रचनाएँ सुनाई तो डॉ डी एम मिश्र अपनी कई ग़ज़लें सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने सुनाया -

रास्ता यूँ मेरा ढलान में है
हौसला फिर भी आसमान में है
कैसे बेफ़िक्र भला हो जाऊँ
मेरा हर लम्हा इम्तिहान में है

उन्होंने अपनी यह मशहूर ग़ज़ल भी सुनाई -

नम मिट्टी पत्थर हो जाए ऐसा कभी न हो
मेरा गाँव शहर हो जाए ऐसा कभी न हो

संजीदा शायरी के जाने- माने हस्ताक्षर हबीब अजमली की ग़ज़ल खूब सराही गई। उन्होंने सुनाया -

बताए कैसे कोई क्या है आफ़ताने ग़ज़ल
है ला मकान के अंदर कहीं मकाने ग़ज़ल

मशहूर शायर डॉ मन्नान सुलतानपुरी की शायरी सुनकर लोग झूम उठे। उन्होंने यह शेर भी सुनाया -

कहा न भाई ने भाई ग़रीब था जब तक
अमीर होते ही मैं सबका रिश्तेदार हुए

वरिष्ठ शायर डॉ नियाज सुलतानपुरी को लोगों ने खूब सुना और सराहा -

-हर इक ज़बान पर चर्चा है उसकी कुदरत का
तमाम लफ़्ज़ उसी के, असर उसी से है।



# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुश्री अनुकृति शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार बहजोई में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी व्यापारी संगठनों ने भाग लिया। जिसमें महोदया द्वारा व्यापारी बन्धुओं से उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही दुकानों व प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को यातायात नियमों की जानकारी दिये जाने और हेलमेट और सीट बैल्ट का महत्व समझाने के बारे में बताया गया और जागरूक करने के लिये कहा गया।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर कार में लगी आग, जलते हुए निकले छह लोग

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे माइल स्टोन 102 के समीप आगरा से नोयडा जा रही स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में भीषण आग लग गई। कार में सात लोग सवार थे, जिसमें छह लोग बुरी तरह झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मथुरा के एक निजी अस्पताल में सभी को भर्ती कराया है।

यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार रात दो बजे करीब थाना मांट क्षेत्र में माइल स्टोन 102 के समीप ये हादसा हुआ। आगरा से नोएडा की तरफ़ जा रही कार अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई। कार जैसे ही मार्ग पर घिसटी, तो उसमें आग लग गई। आग की लपटों में कार सवार मनोज, अनिल, राजेश, मायाराम, सुरेश और श्याम निवासी लाल कुआं राजगढ़ जनपद चुरू राजस्थान बुरी तरह झुलस गए। हादसा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल कर्मियों ने गंभीर रूप से झुलसे लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

# पखरौली हाईवे के अधूरे निर्माण खराब कैमरों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



- राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग
- लगातार वाराणसी व लखनऊ मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली जारी रही

**सुल्तानपुर।** लखनऊ- वाराणसी हाईवे पर पखरौली स्थित अधूरे पड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पुल के निर्माण में देरी व रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे खराब पाए जाने की समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंप कर कार्यदाई संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र देने के बाद मीडिया से रूबरू हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा महाकुंभ के अवसर पर करोड़ों लोगो ने देशभर से आकर गंगा व संगम में स्नान किया काशी विश्वनाथ व अयोध्या में दर्शन पूजन किया इस दौरान जिले में करोड़ों लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।अव्यवस्थाओं का आलम यह रहा कि लोग घंटो जाम में फंसे रहे सबसे ज्यादा परेशानी सुल्तानपुर जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे पड़े निर्माण व पुल के कारण हुई जबकि लगातार वाराणसी व लखनऊ मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली जारी रही। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के सुरक्षा में लगाए गए कैमरे खराब पड़े रहे। महाकुंभ जाने वाले ]लाखों यात्रियों में सुरक्षा का खतरा रहा। सरकार प्रचार में व्यस्त रही लोगों को जाम में उलझा कर उन्हें खूब परेशान किया। कार्यदाई संस्थाएं भी लाभ के चक्कर में निर्माण व व्यवस्थाओं को समय से पूरा नहीं कर सकी जिससे यह परेशानियां बढ़ी। सरकार द्वारा उन पर कार्यवाही करनी ही चाहिए, जिससे उन्हें सबक मिले और नागरिकों को भविष्य में परेशानी ना हो। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता हाशिला प्रसाद भीम, सुब्रत सिंह सनी अतहर नवाब पवन मिश्रा नन्हे देवेंद्र तिवारी प्रदीप सिंह इमरान अहमद अजेंद्र पांडेय विभु गुड्डू जायसवाल नफीस फारुकी विजयपाल गौतम आर बी पांडेय शीतला प्रसाद साहू आदि मौजूद रहे।

# शिवालयों में नगर निगम की व्यवस्थाएं रहेगी चाक-चौबंद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ वृंदावन स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं मंदिर के पहुंच मार्गो का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम नगर आयुक्त ने गोपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की इसके उपरांत मंदिर के सेवादारों से समस्याओं/ व्यवस्थाओं के संबंध में वार्ता गई। नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं मंदिर के पहुंच मार्गो का पैदल भ्रमण कर साफ सफाई मार्गो की प्रकाश व्यवस्था एवं आदि व्यवस्थाओं को देखा गया। उन्होंने अधिकारियों को सभी शिवालयों के आस पास क्षेत्र एवं पहुंच मार्गो पर विशेष साफ सफाई व चूना छिड़काव कराये जाने एवं बैरीकेटिंग लगाये जाने के निर्देश दिए। मंदिर की ओर जाने वाले सभी पहुंच मार्गो पर अस्थाई अतिक्रमण हेतु निरंतर अभियान चलाए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही शिवालयों की ओर जाने वाले सभी मार्गो पर सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएं। शिवालयों की ओर जाने वाले सभी पहुंच मार्गो पर पैच मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। मन्दिरों के आस-पास पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खड़े कराये जाने एवं मन्दिरों के बाहर एकत्रित फूलमालाओं/कूड़े को साथ के साथ उठवाये जाने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद शशांक शर्मा अपर नगर आयुक्त चन्द्र प्रकाश पाठक सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक अधिशासी अभियन्ता जल राम कैलाश जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द अवर अभियन्ता सिविल अरूण कुमार आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा पहले दिन ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न

- समय से आधा घंटा पहले केन्द्र पहुंचे परीक्षार्थी चैकिंग के बाद दिया प्रवेश



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एंव इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को सुबह 8:30 बजे से शुरू हो गई। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह 7:30 बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए घरों से निकल पड़े। परीक्षा केन्द्र पहुंचते ही गेट पर परीक्षार्थियों की चैकिंग की गई। इसके बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश के दौरान भी चैकिंग की गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन बोर्ड परीक्षा संपन्न हुई।

जिले मे बोर्ड परीक्षा नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए जिले में 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए। इसके लिए तीन जोनल मजिस्ट्रेट और 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए, साथ ही उड़न दस्ता भी बनाए गए। जिससे किसी भी तरह से केन्द्रों पर नकल न हो सके। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई। लखनऊ में बैठकर अधिकरियों ने परीक्षा का जायजा लिया, वहीं जिले के अधिकारियों ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं परखा।

जिले में पहली पाली की बोर्ड परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी समय से पहले केन्द्रों पर पहुंच गए। जहां पर परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद कक्षों में प्रवेश करने के लिए दिया गया। समय समय पर अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किए जाने से परीक्षार्थी नकल करने से डरते रहे। जिसके चलते नकल विहीन परीक्षा पहले दिन सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों के गेट पर व आस पास पुलिस बल तैनात रहा जिससे परीक्षार्थियों के अलावा कोई भी परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नही कर सका।

# भारत की जीत पर जश्न मना कर लोगों ने बांटी मिठाइयां

अवधनामा संवाददाता

- जीत का चैका लगते ही चारों तरफ सुनाई दी पटाखों की गूंज

**महोबा।** चैंपियन ट्रॉफी के दूसरा महामुकाबला चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान और भारत के बीच खेला गया। जिसमें भारत में पाकिस्तान को हराते ही रविवार की रात को आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। चारो तरफ पटाके की गूंज सुनाई देने लगी। रात में ही शहर के युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया। और एक दूसरे को भारत की जीत की बधाई दी। दुबई में चल रही चैंमपियन ट्रॉफी के दौरान रविवार को भारत और पाकिस्तान का मैच शुरू हुआ। मैच शुरू होते ही दुकानदार दुकानों में दुकान की बिक्री करने के बजाए मैच देखने में व्यस्त रहे। दुकानों पर चल रहे टीवी पर मैच देखने के लिए आस पास के दुकानदार भी पहुंच गए, और क्रिकेट मैच का आनंद लेने लगे। लोगों मे भारत पाकिस्तान का मैच देखने के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन का लक्ष्य दिया था।

भारत के बल्लेबाज जैसे ही फील्ड पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और चैके छक्कों का नजारा दर्शकों को देखने को मिला। भारत पाकिस्तान का मैच होने के कारण तमाम दुकानदारों ने पहले से ही दुकानों पर टीवी लगवा ली थी। इसके बाद मैच शुरू होते ही भारी सख्या में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ दुकानों पर जुट गई। लेकिन भारत के खिलाड़ियों ने 42.3 ओवर में 4 विकेट पर ही 244 रन बनाकर पाकिस्तान को हरा दिया। टीवी पर देख रहे लोग भारत की जीत का चैका लगते ही उछल पड़े। इसके बाद शहर में जगह जगह पटाखे दागे गए, जिससे चारों तरफ पटाखे की गूंज काफी देर तक सुनाई देती रही। जीत की खुशी में लोगों ने नृत्य कर जश्न मनाया, और एक दूसरे को भारत की जीत पर मुंह भी मीठा कराया।

# जन नेता स्व.मुरारी लाल जी जैन की पांचवी पुण्यतिथि मनाई

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** संग्राम सेनानी सेठ शिव प्रसाद जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय जाखलौन में मनाई गई। समस्त लोगों द्वारा उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। नेताजी का जीवनकाल संघर्षमय रहा। उनका जन्म 30 मार्च 1955 को जाखलौन में हुआ। आपकी शिक्षा जाखलौन से लेकर वर्णी कालेज,एवं नेहरू महाविद्यालय ललितपुर छात्र संघ अध्यक्ष तक रहे, आपकी विचार धारा गरीब मजलूमों के हितों में लड़ाई लडना,और उनके हक को उन्हें दिलाना आपका मुख्य उद्देश्य रहा।आपने झांसी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से बकालत की डिग्री प्राप्त की, और उसे अपना पैसे भर वकालत न कर कर निःशुल्क गरीब मजलूमों की लड़ाई लड़ी, आपकी विचारधारा समाजवादी विचारक सामंत साही ताकतों के खिलाफ लडना, आम जन मानस के लिए उनके हकों को दिलाना आपका मुख्य उद्देश्य रहा ,आपने आदि बासी समुदाय के लिए 20साल संघर्ष किया उन्हें ललितपुर जिले में चुनाव लडने का अधिकार भी दिलाया जल जंगल और जमीन भी आपकी देन हे और लडना भी सिखाया, शिक्षित भी आपने किया। आपने 1980 से लेकर 1985 तक राजघाट बांध किसानों का मुआवजा ललितपुर में पानी की व्यवस्था को लेकर कई आंदोलन किया जिसमें आपको कई दिनों तक आम जनमानस की समस्या को लेकर जेल में भी रहना पड़ा ,कई बार आपको अपनी जनता के प्रति शासन प्रशासन का अत्याचार भी सहना पड़ा, लेकिन विजई आपकी हुई। जब जनता दल की देश में सरकार चरम पर थी तब आप जनता दल में रहकर देश हित का कार्य कर रहे थे,और आपने जनता दल से ललितपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा , हार जीत जीवन का पहलू हे,जब नारा लगता था कि जनता दल के दो ही लाल, बीपी सिंह मुरारी लाल कभी आप जार्ज फर्नांडी जी, शरद यादव जी, लडली मोहन निगमजी, रघु ठाकुर जी, पूर्व प्रधान मंत्री बीपी सिंह जी के साथ रहकर कर कार्य कर रहे थे, कभी कभी तो मोती लाल जी बोरा राज्यपाल रहते हुए आपको राजभवन में रोका करते थे, ललितपुर दौरे पर होते हुए आपको रेस्ट हाउस में भी बुला लिया करते थे, फिर 1992 में जब समाजवादी पार्टी का जन्म हुआ तब आप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे।

# राष्ट्रीय लोक दल की मजबूती है एनडीए की मजबूती



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** राष्ट्रीय लोक दल प्रदेश एंव पूर्व एमएलसी रामाशीस राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल की मजबूती एनडीए की मजबूती है। आगामी पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर और अपने पुराने जनाधार को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय लोक दल का संगठन तेजी से कार्य कर रहा है। संगठन को जिला ब्लाक तथा बूथ तक ले जाने के लिए संगठनात्मक समीक्षा की जा रही है। इसी के मद्देनजर सोमवार का दौरा किया गया।

महोबा भ्रमण के दौरान रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा कि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी जयन्त सिंह को प्रधानमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हे कौशल विकास एंव उद्यमशीलता मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंपा है। और शिक्षा राज मंत्री का भी दायित्व दिया है। जिसके माध्यम से प्रदेश और देश में चैधरी जयन्त सिंह केन्द्र सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में जुटे हुए है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गांव और किसान को समृद्ध करने के लिए गांव आधारित योजनाओं की श्रृखला खड़ी करने के लिए कार्य किया जाए। भारत रत्न चैधरी चरण सिंह का सपना था कि कुटीर उद्योग धंधो को ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करने और नवजवानों को हुनरमंद बनाया जाए। केन्द्र सरकार उनके सपनों के अनुसार ग्रामीण विकास और नवजवानों को टेक्निकल रूप से सक्षम बनाने में जुटी है।

# हड्डी की चोट का प्रथम सही निदान है तुरन्त देखभाल: डॉ. आकाश

अवधनामा संवाददाता

- ललितपुर बनेगा यूपी की अस्थिरोग विशेषज्ञता का मजबूत गढ़ : डा.संतोष सिंह
- हड्डी रोग चिकित्सा में जनपद का सबसे बड़ा आयोजन ललितपुर ऑर्थोकॉन-2025 सम्पन्न



**ललितपुर।** जनपद में पहली बार अस्थिरोग विशेषज्ञों का संगम ललितपुर ऑर्थोकॉन-2025 देश भर के महान अस्थिरोग विशेषज्ञों की मौजूदगी में सम्पन्न हो गया। ललितपुर ऑर्थोकोन-2025 में हड्डी की विशेषज्ञता पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसमें नयी चिकित्सा पद्वतियों और नवाचारों पर सकारात्मक विचार सामने आये। प्रदेश के 65 जिलों में ललितपुर का 23वां ऑर्थोपेडिक क्लब बनाये जाने की घोषणा प्रदेश आर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने मंच से की। ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव डा.आकाश खैरा ने पावर प्वाइण्ट प्रिजेंटेशन के माध्यम से समझाया कि सामान्य प्राथमिक चिकित्सा तकनीक क्या है और समय से रिफरल की समझ से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों की जान कैसे बचायी जा सकती है। क्लब के जिलाध्यक्ष डा.एके दिवाकर ने अपना शोधालेख प्रस्तुत करते हुये बताया कि बर्जर डिसीज क्या है और इसका सरल और स्थायी समाधान क्या है। कान्फेंस में यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष डा.संतोष सिंह ने ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब को उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन से जोडने की घोषणा की, जिससे ललितपुर को प्रदेश की सर्वोत्तम चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा। आयोजन की थीम ब्रेकिंग बैरियर्स द फ्यूचर ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एण्ड मल्टी स्पेशल्टी केयर यानी निर्बाध अस्थिरोग चिकित्सा का भविष्य और विशेषज्ञ देखभाल रही। हड्डी के ट्यूमर से सम्बन्धि चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी डा.उत्कर्ष पाल ग्वालियर ने नयी अध्यावधिक जानकारियां देकर जागरूक किया। झाँसी ऑर्थोपेडिक क्लब के अध्यक्ष डा.संजय त्रिपाठी ने बताया कि जोड़ प्रत्यारोण की भ्रान्तियां और सच्चाई क्या हैं। उरई मेडिकल कॉलेज के आर्थोपेडिक एचओडी डा.पारस गुप्ता ने विशेष चोटों के मरीजों की जानकारी और अनुभव साझा किये। डा.सौरभ साहू ने घुटने ऑपरेशन के लिगामेंट के आधुनिक इलाज की जानकारी दी। आयोजन के सहयोगियों में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.इम्तियाज खान, जिला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं धन्वन्तरि कल्याण समिति के अध्यक्ष डा.राजकुमार जैन, झांसी ऑर्थोपेडिक क्लब के अध्यक्ष डा.संजय त्रिपाठी और नीमा ललितपुर के अध्यक्ष डा.एस.पी.पाठक, सेवा निवृत्त सीएमओ डा.खेमचंद वर्मा, सभी विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। ललितपुर के दिवंगत प्रख्यात अस्थिरोग विशेषज्ञ डा.निर्मलचंद जैन एवं आयुर्वेद चिकित्सक डा.रजनीश समैया को मरणोपरान्त उनके विशिष्ट योगदान पर सम्मानित किया गया। जो उनके परिवारीजनों ने प्राप्त किया। इस सेमिनार में डिप्टी सीएमओ डा.रामनरेश सोनी, वरिष्ठ फिजिशियन डा.पवन सूद, जिला टीकाकरण अधिकारी डा.शिवप्रकाश वर्मा, डा.आर.के.अग्रवाल, डा.राजीव जैन, वरिष्ठ फिजिशियन डा.आर.पी.सिंह, डा.डी.के.राज, डा.जयश्री राज, डा.दीपाली जैन, डा.गीतांजलि, डा.अनीता जैन, डा.शोभा जैन, आईएमए सचिव डा.विकास जैन, नीमा सचिव डा.संजीव कडंकी, क्लब के उपाध्यक्ष डा.एमसी गुप्ता, डा.एस कौर वालिया, डा.आलोक जैन, ईएनटी विशेषज्ञ डा.अनुपम मिश्रा, डा.शिखा जैन, डा.चेतनराज, डा.विजय द्विवेदी, डा.विशाल जैन सर्जन, डा.विकास जैन, पैथोलोजिस्ट डा.श्वेता, अल्ट्रासाउण्ड व स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा.सौम्या कश्तवार, डा.सोनिया रजक, डा.ओजस सेठ, डा.प्रिया जैन, एचओडी डा.श्रुति सिह एवं सदस्यगण डा.के.के.मिश्रा, डा.मनोज वर्मा, डा.शुभम असाठी, डा.निर्भय निरंजन, डा.पीयूष जैन और डा.नितिन जैन, झांसी के डा.गौरव बनौरया, डा.निखिल जैन, डा.प्रवीण बनौरया, डा.सुधीर रजक, डा.प्रशान्त पाठक, जर्मनी से आये डा.गगन खैरा, प्रतीक सिंघई, भारतीय दंत चिकित्सा एसोसिएशन के संरक्षक डा.श्रीराम साहू आदि सैकड़ों विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। मध्य प्रदेश के मालथौन से डा.पीके जैन, चन्देरी से डा.आर.एम.पाराशर शामिल रहे। आभार डा.एके दिवाकर ने जताया।

# शिवरात्रि पर चेहरे का श्रंगार होगा मुश्कान से

**ललितपुर।** आध्यात्मिक गुरु व शान्तिदूत श्रीश्री रविशंकर जी के विश्व प्रसिद्ध आर्ट ऑफ लिविंग फाउन्डेशन के योगा टीचर सुबोध शर्मा विश्वास ने एक भेंटवार्ता में बताया कि शिवरात्रि के पावन पर्व पर आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर चैप्टर द्वारा तीन दिवसीय हैप्पीनैस कोर्स जो 26-28 फरवरी तक स्थानीय श्रीश्री 1008 श्री धनुषधारी मंदिर में स्थित गहोई धर्मशाला में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें योगासन-प्राणायाम-ध्यान के अभ्यास कराया जायेंगे। कोर्स के दौरान विभिन्न गेम्स व ज्ञानवर्धक जानकारी दी जायेंगी। सुबोध शर्मा ने आगे बताया कि श्रीश्री की अलौकिक सुदर्शन चक्र क्रिया भी करायी जायेगी। हैप्पीनैस प्रोग्राम के दौरान आपके चेहरे पर मुस्कान, जीवन में प्रेम व खुशियों का एवं विचारों में सकारात्मक ऊर्जा का समावेश होता है। उल्लेखनीय है विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन चक्र क्रिया को अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में सैलेबस में सम्मिलित किया गया है। संस्कार टीचर जगदीश द्विवेदी ने सभी प्रबुद्ध जनों से इस हैप्पीनैस प्रोग्राम से जुडने की बात रखते हुये कहा कि हैप्पीनैस प्रोग्राम के पश्चात व्यक्ति के स्वास्थ्य व स्वभाव में आमूल-चूल परिवर्तन आते हैं।

# आयोजित होगी फोटो एवं निबंध प्रतियोगिता: एडीएम

अवधनामा संवाददाता

- अपनी कृतियां व्हाट्सएप नंबर पर भेज सकते है।
- ललितपुर की सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक संपदा पर उत्कृष्ट फोटो व निबंध को मिलेगा पुरस्कार
- 2 दिवसीय आयोजन में दीपोत्सव, सम्मान समारोह एवं चित्र प्रदर्शनी का होगा आयोजन
- प्रकाशमान होंगे सरकारी भवन, विद्यालयों में होंगी प्रतियोगिताएं



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि 01 मार्च 2025 ललितपुर स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से ललितपुर की सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक संपदा पर आधारित फोटोग्राफी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्हाट्सएप नम्बर 9454345035, 9454512385 एवं ईमेल आईडी जारी की गई है, जिस पर जनपद में निवासरत आम नागरिकों से ललितपुर की सृास्कतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास, प्राकृतिक सम्पदा आदि से सम्बंधित फोटोग्राफ्स एवं निबंध आमंत्रित किये गए हैं, जनपद का कोई भी नागरिकों को उक्त कृतियों के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर व अन्य व्यक्तिगत विवरण भेजना अनिवार्य है। उत्कृष्ट फोटो व निबंध को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 दिवसीय ललितपुर महोत्सव की शुरूआत पूर्व संध्या 28 फरवरी की शाम दीपोत्सव से होगी। इस अवसर पर सभी जनपदवासी अपने-अपने घरों में 5-5 दीप जलायेंगे और शाम को तुवन प्रांगण में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और समस्त सरकारी भवनों पर भी आकर्षक रोशनी की जायेगी। 1 मार्च को सुबह 11 बजे से कल्याण सिंह सभागार में जनपद घोषित होने के बाद से अब तक किये गये विकास कार्यो, जनपद के इतिहास, प्राकृतिक व पर्यटन सम्पदा को प्रदर्शित करने वाली चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके साथ ही आज 24 फरवरी से 1 मार्च तक जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में गोष्ठियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जनपद के ऐतिहासिक, पुरातात्विक धरोहरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

# अप-टू-डेट रखें कार्यालय के अभिलेख : एसपी



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने अपने ही कार्यालय की प्रधान लिपिक शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाखा की साफ-सफाई, रजिस्टर व पत्रावलियों का रख रखाव आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित शाखा प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण कर लम्बित पत्रावलियां का अवलोकन किया गया तथा उनका गुण-दोष के आधार पर उचित व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। सभी अधिकारियों- कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन कर, उनको अध्यावधिक करने व उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। पेन्सन प्रकरण से सम्बन्धित पत्रावलियां का अवलोकन कर उनका उचित व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। वीआर/सीवीआर आदि से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को निर्धारित एसओपी के अनुरूप अंकित करने तथा उनका उचित व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। सभी प्रकार की डाक पत्रावलियों का समय से सम्बन्धित को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधान लिपिक कार्यालय में नियुक्त महिला आरक्षी पूजा को आबटिंत कार्य से सम्बन्धित अभिलेखों को अध्यावधिक करने, उचित रखरखाव व बेहतर जानकारी के लिये 3000/- रूपये की नगद धनराशि से पुरस्कृत कर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

# पंचतत्व में विलीन हो गये वरिष्ठ पत्रकार पं. राकेश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले की पत्रकारिता में अपने सरल, सौम्य व्यवहार और अपनी उत्कृष्ट लेखनी के जरिए पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार पं.राकेश शुक्ला का आकस्मिक निधन हो गया। उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार पं.राकेश शुक्ला के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर शहर में शोक लहर दौड़ गयी। यह दुखद समाचार सुनकर शहर के विभिन्न तबके के लोगों का उनके पैतृक निवास मोहल्ला सरदारपुरा में जमाबड़ा लग गया। लोगों ने उनके असमय निधन को गहरा आघात बताते हुये दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें कीं। अपराह्न 12 बजे उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से इलाईट स्थित मुक्तिधाम तक पहुंची, जहां जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप, एसडीएम न्यायिक मनीष कुमार, नायब तहसीलदार के अलावा अनेकों प्रेस क्लब (रजि.) के पदाधिकारी व सदस्य, बीएमपीसी रजि. के पदाधिकारी, राजनेता, अधिवक्ता, राजस्व कर्मियों के अलावा हर वर्ग के लोग पहुंचे। मुक्तिधाम पर मान्यता प्राप्त पत्रकार राकेश शुक्ला को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी।

# मूंगफली क्रय केन्द्र पर किए गए भ्रष्टाचार का एमएलसी ने उठाया मुद्दा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने किसानों की मूंगफली एमएसपी पर खरीद में प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों, खरीद केन्द्र प्रभारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सदन में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। एमएलसी ने सदन में आरोप लगाया है कि बुन्देलखण्ड के जनपद. महोबा के मूंगफली की फसल को सरकारी क्रय केन्द्रों पर सरकार द्वारा किसानों को दिया जा रहा एमएसपी का लाभ मूंगफली किसानों को न देकर साजिशन सीधे क्रय केन्द्रों के विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से मूंगफली के बड़े व्यापारियों, बिचौलियों को लाभ पहुंचाया गया है। जिन किसानों की सरकारी खरीद केन्द्रो में मूंगफली बिक भी गयी है वह अधिकतर किसान आज भी सिक्स आरण् पाने के लिये खरीद केन्द्रों के चक्कर लगा रहे है। एमएलसी ने सदन में बताया कि मूंगफली खरीद केन्द्रों में खुलेआम भ्रष्टाचार कर सरकार की नीतियों का पालन नही किया गया। जिन किसानों ने अपनी मूंगफली केन्द्रों पर बेची उनसे आर्थिक रूप से सुविधा शुल्क के नाम पर 1000 से 1500 रूपये तक प्रति कुतंल के हिसाब से वसूले गये, जिन मूंगफली किसानों ने सुविधा शुल्क नही दिया वह केन्द्रो पर मूंगफली बेचने से वचित रह गये। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि उक्त सम्बन्ध में एक क्रय केन्द्र में विभागीय अधिकारी द्वारा एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। भ्रष्टाचार के कारण मूंगफली किसानों में सरकार एंव जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध आक्रोश व्याप्त है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच करायी जाना जनहित में आवश्यक है। श्री सेंगर ने मांग रखी कि मूंगफली खरीद के लिए हुए पंजीयन से लेकर बिक्री की जांच करायी जाए तथा उच्चस्तरीय जांच कराते दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अविलम्ब कराये जाने की मांग की।

# पीस कमेटी का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश के साथ थाना श्रीनगर में आगामी त्यौहारों (महाशिवरात्रि, होलिका दहन व माह रमजान) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं/ गणमान्य/ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/ किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ/ गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर आयोजित होने वाले जुलूस/शिवबारात अदि कार्यक्रमों के मार्गो का निरीक्षण कर जुलूस /शिवबारात के रुट पर पर्याप्त पुलिस व प्रकाश का प्रबंध करते हुये महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# ग्रामीण छात्रों में शिक्षण सामग्री वितरित कर मनाया गया: डा. इंद्रेश कुमार का जन्म दिवस

- डॉ. इंद्रेश कुमार इस शताब्दी के महापुरुष हैं: डॉ. अली

अवधनामा संवाददाता



**महमूदाबाद।** गौरक्ष प्रान्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार जी के जन्म सप्ताह (18 फरवरी से 23 फ़रवरी) को सदभावना सप्ताह के रुप में मनाने का आह्वान किया गया था उसी कड़ी में आज गौरक्ष प्रान्त के सह संयोजक डॉ0 अली जफर ने रा0इ0 कालेज लैलखुर्द में ज़रूरत मन्द ग्रामीण छात्र छात्राओं में पाठ्य सामग्री और मिष्ठान वितरण कर इंद्रेश जी का जन्म दिन मनाया साथ ही उनकी लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ के लिए प्रार्थना भी कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कॉलेज की अंग्रेजी प्रवक्ता श्रीमती निरुपमा वर्मा जी और विशिष्ट अतिथि मो0 हारून जी प्रवक्ता भूगोल रहे। इस अवसर पर डा. अली जफर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जिस महापुरुष का जन्म सदभावना सप्ताह के रुप में मना रहे हैं वो देश के राष्ट्र नायक और हमारे स्वाभिमान हैं। उन्होंने जिस तरह से भारतीय समाज को जागरूक करने का कार्य किया है वो सराहनीय है। उनकी सोच है कि देश का हर नागरिक शिक्षित और आत्मनिर्भर बने इसके लिए सैंकड़ों संगठन उनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। डा0 अली जफर ने आगे कहा कि शिक्षा- सफलता की चाभी है ÷शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की रीढ़ होती है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बने और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़े। यह पहल केवल शिक्षण सामग्री वितरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को जागरूक करने का एक संकल्प भी है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निरुपमा वर्मा ने अपने सम्बोधन में बच्चों को अपने छात्र जीवन की कुछ एनर्जिक चीजों को शेयर किया जिससे छात्रों में एक अलग उत्साह दिखा और उन्होंने सबको शपथ दिलाई कि कोई भी बच्चा पढ़ाई छोड़ के बाल मज़दूरी नही करेगा। मंच के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी समाज के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

# पाकिस्तानियों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी, शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक सबने उठाए सवाल



**कराची।** एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा।

**शोएब अख्तर की प्रतिक्रिया**

भारत की जीत के बाद अख्तर ने सोशल मीडिया इंस्टा पर वीडियो शेयर किया और पाकिस्तान की हार पर अपनी राय दी और दुखी होकर कहा कि, मैं बिल्कुल भी निराश नहीं हूं। इस गेंदबाज ने पाकिस्तान टीम पर निशाना साधते हुए कहा, आपकी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाज तक नहीं हैं। मैं दुखी हूं। खिलाड़ियों को पता ही नहीं क्या करना है। उनके पास कोई स्किल सेट भी नहीं है। उन्हें रोहित और कोहली से सीखने की जरुरत है। मुझे पता था कि इस मैच में क्या होने वाले हैं। दुनिया छह गेंदबाजों के साथ खेल रही है। इन खिलाड़ियों को क्या कहें, जैसा मैनेजमेंट हैं वैसे ही ये बच्चे हैं। पाकिस्तानी खिलाड़ी बस चले गए हैं, लेकिन उन्हें करना क्या है ये पता ही नहीं है।

**कोहली को लेकर अख्तर का बयान**

शोएब अख्तर ने कहा, अगर कोहली फॉर्म में नहीं हैं और उन्हें कोई कह दे कि आपका मैच पाकिस्तान के साथ है तो वह पूरी तैयारी के साथ आते हैं। उन्होंने इस मैच में भी यही किया। वह हमारे खिलाफ पूरी तैयारी से आते हैं। वह वनडे में रन चेज मास्टर हैं। वह एक कमाल के क्रिकेटर हैं। पता नहीं वह शतकों का शतक लगा पाएंगे या नहीं, लेकिन वह एक महान बल्लेबाज हैं। मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। उन्हें बस अपना खेल खेलने दें और उनके बारे में ज्यादा न बोलें। आप देखिए वह हमेशा पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हैं। उनसे 14000 रन भी पूरे कर लिए हैं। मैं चाहता हूं कि वह शतकों का शतक पूरा करें। आधुनिक क्रिकेट के वह किंग हैं...चेज मास्टर हैं। मैं उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

**वसीम अकरम ने कही यह बात**

दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद स्पोर्ट्स सेंट्रल पर बात करते हुए दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अब बहुत हो गया है! हम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्षों से उन्हीं खिलाड़ियों के साथ हार रहे हैं। अब समय आ गया है कि साहसिक कदम उठाया जाए और निडर क्रिकेट खेलने वाले युवा खिलाड़ियों को लाया जाए। यदि आप बड़े बदलाव करना चाहते हैं, तो इसके लिए जाएं। नए खिलाड़ियों को छह महीने दें, उनका समर्थन करें और 2026 टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू करें। अब बहुत हो गया। आपने पहले भी खिलाड़ियों को मौके दिए और उन्हें स्टार बना दिया।

**हम चिल्ला रहे, टीम सही नहीं है**

अकरम ने कहा, पाकिस्तान के गेंदबाजों ने पिछले पांच मैचों में 60 की औसत से 24 विकेट चटकाए हैं। चौंकाने वाला आंकड़ा यह है कि पाकिस्तान का गेंदबाजी औसत 14 टीमों में दूसरा सबसे खराब है, जिसमें ओमान और यूएसए शामिल हैं, जिन्होंने इस साल एकदिवसीय क्रिकेट खेला। अब हमें क्या करना चाहिए? अध्यक्ष को घर लौटना चाहिए, कप्तान, कोच और चयन समिति को बुलाना चाहिए और पूछना चाहिए कि उन्होंने किस तरह का चयन किया है। क्या ऐसा लग रहा था कि खुशदिल शाह और सलमान आगा किसी भारतीय बल्लेबाज को आउट कर सकते थे? हम यहां चिल्ला रहे हैं, कह रहे हैं कि स्क्वॉड ठीक नहीं है। अध्यक्ष ने उन्हें एक दिन शेष रहते टीम की घोषणा करने के लिए कहा। उन्होंने एक घंटे तक बैठक की और इस तरह की टीम का एलान कर दिया।

**अकरम-आमिर-शहजाद ने रिजवान की आलोचना की**

वसीम अकरम ने रिजवान की आलोचना करते हुए कहा, कप्तान जहाज का लीडर होता है। टीम कैसे सफल होगी अगर रिजवान नहीं जानते कि उन्हें किस मैच विजेता खिलाड़ी की जरूरत है? जब भारत लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें और 18वें ओवर तक पहुंच गया तो पाकिस्तानी खिलाड़ी खेल से पूरी तरह से बाहर दिखे। प्रशंसकों का जल्दी जाना कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं देखा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सिर्फ वसीम अकरम ही नहीं, मोहम्मद आमिर, अहमद शहजाद और राशिद लतीफ जैसे पूर्व दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी रिजवान को कप्तान बनाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। हारना मना है शो पर इन तीनों ने कहा कि वह रिजवान को एक कप्तान के तौर पर नहीं देखते हैं। शहजाद ने तो टीम में गुटबाजी का भी आरोप लगाया और कहा कि सात-आठ खिलाड़ियों का एक ग्रुप है, जिसका बाबर और रिजवान हिस्सा हैं। ये आपस में फैसला करते हैं कि कौन कप्तान बनेगा। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखता है तो वह उसे बाहर करने पर तुल जाते हैं।

**मलिक-हफीज और सना मीर की प्रतिक्रिया**

मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक ने भी पाकिस्तान की हार पर प्रतिक्रिया दी है। मलिक ने तो गाना गाया, दिल के अरमां आंसुओं में बह गए।

## भारत-पाकिस्तान महामुकाबले का क्रेज

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा मुकाबला खेला गया। इस मैच के लिए फैंस के बीच पहले से ही उत्साह था। अब जब मुकाबला खेला जा रहा था तो इसने मनोरंजन की सारी हदें पार कर ली। दरअसल, इस मैच को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जियो हॉटस्टार पर प्रसारित किया जा रहा था। जियो हॉटस्टार पर 60 करोड़ से ज्यादा लोग एक वक्त पर इस मैच को देख रहे थे। इसलिए इस मुकाबले को बाकी सभी मुकाबलों से बड़ा कहा जाता है। जब-जब ये दोनों टीमें भिड़ती हैं, ओटीटी हो या टीवी पर ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स, व्यूअरशिप हमेशा चरम पर होता है। इसी लिस्ट में अब दुबई में जारी चैंपियंस ट्रॉफी का भारत-पाकिस्तान मुकाबला भी शामिल हो गया है। सोशल मीडिया पर व्यूअरशिप फिलहाल चर्चा का विषय है। फैंस इस बारे में पोस्ट कर रहे हैं और भारत पाकिस्तान मुकाबले के क्रेज के बारे में बात कर रहे हैं।

# पाकिस्तान पर कहर बनकर टूटा कोहली का कवर ड्राइव

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान के 242 रन के लक्ष्य को भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सेमीफाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे। उन्होंने 111 गेंद में 100 रन की नाबाद पारी खेली। विराट पुराने रंग में नजर आए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कुछ शानदार कवर ड्राइव लगाए। अब मैच के बाद उन्होंने कवर ड्राइव को लेकर अपने प्यार को जाहिर किया है। बीसीसीआई ने विराट का यह वीडियो साझा किया है।

**कोहली को कवर ड्राइव से प्यार क्यों?**

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में विराट कवर ड्राइव की तैयारी करते दिख रहे हैं। वह कहते हैं, यह शॉट पिछले कुछ वर्षों में मेरी कमजोरी रही है। मैंने पिछले कुछ वर्षों में इस शॉट पर खूब रन भी



बटोरे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में मैंने अपने शॉट्स पर भरोसा जताया। शुरुआत में जो मैंने जो कुछ रन बटोरे वह कवर ड्राइव पर थे। मैं यही सोच रहा था कि इसे जारी रहने देता हूं और थोड़ा जोखिम उठाते हुए अपने शॉट्स को खेलना जारी रखता हूं। जब मैं इस तरह के कवर ड्राइव्स खेलता हूं तो अच्छा महसूस करता हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए एक अच्छी पारी रही। एक टीम के तौर पर भी हमने अच्छा काम किया। किसी महत्वपूर्ण मैच में इस तरह से बल्लेबाजी करना अच्छा लग रहा है। इस मैच से सेमीफाइनल के लिए जगह दाव पर था। ऐसे मुकाबले में योगदान देना और टीम को जिताना और क्वालिफाई कराने पर अच्छा महसूस हो रहा है।

**तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी से प्यार**

कोहली ने कहा, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए जो एक चीज मेरे दिमाग में हमेशा रहती है वह यह है कि मुझे बीच के ओवरों पर नियंत्रण बनाए रखना होता है। मुझे स्पिनरों के खिलाफ जोखिम नहीं लेना और तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाना होता है। चेज करते हुए मैच को खत्म करने पर मुझे काफी अच्छा लगता है। मैं इस की स्थिति को प्राथमिकता देता हूं। पिछले कई वर्षों से मेरा टीम में किरदार वही रहा है।

# सोशल मीडिया पर छाए विराट कोहली, सचिन-युवी से लेकर राहुल गांधी-आनंद महिंद्रा तक ने दी प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** जानी मानी हस्तियों ने विराट की तारीफों के पुल बांधे हैं। विराट ने वनडे क्रिकेट में 51वां शतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। एक्स पर कई प्रमुख हस्तियों ने प्रतिक्रियाएं दीं।



विराट कोहली के नाबाद शतक की मदद से चैम्पियंस ट्रॉफी के बहुचर्चित मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत के बाद सोशल मीडिया पर टीम इंडिया और विराट की जमकर तारीफ की जा रही है। क्रिकेटरों से लेकर राजनेताओं तक और विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों ने विराट की तारीफों के पुल बांधे हैं जिन्होंने वनडे क्रिकेट में 51वां शतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। एक्स पर कई प्रमुख हस्तियों ने प्रतिक्रियाएं दीं। आइए देखते हैं...

सचिन तेंदुलकर ने कहा, सबसे ज्यादा जिस मैच का इंतजार था, उसका परफेक्ट परिणाम। सही मायने में नॉकआउट। विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की शानदार पारियां और हमारे गेंदबाजों खासकर कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या का अद्भुत प्रदर्शन।

सौरव गांगुली ने कहा, भारत की अपेक्षित जीत। कहीं बेहतर टीम और बल्ले तथा गेंद को लेकर कहीं बेहतर जज्बा । कोहली, गिल, श्रेयस और गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, भारतीय टीम को पाकिस्तान पर चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली जीत के लिये बधाई। क्या शानदार हरफनमौला प्रदर्शन। विराट कोहली का जिक्र खास तौर पर जिन्होंने शानदार पारी खेली और 14000 वनडे रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले बल्लेबाज बने।

युवराज सिंह ने कहा, जब समय होता है तब यह जरूर चलते हैं। किंग कोहली अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में। शानदार शतक। श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की भी शानदार पारियां और गेंदबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन। एकतरफा ही रहा यह मैच।

हार्दिक पांड्या ने कहा, भूख, साहस और एकता...इस टीम को यही इतना जबर्दस्त बनाती है। खास जीत और विराट कोहली की यादगार पारी से मिली जीत। राहुल गांधी ने कहा, भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत। टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन और कोहली का शतक रहा सबसे आगे। हर उस दिल के लिये यादगार जीत जो भारतीय क्रिकेट के लिये धड़कता है।

स्मृति ईरानी ने कहा, अभूतपूर्व विजय, अजेय भारत। चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत टीम इंडिया के जज्बे, मेहनत और जुनून का प्रतिबिंब है। इस शानदार सफलता के लिये टीम भारत और देशवासियों को बधाई।

उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने कहा, आपको पता है कि आप खास हैं जब आपका मैच जिताने वाला स्ट्रोक आपका शतक भी पूरा करता है।

# राज कुंद्रा और गीता बसरा ने मोहाली में राकेश मेहता की पंजाबी फिल्म मेहर की शूटिंग शुरू की



**मुंबई।** कैमरे रोल हो रहे हैं, और उत्साह का माहौल है क्योंकि राज कुंद्रा और गीता बसरा ने राकेश मेहता की नवीनतम पंजाबी फिल्म मेहर की शूटिंग शुरू कर दी है। दिव्या भटनागर और रघु खन्ना द्वारा निर्मित यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

एक दिल को छूने वाली कहानी और एक शानदार टीम को साथ लाते हुए, मेहर प्यार, रिश्तों और दूसरे मौके की एक कहानी है, जो पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक धारा में लिपटी हुई है। इस फिल्म में मास्टर आगमवीर सिंह, गीता बसरा, बिनंदर बन्नी, सविता भट्टी, रुपिंदर रूपी, दीप मंदीप, आशीष दुग्गल, होबी ढालीवाल, तरसिम पॉल और कुलविर सोनी के साथ राज प्रमुख भूमिका में हैं।

निर्देशक राकेश मेहता, जो ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, कहते हैं, पंजाबी सिनेमा एक मोड़ पर है, और मेहर एक फिल्म है जो भावना, ड्रामा और दिल को मिलाती है। राज और गीता अपनी भूमिकाओं में इतनी गहराई लाते हैं, और मैं पहले ही सेट पर जादू होते देख रहा हूँ। यह फिल्म लोगों के दिलों में लंबे समय तक रहेगी।

राज कुंद्रा के लिए, मेहर पंजाबी फिल्मों में उनका बहुप्रतीक्षित प्रवेश है, और वह इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह कहते हैं, यह कहानी मुझे पहली बार में ही आकर्षित कर गई थी। पंजाबी सिनेमा में एक अनमोल गर्मी और आत्मा है, और मेहर उसे खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। राकेश मेहता और इस शानदार टीम के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव है। मैं इंतजार नहीं कर सकता कि दर्शक देख सकें कि हम क्या बना रहे हैं।

# 'माय मेलबर्न' का ट्रेलर रिलीज

## बॉलीवुड के क्रिएटिव डायरेक्टर्स लेकर आए बेहतरीन कहानियां

हाल ही में चार कहानियों को समेट हुए एक फिल्म 'माय मेलबर्न' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस फिल्म की अलग-अलग कहानियों को कबीर खान, इम्तियाज अली, रीमा दास और ओनिर जैसे बेहतरीन भारतीय निर्देशकों ने बनाया है। जानिए, क्या खास है इस फिल्म में और इसमें मौजूद चार कहानियों में?

मेलबर्न शहर के बैकड्रॉप पर चार बेहतरीन कहानियों को समेट हुए एक फिल्म 'माय मेलबर्न' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म की कहानियों में इंसानी जुड़ाव, पहचान से जुड़ा सवाल जैसे कई विषयों को दिखाया गया है। इस फिल्म से कबीर खान, इम्तियाज अली, रीमा दास और ओनिर जैसे कमाल के डायरेक्टर जुड़े हैं। हर एक डायरेक्टर ने एक-एक कहानी को अपने ढंग से दिखाया है। फिल्म 'माय मेलबर्न' में कुल चार कहानियां हैं, जिनके टाइटल हैं, नंदिनी, जूल्स, एम्मा और सेतारा।



**ओनिर-इम्तियाज की निर्देशित की गई कहानियां**

'नंदिनी' नाम की कहानी को ओनिर ने डायरेक्ट किया है। यह कहानी इंद्रनील नाम के लड़के की है, जो एक समलैंगिक भारतीय शख्स है। वह मेलबर्न में रहता है। अचानक नील से मिलने उसके पिता आते हैं। इस कहानी में पिता और बेटे की तनाव से भरे रिश्ते को दिखाया गया है। वहीं 'जूल्स' को आरिफ अली द्वारा निर्देशित किया गया है लेकिन इम्तियाज अली ने बतौर क्रिएटिव डायरेक्टर इस कहानी के लिए काम किया है। 'जूल्स' कहानी एक नई शादी-शुदा लड़की की कहानी है, जो एक बेघर महिला जूल्स से अनकहे रिश्ते में बंध जाती है।

**रीमा दास-कबीर खान ने डायरेक्ट की ये कहानियां**

'एम्मा' नाम की कहानी को रीमा दास ने निर्देशित किया है। यह कहानी एक डांसर की है, जो सुन नहीं सकती है। कैसे वह अपनी ताकत को पहचानती है, आगे बढ़ती है, इसी कहानी को बेहतरीन ढंग से दिखाया गया है। वहीं कबीर सिंह ने 'सेतारा' नाम की कहानी को डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी एक 15 साल की अफगान लड़की की असल कहानी से प्रेरित है, वह क्रिकेट खेला करती थी। तालिबान से भागने के बाद मेलबर्न में वह अपनी नई जिंदगी शुरू करती है। इस बीच क्रिकेट की तरफ उसका दोबारा लगाव बढ़ता है।'

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

'माय मेलबर्न' फिल्म 14 मार्च 2025 को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अर्का दास, मौली गांगुली, रॉयन लॉसन, सेतारा अमीरी, अरुषि शर्मा और कैट स्टीवर्ट जैसे कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म को कई फिल्म फेस्टिवल्स में प्रीमियर किया जा चुका है, जहां सिने प्रेमियों ने इसे सराहा है।

# 'बाहुबली 2' को भी धराशायी करने में कामयाब रहा 'छावा'

## सवाल ये फिल्म में सच कितना, कल्पना कितनी

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते यानी रिलीज के पहले सात दिन में ही 219.25 करोड़ रुपये का कारोबार करके साल का पहला बड़ा हंगामा कर दिया। अब जबकि महाराष्ट्र के दर्शकों के सामने भी ये धीरे धीरे साफ होता जा रहा है कि फिल्म 'छावा' में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की गई है, फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तीन सौ करोड़ रुपये की कमाई के आगे निकल जाना ये साबित करता दिखता है कि दर्शक अचरज भरी फिल्मों के लिए सिनेमाघर आने के लिए तैयार बैठे हैं। फिल्म 'छावा' के विजुअल इफेक्ट्स की हर तरफ खूब तारीफ हो रही है और फिल्म में संभाजी का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल इसी के साथ उस इलीट क्लब में शामिल हो गए हैं,

**हंगामा**

> फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते यानी रिलीज के पहले सात दिन में ही 219.25 करोड़ रुपये का कारोबार करके साल का पहला बड़ा हंगामा कर दिया।

जिसमें अल्लू अर्जुन, शाहरुख खान, सनी देओल, प्रभास और श्रद्धा कपूर की गिनती होती रही है। फिल्म 'छावा' को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते यानी रिलीज के पहले सात दिन में ही 219.25 करोड़ रुपये का



कारोबार करके साल का पहला बड़ा हंगामा कर दिया। फिल्म को शिवाजी जयंती का खूब लाभ मिला और इसके बाद आए वीकएंड पर तो फिल्म ने गजब ही कर दिया। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार 23.50 करोड़ रुपये, दूसरे शनिवार को 44 करोड़ रुपये और रिलीज के दूसरे रविवार को 40 करोड़ रुपये की कमाई की है। रिलीज के सिर्फ 10 दिनों में 326.75 करोड़ रुपये कमाने वाली निर्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' को लेकर विवाद भी हो रहे हैं। शोधार्थी अंकित जायसवाल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म के तथ्यों से काफी परे होने की बात लिखी है। उन्होंने शिवाजी और संभाजी के रिश्तों के बारे में फिल्म में ज्यादा कुछ न होने पर भी सवाल उठाए। लक्ष्मण उतेकर ने भी अब जाकर ये बात मानी है कि फिल्म में दिखाए गए कई तथ्य उनकी कल्पना से उपजे हैं। येसुबाई के वंशजों की तरफ से इस बारे में भेजे गए मानहानि के नोटिस के बाद उतेकर ने ये बात कही है। फिल्म का कलेक्शन रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी शानदार ही दिख रहा है। फिल्म के घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लेने में ज्यादा दिक्कत नहीं नजर आ रही है।

# मेरे हसबैंड की बीवी सिनेमाघरों में आ चुकी है, लोगों को पसंद आ रहा है ये लव सर्कल

मुदस्सर अज़ीज़ की ताज़ा कॉमेडी फ़िल्म मेरे हसबैंड की बीवी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गई है। आज रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों और आलोचकों की ओर से सकारात्मक समीक्षाएं और प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। चूंकि फिल्म में हंसी के क्षण, अच्छा हास्य, प्रेम प्रसंग, पारिवारिक ड्रामा और एक ताजा कथावस्तु है, इसलिए सिनेप्रेमी ताजा विषय-वस्तु और लगातार हंसी के क्षणों के लिए सिनेमाघरों की ओर दौड़ रहे हैं।

अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर अपनी संक्रामक ऊर्जा और जीवंत आभा के साथ दर्शकों को हंसी के दंगल पर ले जाते हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन अराजकता उनकी बोली से और अधिक बढ़ जाती है, जो उत्तरी



दर्शकों के साथ मेल खाती है। पात्रों के बीच संवाद ऐसे भावों और बोलचाल की भाषा से भरे हैं जो उत्तरी क्षेत्र के लोगों के साथ रोजमर्रा की बातचीत को प्रतिबिम्बित करते हैं, जिससे यह कच्चा और प्रामाणिक लगता है। पारिवारिक गतिशीलता से लेकर रिश्तों तक, कॉमिक टाइमिंग और प्रासंगिकता ऐसे पहलू हैं जिनसे उत्तर भारतीय आसानी से जुड़ सकते हैं। फिल्म का यह दृष्टिकोण एक ऐसा मनोरंजक वातावरण निर्मित करता है, जहां दर्शक साझा वास्तविकताओं के बीच आनंदपूर्वक समय बिता सकते हैं।

इस बीच, मेरे हसबैंड की बीवी को लोगों की तीखी प्रतिक्रिया मिली है। इसकी शक्तिशाली अग्रिम बुकिंग ने फिल्म के विकास को गति प्रदान की है, तथा इसके भविष्य के प्रदर्शन के लिए आधार तैयार किया है। मेरे हसबैंड की बीवी में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में हैं, जबकि शक्ति कपूर, डिनो मोरिया, हर्ष गुजराल और आदित्य सील प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत तथा वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा निर्मित इस फिल्म का आनंद अब बड़े पर्दे पर लिया जा सकता है।

# रेलवे और मध्य प्रदेश में बिजली खरीद समझौता वैष्णव बोले- 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य करेंगे पूरा

**भोपाल।** एमपी ग्लोबल निवेशक सम्मेलन में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद वर्चुअल संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को नेट जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है। रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं।

रेलवे विद्युतीकरण की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं। एमपी ग्लोबल निवेशक सम्मेलन में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद वर्चुअल संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को नेट

**तैयार**

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है**

जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है।

केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हो चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने की क्षमता में इजाफा किया गया है। रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति की





जा चुकी है। आज मध्य प्रदेश के साथ 170 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता रेलवे, वारी एनर्जी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के बीच हुआ है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। अगर मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित कर सकता है तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है। हम पवन ऊर्जा की खरीद में भी रुचि रखते हैं।उन्होंने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए मध्य प्रदेश के साथ हस्ताक्षरित समान मॉडल पर अन्य राज्यों के साथ भी समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को 2025-26 के लिए 14,745 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड रेल बजट मिला है।

2014 से पहले मध्य प्रदेश में रेलवे लाइन निर्माण की दर केवल 29-30 किलोमीटर प्रति वर्ष हुआ करती थी, जो अब बढ़कर 223 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गई है। वैष्णव ने कहा कि काम की रफ्तार अब 7.5 गुना बढ़ गई है और बजट में 23 गुना वृद्धि की गई है। उन्होंने मध्य प्रदेश में नई स्वीकृत रेल परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला तथा चल रही परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी। मध्य प्रदेश से जुड़ी विभिन्न रेल परियोजनाओं में 1.04 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

# वाईएसआरसीपी को अगले पांच सालों तक नहीं मिलेगा विपक्ष का दर्जा, विपक्ष पर जमकर भड़के पवन कल्याण

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि, वाईएसआरसीपी को अगले पांच सालों तक विपक्ष का दर्जा नहीं मिलेगा। इस दौरान उन्होंने विधानसभा में विपक्षी नेताओं के व्यवहार की भी निंदा की।

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोमवार को कहा कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी को पांच साल तक विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जाएगा। विधानसभा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जनसेना के संस्थापक ने कहा कि वाईएसआरसीपी को विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जा सकता, जिसके पास केवल 11 विधायक हैं। उन्होंने कहा, %अगामी पांच सालों में आपको (वाईएसआरसीपी) विपक्ष का दर्जा नहीं मिलेगा। इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। 11 सीटों के साथ, आपको विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जाएगा।



**वाईएसआरसीपी नेताओं के व्यवहार की आलोचना की**

अभिनेता से राजनेता बने पवन कल्याण ने कहा- कि विपक्ष का दर्जा मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू या जनसेना की तरफ से नहीं, बल्कि नियमों, विनियमों और मानदंडों की तरफ से तय किया जाता है। इस दौरान पवन कल्याण ने राज्यपाल एस अब्दुल नजीर के अभिभाषण के दौरान वाईएसआरसीपी नेताओं के व्यवहार की आलोचना की, जहां उन्होंने कथित तौर पर उनके भाषण की प्रतियां फाड़ दीं।

**विपक्ष से विधानसभा में शिष्टाचार बनाए रखने का किया आग्रह**

जनसेना प्रमुख ने वाईएसआरसीपी के कृत्य की निंदा की और उनसे विधानसभा में शिष्टाचार बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का दर्जा मांग के आधार पर नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक बहुमत वाली पार्टी सरकार बनाएगी और अगली सबसे बड़ी पार्टी को विपक्ष का दर्जा दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल जनसेना 21 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

**राज्यपाल के अभिभाषण के बीच में वाईएसआरसीपी नेताओं ने किया वॉकआउट**

बता दें कि, सोमवार को जगन मोहन रेड्डी अपनी पार्टी के विधायकों के साथ सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान वाईएसआरसीपी के विधायकों और एमएलसी ने राज्यपाल के अभिभाषण का बहिष्कार किया और पार्टी के लिए विपक्ष का दर्जा मांगे जाने की मांग करते हुए लोकतंत्र बचाओ और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाए।

# यात्रियों को रेल मदद एप और 139 पर शिकायत के लिए परेशान होने की जरुरत नहीं, अब सीटीई देंगे राहत

**नई दिल्ली।** अभी ट्रेन में गंदगी समेत अन्य समस्याओं के लिए यात्रियों को कोच पर दिए गए नंबर पर संपर्क करना होता था। लेकिन रेलवे बोर्ड के निर्देश के बाद अब लंबी दूरी की ट्रेनों में ट्रेन के कप्तान को अब ट्रेन के सभी स्टाफ के नाम और नंबर यात्रा शुरू होते ही हैंडहेल्ड टर्मिनल में दर्ज करने होंगे। ट्रेनों में यात्रा करने के दौरान यात्रियों को अक्सर गंदे टॉयलेट्स, अवैध वेंडर्स समेत कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब भारतीय रेलवे ने इन समस्याओं का तुरंत समाधान के लिए एक नया कदम उठाया है। इसकी जिम्मेदारी अब रेलवे ने मुख्य टिकट निरीक्षक सीटीई को सौंपी हैं। सीटीई अब सिंगल कांटेक्ट पांइट होंगे, जिनसे यात्री सीधे सभी प्रकार की शिकायत के लिए संपर्क कर सकेंगे। दरअसल, अभी ट्रेन में गंदगी समेत अन्य समस्याओं के लिए यात्रियों को कोच पर दिए गए नंबर पर संपर्क करना होता था। लेकिन रेलवे बोर्ड के निर्देश के बाद अब




लंबी दूरी की ट्रेनों में ट्रेन के कप्तान को अब ट्रेन के सभी स्टाफ के नाम और नंबर यात्रा शुरू होते ही हैंडहेल्ड टर्मिनल में दर्ज करने होंगे। इससे ट्रेन के सभी कर्मचारियों की जानकारी कंट्रोल रूम और अन्य कोचों के टीटीई को समय पर मिलेगी। इससे यात्रियों की शिकायतों को तुरंत निपटाया जा सकेगा। पहले यात्रियों को अपनी शिकायतों लिए मुख्यत÷ टीटीई से संपर्क करते थे। हालांकि कुछ वर्षों से रेल मदद एप और 139 हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध है,लेकिन इनका उपयोग तब तक किया जा सकता है जब तक कि मोबाइल में नेटवर्क हो। इससे बाद यात्री से पीएनआर, कॉनटेक्ट नंबर और ट्रेन की लोकेशन जैसी जानकारियां मांगी जाती थी। इसमें भी कई बार यात्री जानकारी देने में गलती कर देते थे। इससे समाधान में देरी होती थी। इसके बाद कंट्रोल रूम से संबंधित ट्रेन स्टाफ से संपर्क कर समस्याएं हल की जाती थी। रेलवे बोर्ड के इस नए आदेश के तहत सीटीई को टर्मिनल में ट्रेन के सभी स्टाफ के नाम और संपर्क नंबर यात्रा शुरू करते ही दर्ज करने होंगे। इससे स्टाफ की जानकारी भी कंट्रोल रूम को मिल जाएगी। साथ ही अन्य कोच के टीटीई को भी यह जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि,ट्रेन में अगर टिकट चेकिंग स्टाफ बदलता है तो उस दिन की यात्रा के लिए जो भी टर्मिनल में लॉग इन करेगा। इससे उसकी जानकारी उपलब्ध होगी।

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बता दिया- पीएम मोदी का विकल्प नहीं, अपने लिए भी मांगा समर्थन

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल अपने बारे में साफ कर दिया कि वह स्थायी रूप से पीएम मोदी के साथ रहेंगे, बल्कि यह भी कह दिया कि देश में उनका कोई विकल्प नहीं है। भागलपुर में पीएम मोदी के सामने उन्होंने बिहार चुनाव के लिए वोट भी मांग लिए।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बार न केवल यह साफ किया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहेंगे, बल्कि यह भी कह दिया कि देश में अब कहीं भी इनके ही नेतृत्व में विकास होगा। जनता से कहा कि आप लोग जान लीजिए इन्हीं के साथ सब लोग हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच शेयर करते हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए जनता से समर्थन भी मांग लिया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी का लगातार सहयोग मिल रहा



है। पीएम मोदी पूरे देश के लिए काम कर रहे हैं। अब इधर-उधर कुछ नहीं। अब इनके ही नेतृत्व आगे और विकास होगा। समाज में हमलोग सबके लिए काम कर रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। यह खुशी कि बात है कि बिहार के साथ पूरे देश के किसानों के खाते में सम्मान निधि योजना की राशि भेजी जा रही है। बिहार के किसानों के खाते में आज पैसे जाएंगे। आपको बता दें कि हमलोगों का शुरू से ही खेती किसानों पर फोकस रहा है। कृषि रोड मैप लागू होने से कृषि उत्पादन बढ़ा है। साथ ही मछली, दूध, मांस और अंडा का भी उत्पादन बढ़ा है। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। पीएम मोदी का बिहार के विकास में काफी सहयोग मिल रहा है। इस बजट मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड समेत कई सौगातें बिहार को देश के बजट में मिली। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग 24 नवंबर 2005 को सरकार में आए थे। लालू-राबड़ी राज पर हमला बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि हमलोगों के सरकार में आने से पहले क्या स्थिति थी! लोग शाम होने के बाद घर से बाहर निकलते नहीं थे। हिन्दू-मुस्लिम करते रहते थे। मुस्लिमों का वोट लेते थे और उनपर ध्यान नहीं देते थे। सड़कें नहीं थीं। बिजली का क्या हाल था! पटना में महज आठ घंटा बिजली रहती थी। इसके बाद हमलोगों ने कितना काम किया! राज्य में डर का माहौल नहीं है। अब तो लड़का लड़की बिहार में 11 बजे रात तक काम कर रहे हैं। बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा पर कितना काम किया। 2005 में राज्य का बजट 28 हजार करोड़ रुपये का था। हमलोगों ने लगातार काम किया। अब तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक बिहार का बजट हो गया है।

## चुनाव आयोग 4-5 मार्च को आयोजित करेगा दो दिवसीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 4-5 मार्च 2025 को दिल्ली में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद यह पहला बड़ा कार्यक्रम होगा। चुनाव आयोग (ईसी) ने सोमवार को घोषणा की कि अगले महीने एक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। आयोग ने बताया कि यह सम्मेलन 4-5 मार्च नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट% में आयोजित होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद यह पहला सम्मेलन होगा। इसका मकसद चुनावी प्रक्रिया, नई तकनीकों और चुनाव संचालन में सुधारों पर चर्चा करना है।

## अमेरिका के संघीय कर्मचारियों में अफरा-तफरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया है क्योंकि उन्हें सोमवार तक अपनी हालिया उपलब्धियों की सूची देने के लिए कहा गया है। यह आदेश डीओजीई के प्रमुख एलन मस्क की तरफ से दिया है। अगर कर्मचारी ऐसा नहीं करते, तो उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। एलन मस्क के इस आदेश का कई सरकारी एजेंसियों ने विरोध किया है। वहीं एफबीआई, विदेश विभाग, होमलैंड सिक्योरिटी और पेंटागन जैसी प्रमुख एजेंसियों ने अपने कर्मचारियों को इसे न मानने के निर्देश भी दिए हैं। जबकि कई सांसदों और यूनियनों ने इस आदेश को अवैध बताते हुए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। शनिवार को एलन मस्क की टीम ने सैकड़ों हजारों कर्मचारियों को ईमेल भेजकर 48 घंटे के भीतर अपनी पिछले हफ्ते की पांच उपलब्धियों की सूची देने को कहा है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जो कर्मचारी तय समय तक जवाब नहीं देंगे, वे अपनी नौकरी खो देंगे।

# जापान-फिलीपींस मिलकर करेंगे चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने की तैयारी, रक्षा सहयोग पर किया यह खुलासा



**नई दिल्ली।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को मनीला में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा और साझा रक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते किए। जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी और उनके फिलीपीन समकक्ष गिल्बर्टो टेओडोरो ने इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई।

बैठक में चीन की ओर से विवादित दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा सूचना साझा करने और सैन्य ऑपरेशनों को बेहतर समन्वय देने पर भी चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब फिलीपींस ने हाल ही में अमेरिका के साथ रक्षा समझौते को भी मजबूत किया है, जिससे उसे उन्नत हथियार और सैन्य तकनीक हासिल करने में मदद मिलेगी।

जापान और फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के संधि सहयोगी हैं, और ये तीनों देश विवादित जलक्षेत्र सहित क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के सबसे मुखर आलोचकों में से हैं। नाकातानी के साथ अपनी बैठक के आरंभ में, टेओडोरो ने कहा कि फिलीपींस, ÷चीन और अन्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और कथानक को बदलने के एकतरफा प्रयासों के विरुद्ध÷ जापान के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है।

बैठक के बाद नाकातानी ने कहा कि वह संयुक्त और बहुराष्ट्रीय रक्षा प्रशिक्षण, बंदरगाहों पर यात्रा और सूचना साझा करने सहित परिचालन सहयोग को मजबूत करने÷ के लिए टेओडोरो के साथ सहमत हैं। नाकातानी ने कहा, हमने सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर भी सहमति व्यक्त की।

फिलीपींस ने पिछले वर्ष अपने दीर्घकालिक संधि सहयोगी, अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि प्रमुख हथियारों के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य खुफिया जानकारी और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे अमेरिका की ओर से फिलीपींस को ऐसे हथियारों की बिक्री की जा सके।

# जर्मनी के आम चुनाव में सीडीयू की जीत, अमेरिकी राष्ट्रपति समेत इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने दी बधाई

**वाशिंगटन।** जर्मनी में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी सत्ता में लौटने के लिए तैयार है। बता दें कि, आम चुनाव में सीडीयू सबसे बड़ी और एएफडी देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं जर्मनी में हुए चुनाव के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति समेत कई देशों नेताओं ने सीडीयू को शुभकामनाएं दी है। जर्मनी में हुए आम चुनाव में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी को बड़ी जीत मिली है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बधाई दी और इसे जर्मनी के लिए एक महान दिन बताया। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, %जर्मनी में कंजर्वेटिव पार्टी ने बहुत बड़ा और बहुप्रतीक्षित चुनाव जीत लिया है। अमेरिका की तरह ही, जर्मनी के लोग भी बिना तर्क वाली नीतियों से थक चुके थे, खासतौर पर ऊर्जा और आप्रवासन (इमिग्रेशन) के मामलों में। यह जर्मनी के लिए



और अमेरिका के लिए एक शानदार दिन है। बधाई हो—अब और भी जीतें आगे आएंगी!%

जर्मनी में हुए चुनाव के बाद कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने इसके लिए शुभकामना संदेश भेजे हैं। जिसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन नेता फ्रेडरिक मर्ज को फोन कर जीत की बधाई दी। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी फ्रेडरिक मर्ज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूके और जर्मनी के बीच मजबूत संबंध और आगे बढ़ेंगे। इस कड़ी में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी जर्मनी की नई सरकार के साथ मिलकर लोगों की रक्षा करने की इच्छा जताई।

देश में हुए चुनाव नतीजों के अनुसार, क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि फार-राइट अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस चुनाव में अप्रवासन, अर्थव्यवस्था और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी प्रमुख मुद्दे रहे।

रविवार शाम जब एग्जिट पोल्स के नतीजे आए और सीडीयू की जीत तय हो गई, तो पार्टी मुख्यालय में जश्न का माहौल बन गया। वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने तालियों और नारों के साथ जीत का स्वागत किया। हालांकि, इस दौरान मुख्यालय के बाहर एक छोटे समूह ने प्रदर्शन किया, जो पार्टी प्रमुख फ्रेडरिक मर्ज की सख्त आप्रवासन नीति का विरोध कर रहे थे।


वहीं, बर्लिन के एक कार्यक्रम में फ्रेडरिक मर्ज ने जीत की घोषणा करते हुए कहा, चलो पार्टी शुरू करते हैं। इसका मतलब था कि वह जल्द से जल्द गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करना चाहते हैं।

# फलस्तीनी शिविरों में बढ़ा तनाव, 2002 के बाद पहली बार वेस्ट बैंक में हुई इस्राइली टैंकों की एंट्री

**जेनिन।** इस्राइली सेना ने 21 जनवरी को वेस्ट बैंक में अपना आक्रमण शुरू किया था, जिसे अब विस्तार दिया जा रहा है। फलस्तीनी क्षेत्र में इन छापों का उद्देश्य उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना बताया गया है। फलस्तीनी नागरिक इन छापों को इस्राइली के नियंत्रण को और मजबूत करने की कोशिश मान रहे हैं।

2002 के बाद पहली बार इस्राइली टैंकों ने वेस्ट बैंक में प्रवेश किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब इस्राइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों तक इस्राइली सैन्य बल फलस्तीनी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मौजूद रहेंगे। इस्राइल के रक्षा मंत्री कैट्ज ने कहा कि सेना एक साल तक वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में तैनात रहेगी और वे उन हजारों फलस्तीनियों को वापस लौटने की अनुमति नहीं देंगे, जो वहां से भाग गए हैं।

बता दें कि जेनिन लंबे समय से



इस्राइल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष का गढ़ रहा है। इस्राइल ने 21 जनवरी को उत्तरी वेस्ट बैंक में व्यापक पैमाने पर हमले शुरू किए थे। इस बीच इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को वेस्ट बैंक के शहरी शरणार्थी शिविरों में कार्रवाई का आदेश दिया है। काट्ज ने कहा कि लगभग 40,000 फलस्तीनी इन शिविरों से फरार हो चुके हैं। इसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र ने भी की है।

इस्राइली सेना ने 21 जनवरी को वेस्ट बैंक में अपना आक्रमण शुरू किया था, जिसे अब विस्तार दिया जा रहा है। फलस्तीनी क्षेत्र में इन छापों का उद्देश्य उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना बताया गया है। फलस्तीनी नागरिक इन छापों को इस्राइली के नियंत्रण को और मजबूत करने की कोशिश मानते हैं। इस समय 3 मिलियन फलस्तीनी सैन्य शासन के तहत रहते हैं। इस्राइल ने 2002 के बाद पहली बार पश्चिमी तट में टैंकों की तैनाती की है।

साथ ही रक्षा मंत्री कैट्ज़ ने कहा कि इस्राइली सरकार ने सेना को निर्देश दिया है कि वह पश्चिमी तट के सभी शरणार्थी शिविरों में आतंकवाद को खत्म करने के लिए गतिविधियों को तेज करे। उन्होंने यह भी कहा कि फिलिस्तीनी नागरिकों को इन क्षेत्रों में वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी और ÷आतंकवाद÷ को बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

इस्राइल का कहना है कि पश्चिमी तट के कुछ शरणार्थी शिविरों से लगभग 40,000 फिलिस्तीनी भाग गए हैं, और इन इलाकों को ÷निवासियों से खाली÷ माना जा रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ये लोग कब तक वापस लौट नहीं सकेंगे।

इस्राइल के इस कदम को फलस्तीनी विदेश मंत्रालय ने वेस्ट बैंक में स्थिति को खतरनाक रूप से बढ़ाने वाला कहा है।

# इस्राइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी अमेरिका ने समर्थन में कहा- हर कदम के साथ



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने इस्राइल की ओर से 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ बर्बर व्यवहार को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे उचित प्रतिक्रिया करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस्राइल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच, हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इस्राइल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है।

अल जजीरा के अनुसार, हमास के दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि फिलिस्तीनी समूह तब तक मध्यस्थों के माध्यम से इस्राइल के साथ आगे कोई चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि वह शनिवार को रिहा होने वाले 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में पड़ती दिख रही है, क्योंकि हमास ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह तब तक वार्ता बंद कर देगा जब तक वादे के अनुसार फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई नहीं हो जाती। हमास की ओर से छह इस्राइली बंदियों को रिहा करने के बावजूद इस्राइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित कर दी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में बंदियों को सौंपे जाने के समारोह को अपमानजनक बताया और हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप लगाया। अल जजीरा के अनुसार, सहायता समूह युद्ध विराम के पहले चरण के तहत इस्राइल के अधूरे वादों पर सवाल उठा रहे हैं।

अल जजीरा ने बताया कि फिलिस्तीनी कैदी सोसाइटी ने कहा है कि इस्राइल ने गाजा युद्ध विराम के अपने दायित्वों का पालन करने और 620 कैदियों को रिहा करने से इनकार कर दिया है। अल जजीरा के अनुसार, मिस्र और कतर कथित तौर पर इस्राइल पर 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाल रहे हैं, जिसका वादा इस्राइल ने हमास की ओर से गाजा से छह बंदियों को रिहा करने के बाद किया था।

## ऑनलाइन ठगी के खिलाफ बड़ा एक्शन

**बैंकॉक।** थाइलैंड व कंबोडिया पुलिस के साझा अभियान में एक स्कैम सेंटर में बंधक बनाए गए 48 भारतीयों समेत 215 विदेशी नागरिकों को मुक्त कराया गया। अपराधी गिरोह तस्करी के जरिये इन्हें कंबोडिया के सीमावर्ती शहर ले आया था और बंधक बना लिया था। स्कैम सेंटर के जरिये पूरे दक्षिण एशिया में ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। थाइलैंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी की वारदातों के खिलाफ चलाए जा रहे क्षेत्रीय अभियान का विस्तार था। कंबोडिया के बांतेय मींचे प्रांत के सीमावर्ती शहर पोइपेट में रविवार को तीन मंजिला इमारत में छापेमारी की गई। थाइलैंड सरकार के प्रवक्ता जिरायु होंगसुब ने बताया कि स्कैम सेंटर में थाइलैंड के 109, पाकिस्तान के 50, भारत के 48, ताइवान के पांच व इंडोनेशिया के तीन नागरिकों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था।

# विश्वविद्यालय में जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र का हुआ भूमि पूजन



अवधनामा संवाददाता

**पीएम उषा के अंतर्गत शोध के लिए बटेगा केंद्र**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र सेंटर के निर्माण हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह के द्वारा सोमवार को परिसर में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी. एस. के अधिकारियों को प्रोजेक्ट टाइम लाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह शोध केंद्र ऊर्जा एवं जल के क्षेत्र मे शोध कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत 20 करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत इंट्रडिसीप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर एंड एनर्जी रिसर्च की स्थापना किया जाना है। इस शोध केंद्र में भारत सरकार की ऊर्जा एवं जल की प्राथमिकता को केंद्रित करते हुए शोध कार्यों किए जाने है। शोध केंद्र के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, थर्मोइलेक्ट्रिक, बैटरी एवं जल के क्षेत्र में विशेष रूप से शोध किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजीत सिंह, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, पीएम-उषा प्रोजेक्ट के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र, सह-समन्वयक डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल आदि के साथ विकास अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अर्थव्यवस्था के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. वंदना सिंह

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा नांदी फाउन्डेशन एवं महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए आठ दिवसीय रोजगार कौशल, एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स, प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 में देश की आधी आबादी यदि कौशल विकास में आगे आएगी तो देश की समृद्धि के साथ-साथ परिवारों की उन्नति और समृद्धि भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो अविनाश पाथर्डीकर ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया। नांदी फाउंडेशन की प्रशिक्षक आस्था द्विवेदी ने कहा कि नांदी फाउंडेशन देश में कई इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय में इसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही देखने को मिलेंगे। तकनीकी सत्र के दौरान छात्राओं ने प्रशिक्षण से जुड़ी अपनी उत्सुकता व्यक्त की और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को साक्षात्कार तकनीक, संचार कौशल, करियर मार्गदर्शन, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आचार्य प्रोफेसर मानस पांडे ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. जाह्नवी श्रीवास्तव, प्रो. रवि प्रकाश , डॉ पीसी यादव, प्लेसमेंट सेल के कर्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी, छात्र सदस्य आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्याम भक्त मंडल द्वारा 'फागुन महोत्सव' का आयोजन

**आजमगढ़।** श्रीनाथजी श्याम भक्त मंडल (अग्रवाल समाज) द्वारा फगुन उत्सव में भजन संध्या का कार्यक्रम बिनानी गार्डन (निकट कोतवाली )में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की ज्योति जगा कर ब्राह्मण अमूल्य द्वारा पूजन पाठ के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में सुमित अग्रवाल,मानस अग्रवाल, रवि अग्रवाल, द्वारा बाबा को भजन द्वारा श्याम बाबा को दरबार में पधारने का भजनों द्वारा आवाहन किया। उसके पश्चात कानपुर से आयी 'शर्मा सिस्टर' बहनों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पंजाब से आए मयंक अग्रवाल जी द्वारा पूरे दरबार में श्रद्धालुओं को अपने मधुर भजनों से मंत्र मुग्ध कर दिया। मध्य रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में दरबार में आए भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम के उपरांत स्वादिष्ट प्रसादम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश अग्रवाल (लड्डू) अतुल अग्रवाल.. सुनील, डेविड, पंकज, संतोष, राजेश, शैलेंद्र, हर्षित, अमन, आशीष, संजय, शमी, शिवम, अमन, हनी, जमुना, अभिलाष आदि मंडल के सदस्यों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

# थाना के मुख्यगेट का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** वार्षिक थाना निरीक्षण के अंतर्गत सोमवार को अपने निर्धारित समय से 4:30 बजे पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना अपने दलबल के साथ थाना परिसर पहुंचे। सर्वप्रथम थाना मुख्य गेट पर स्थित मुख्य द्वार का शीला पट पर पट्टी हटाकर कर फीता काटकर उद्घाटन किया। अपने अधिकारियों के अगवानी हेतु पहले से ही थाना परिसर मुख्य द्वार को भिन्न-भिन्न प्रकार के चाइनीस एवं इंडियन गुलदस्तों सहित फूलों से पुरे थाना परिसर को सजाए गया था। अपने अधिकारी के अगवानी हेतु मुख्य द्वार पर एएसपी अनंत शेखर एवं थानाध्यक्ष निहारनंदन कुमार ने गुलदस्ता देकर पुलिस अधीक्षक का अभिनन्दन किया इसके बाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमला कान्त यादव ने अपने अधिकारी कि सलामी दी इसके तदुपरान थाने के विभिन्न असलहों, लावारिस वाहन, मैदान कि साफ सफाई, सहित माल खानों, अपराध रजिस्टर, सरकारी सम्पत्ति व असलहा कारतूस का बारीकियां पूर्वक निरीक्षण के बाद थाना परिसर में वृक्षारोपण के बाद उपस्थित जनसमूह से संबाद स्थापित किया और लोगों से सुझाव मांगा और बताया कि मुबारकपुर साड़ी के साथ-साथ शान्ति प्रिय थानाओ में नाम आता क्योंकि जिस थाने में हमें कम जाना पड़े इसलिए तो यह माना जाना चाहिए कि अच्छा थाना है। आजमगढ़ जनपद किस नाम से जाना जाता है आप लोगों से छुटा नहीं। लेकिन अब.....कुम्भ मेला का भी जिक्र किया। और कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस कि छवि पर पहले प्रश्नचिन्ह लगा करता था लेकिन अब वही युपी है जो आज के समय में हर दृष्टि से अच्छा है। इसके बाद पुलिस व लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश संवाद में अपराध,अपराधियों, मोबाइल से अपना डिटेल साझा न करें। बिना हेलमेट न चले का सुझाव के बाद अपने अधीनस्थों सहित रोड़ पर सड़क से तीन मीटर कि दुरी थानाध्यक्ष सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर सुरेश यादव,धर्म राज यादव, मुरारी मिश्रा, कमलाकांत यादव दरोगा, वसीक प्रधान, रिजवान अहमद, मंसूर अंसारी, गुफ्रान नेता,हरिराम नेता, विरेन्द्र प्रधान,संजीव सिंह, हाजी हाजी जमाल अहमद प्रधान, रेयाज प्रधान आदि उपस्थित थे।

## स्कूल से एलइडी उठा ले गये चोर

**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के कादीपुर के कंपोजिट विद्यालय के स्मार्ट क्लास में लगी एलइडी को रविवार की रात को चोर उठा ले गए।सोमवार को विद्यालय खुलने पर शिक्षकों को चोरी की जानकारी हुई।तब पुलिस को सूचना दी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रेश पांडेय विद्यालय खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्मार्ट क्लास के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो स्मार्ट क्लास में लगे 74 इंच की एलइडी टीवी एवं एडॉप्टर की चोरी हो गया था। जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये बतायी जा रही है। प्रधानाध्यापक की सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुच गए। उन्होंने कहा बहुत जल्द घटना का पर्दाफाश होगा।ज्ञात हो 10 महीने पहले भी इस विद्यालय से हजारों के समान की चोरी हुई थी।

## डीएम ने किया हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज डीएवी इंटर कॉलेज आजमगढ़ में चल रही हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक परीक्षा कक्षों को देखा गया एवं विद्यालय में स्थापित सीसी टीवी कैमरे का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डीएवी इण्टर कालेज आजमगढ़ सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## मेडिकल रिप्रेजेटेटिवों ने बाँदा जिला चिकित्सालय पर जमाया कब्जा

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मरीजों को बेहतर सुविधायें प्रदान करने के लिये कृत संकल्पित है वहीं जिला चिकित्सालय मे जमे हुये डाक्टर और कर्मचारी मरीजों का आर्थिक दोहन करने मे लगे रहते हैं, जिला चिकित्सालय की प्रमुख समस्याओं मे पहली समस्या डाक्टरों द्वारा अपनी निजी प्रैक्टिस को बढावा देना, दूसरी समस्या मे सीटी स्कैन सहित कई सुविधायें ना मिलना और तीसरी प्रमुख समस्या है मरीजों को सरकारी अस्पताल से मुफ्त मिलने वाली दवाओं के स्थान पर मंहगी और बाहरी दवायें लिखना। उत्तर प्रदेश सरकार ने कई बार स्पष्ट और साफ साफ आदेशित किया है कि जिला चिकित्सालय मे डाक्टर बाहरी दवायें नही लिखेगे यदि अति मरिज की स्थिति को देखते हुये आवश्यक दवायें उपलब्ध नही है तो जिला चिकित्सालय उक्त दवायें अपने खर्चे पर मंगाकर मरीज को उपलब्ध करायेगे, परंतु निजी प्रैक्टिस को बढावा देते देते भगवान का दर्जा प्राप्त डाक्टर कब कसायी मे बदल गये पता ही नही चला, और अब तो सबसे पहले मंहगे मंहगे इंजेक्शन और दवायें लिखने वाले डाक्टर को ही मरीज भी वरीयता देने लगे हैं, उनकी नजर मे वही डाक्टर बडा है जिसने मंहगी मंहगी आठ दस दवायें लिखी हो। डाक्टरों के सभी निजी खर्चे उनके मेडिकल रिप्रजेंटेटिव ही उठाते हैं साल भर के टार्गेट होते है डाक्टरों के और जो डाक्टर इन टारगेटों को पूरा कर लेते है उन्हे कमीशन के साथ साथ विदेश यात्रा या महंगे मंहगे उपहार देकर सम्मानित किया जाता है जिससे डाक्टरों के अंदर आपसी प्रतिस्पर्धा बढ रही है और गरीब लाचार मरीज इसमे पिस रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में बाँदा के शजर को मिली ख्याति

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** हरियाणा के फरीदाबाद में 7 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित 38वें सूरजकुण्ड अंतर्राष्ट्रीय क्रांफ्ट मेला 2025 में बाँदा के हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी को शजर स्टोन आर्ट में कला श्री एवार्ड से सम्मानित किया गया है। हरियाणा टूरिज्म के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर डा, सुनील कुमार द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में शामिल लगभग 45 देशों के ओडीओपी में चयनित उत्पाद के हस्तशिल्पीयों में बाँदा जिले से शजर हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस मेले में शजर पत्थर से निर्मित मॉडल शिवमंदिर, ताजमहल, टेबिल लैम्प, ट्राफी, शफ़लिंग, ब्रोज सहित विभिन्न प्रकार के आभूषण विदेशी लोगों को बहुत पसंद आये। कुछ लोगों ने खरीदा तथा कई लोगों ने पसंदीदा मॉडलों को बुक किया। बाँदा जिले का शजर विदेशों में भी पसंद किया जाने लगा है। इसके पूर्व भी श्रीलंका, नींदरलैंड, तंजनिया, साऊथ अफ्रीका में आयोजित मेलों में भी हस्तशिल्पी द्वारिका सोनी द्वारा बाँदा शजर से निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर चुके हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शजर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। यही कारण है कि बाँदा के शजर उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई है और हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी को पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुख़र्जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। सूरजकुण्ड फरीदाबाद में लगे 17 दिवसीय मेले के अंतिम दिन मेले के डिवीजनल मैनेजर हरविंदर सिंह ने हस्तशिल्पी द्वारिका सोनी को एवार्ड देकर सम्मानित किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सिन्दूरिया वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिन्दूरिया विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 05/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 05/03/2025 को सायं 12 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 06/03/2025 को 3 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 100000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- सिन्दूरिया, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भरहरी वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरहरी विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 07/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 07/03/2025 को सायं 12 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 08/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 100000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- भरहरी, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-जुगैल वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जुगैल विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 05/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 05/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 06/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 500000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- जुगैल, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-बैरपुर वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बैरपुर विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 08/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 200000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- बैरपुर, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-पनारी वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पनारी विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 07/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 500000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- पनारी, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कनहरा वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कनहरा विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 08/03/2025 को 3 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 200000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- कनहरा, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कोटा वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोटा विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 05/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 12 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 07/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 500000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- कोटा, चोपन-सोनभद्र**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-हर्रा वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हर्रा विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 2 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 08/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 300000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- हर्रा, चोपन-सोनभद्र**

# 2025 तक 20,000 शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए सैमसंग का अनूठा पहल- गैलेक्सी एम्पावर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एम्पावर्ड नामक एक अनूठे




सामुदायिक कार्यक्रम की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर भारत में शिक्षा को नई दिशा देना है।

दिग्गज निशानेबाज और 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मकसद शिक्षण में तकनीक को शामिल कर नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षा में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। यह पहल शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए नियमित ऑन-ग्राउंड और ऑनलाइन शिक्षण सत्र प्रदान करेगी। तकनीक के क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड होने के नाते, सैमसंग का लक्ष्य ऐसे भविष्य के लिए तैयार कक्षाओं का निर्माण करना है, जहां शिक्षक नवीनतम तकनीक और आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाकर बेहतर शिक्षा दे सकें।

गैलेक्सी एम्पावर्ड न केवल शिक्षकों के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह स्कूलों को भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का अगुवा बनने में मदद करता है। बेहतर शिक्षण विधियों और तकनीक-संचालित सीखने के माहौल के जरिए स्कूल खुद को अभिभावकों की पहली पसंद बना सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी और उन्हें समुदाय में अधिक पहचान मिलेगी। खास बात यह है कि गैलेक्सी एम्पावर्ड कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे शिक्षकों और स्कूलों को बिना किसी आर्थिक बाधा के शिक्षा को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, राजू पुलन ने कहा, गैलेक्सी एम्पावर्ड के माध्यम से, हम शिक्षकों को ऐसे टूल्स प्रदान कर रहे हैं जो छात्र जुड़ाव को बेहतर बनाएंगे और शिक्षा पर स्थायी प्रभाव डालेंगे। शिक्षक विकास में निवेश करके, सैमसंग उन्हें कक्षा में अपने प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सशक्त बना रहा है, जिससे शिक्षा प्रणाली की बुनियाद और मजबूत होगी। यह पहल हमारे 'बेहतर कल के लिए नवाचार' के दृष्टिकोण के अनुरूप है, ताकि शिक्षा हमेशा नवाचार के केंद्र में रहे और हर शिक्षक के पास सफलता के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों।

## स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स की पेशकश 'नवरसा'



भारत के अग्रणी हॉस्पीटेलिटी ब्रैंड स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने अपनी नवीनतम पेशकश 'नवरसा' इंटीमेट वेडिंग्स बाय स्टर्लिंग लॉन्च करने की घोषणा की है। यह खास पहल देशभर में डेस्टिनेशन वेडिंग अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए आपकी जिंदगी के खास दिन पर पूरे रेसोर्ट को केवल आप ही के लिए बुक करने की सुविधा प्रदान करती है। 'नवरसा' में हैं खुशियों और उत्सवों का मेल, साथ ही, खट्टी-मीठी यादों, सुकून और इन सबसे बढ़कर प्यार के रस से सराबोर अनुभवों का ऐसा गुलदस्ता जो वैवाहिक सफर को खुशनुमा बनाते हैं।नवरसा लेकर आया है गूरमे स्पेशल्स तथा थीम आधारित प्रस्तुतियां और साज-सज्जा, पारंपरिक तथा रस्मों के आयोजन के अलावा वेडिंग आयोजनों की लाइव स्ट्रीमिंग, मेहमानों के लिए पिकअप और ड्रॉप सेवाएं, कई प्रकार की ब्राइडल सेवाएं, और साथ ही सिग्नेचर सुबुथी स्पा में थेरेपी सेशंस समेत और भी बहुत कुछ। नवरसा की एक और खूबी है एक समर्पित मैनजर जो पूरे समारोह की व्यवस्था देखने के साथ-साथ प्लानिंग से लेकर विवाह के दिन रीतियों-रस्मों तक से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू का ख्याल रखेगा, ताकि परिवारों को चिंतामुक्त होकर अपने आयोजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए हमेशा के लिए खुशनुमा यादें तैयार करने के अवसर मिल सकें।

## मोरक्को सम्मेलन में स्टीलबर्ड ने पेश किया 'मिशन सेव लाइफ्स'

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा को लेकर वैश्विक स्तर पर एक अहम पहल के तहत, संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्टीलबर्ड हेलमेट्स के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर को ग्लोबल हेलमेट एक्सपर्ट के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया। वे दुनिया के एकमात्र हेलमेट निर्माता थे, जिन्हें मोरक्को में आयोजित चौथे मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिला। इस सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के मंत्री, नौकरशाह, सामाजिक संगठन और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ मौजूद थे। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र के विशेष सड़क सुरक्षा दूत जॉन रीड भी उपस्थित थे। सम्मेलन में राजीव कपूर ने मिशन सेव लाइफ्स नामक 13-पॉइंट रोडमैप प्रस्तुत किया, जो संयुक्त राष्ट्र के मिशन के समर्थन में तैयार किया गया है। इस मिशन का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं को 50% तक कम करना है। राजीव कपूर ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को रोकने के लिए सुरक्षित और प्रमाणित हेलमेट का उपयोग अनिवार्य किया जाना चाहिए।



उन्होंने सुझाव दिया कि हर नई मोटरसाइकिल के साथ दो प्रमाणित हेलमेट अनिवार्य रूप से दिए जाएं, ताकि दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

यह भी प्रस्ताव रखा कि हर देश में हेलमेट परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं, ताकि सभी हेलमेट सुरक्षा मानकों का पालन कर सकें।कपूर ने ऐसे देशों में हेलमेट आयात पर टैक्स हटाने की मांग रखी। उन्होंने नो हेलमेट, नो फ्यूल% नीति लागू करने का भी सुझाव दिया, लेकिन इस शर्त के साथ कि पहले प्रमाणित और किफायती हेलमेट हर जगह आसानी से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने टू-व्हीलर टैक्सी और डिलीवरी कंपनियों के लिए मानक हेलमेट का इस्तेमाल अनिवार्य करने और डिलीवरी कर्मचारियों को दिए जाने वाले हेलमेट की स्वतंत्र सुरक्षा जांच कराने की अपील की।

## TOISA 2025 का ऐतिहासिक आयोजनः भारतीय खेलों के लिए अभूतपूर्व सम्मान की रात



**लखनऊ।** टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स (TOISA) का सातवां संस्करण भारतीय खेल उत्कृष्टता के असाधारण समारोह के साथ संपन्न हुआ, जो देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। लखनऊ में आयोजित इस भव्य समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खेल दिग्गज और गणमान्य व्यक्ति एक साथ आए, जिन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में उपलब्धियों को सम्मानित किया। क्रिकेट दिग्गज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाजी सनसनी स्मृति मंधाना ने क्रिकेट पुरस्कार जीते, जबकि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और स्प्रिंट सनसनी ज्योति याराजी ने एथलेटिक्स श्रेणी में दबदबा बनाया। एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, शतरंज प्रतिभा गुकेश डी और निशानेबाजी की स्टार मनु भाकर ने प्रतिष्ठित स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार साझा किया। हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को टीम ऑफ द ईयर के रूप में मान्यता दी गई, जो उनकी उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय सफलता को दर्शाता है। गोलकीपर सविता के नेतृत्व में महिला हॉकी टीम को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए विशेष प्रशंसा मिली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, TOISA 2024 का लखनऊ में आयोजन खेल विकास के प्रति उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारे राज्य ने विभिन्न विधाओं में चैंपियन तैयार किए हैं, और आज की रात का समारोह दिखाता है कि खेल कैसे जीवन और समुदायों को बदल सकते हैं। जब हम छोटे शहरों से युवा खिलाड़ियों को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए देखते हैं, तो यह एक शक्तिशाली संदेश भेजता है कि खेल में उत्कृष्टता की कोई सीमा नहीं है। यह समारोह हमारे राज्य और पूरे भारत में हजारों युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।÷

टाइम्स इंटरनेट के सीओओ पुनीत गुप्त ने कहा, TOISA अब सिर्फ भारत का प्रमुख खेल पुरस्कार नहीं रह गया है यह अब एक आंदोलन बन गया है जो हमारे देश की खेल भावना का जश्न मनाता है। आज रात लखनऊ में हमने 36 अलग-अलग खेलों के चैंपियनों को एक मंच पर साझा करते देखा। छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों तक, पारंपरिक खेलों से लेकर नए खेलों तक, ये विजेता दिखाते हैं कि भारत एक खेल राष्ट्र के रूप में कैसे बदल रहा है।

लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने वाले क्रिकेट आइकन कपिल देव ने अपना नजरिया साझा किया TOISA 2025 में यह सम्मान प्राप्त करना विशेष है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारतीय खेल कितनी दूर आ गए हैं। मेरे खेल के दिनों में क्रिकेट ही सब कुछ था, लेकिन आज मैं कबड्डी, खो-खो, पैरा स्पोर्ट्स और कई अन्य विधाओं के चैंपियन देखता हूं। यह नए भारत की सच्ची भावना को दर्शाता है। आज रात यहां मौजूद युवा खिलाड़ियों के लिए आप सिर्फ पदक नहीं जीत रहे हैं, आप बदल रहे हैं कि दुनिया भारतीय खेलों को कैसे देखती है। यह भारत की खेल सफलता की कहानी की शुरुआत मात्र है।

टाइम्स इंटरनेट के बिजनेस हेड प्रसाद सान्याल ने कहा, आज रात TOISA2024 में, हमने भारतीय खेलों की उल्लेखनीय गहराई को देखा। हर विजेता भारत की खेल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, हमारे ओलंपिक चैंपियनों से लेकर छोटे शहरों से उभरती प्रतिभाओं तक। इस वर्ष को विशेष बनाता है कि कैसे हर कहानी भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की यात्रा को दर्शाती है। पैरालंपिक एथलीटों ने भारत के बढ़ते पैरालंपिक आंदोलन का प्रदर्शन किया, जिसमें सुमित अंतिल को पैरा स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर नामित किया गया। पैरालंपिक्स कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने हॉकी इंडिया के साथ फेडरेशन ऑफ द ईयर का सम्मान साझा किया, जो भारतीय खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है।

# ग्लोब टेक्सटाइल्स कंपनी का तीसरी तिमाही परिणामों में 53.7% का लाभ और 46.2% के रेवेन्यू के साथ शानदार प्रदर्शन

**अहमदाबाद।** टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने तीसरी तिमाही और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिज़नेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है।

31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत ? 15,159.21 लाख हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7% बढ़कर

291.42 लाख हो गया जो पहले 189.55 लाख था।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8% बढ़कर 42,397.79 लाख हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 35,095.74 लाख था। नेट प्रोफिट में 56.6% की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह 943.55 लाख हो गया, जो कंपनी का सतत ग्रोथ दर्शाता है।


ग्लोब टेक्सटाइल्स के 4,504 लाख के राइट्स इश्यू को अपेक्षा से अधिक रीस्पोन्स मिला, जिससे निवेशकों का कंपनी के ग्रोथ और फायनान्शियल स्टेबिलिटी में मजबूत विश्वास झलकता है। जुटाये गये फंड का उपयोग बिज़नेस डेवलपमेन्ट, RXD और वर्किंग केपिटल के लिए किया जाएगा, जिससे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सोल्यूशन्स के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि होगी। कंपनी के पर्फोमन्स पर टिप्पणी करते हुए, ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन और एम डी श्री भाविक पारिख ने कहा कि हमारा सतत मजबूत प्रदर्शन हमारी स्ट्रेटेजी, इफेक्टिव ओपरेशन्स और सतत ग्रोथ के प्रति स्ट्रोंग कमिटमेन्ट को दर्शाता है। ग्लोब डेनवॉश के अधिग्रहण के साथ हमने इनोवेशन, मार्केट एक्सपान्शन और स्टेबिलीटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए टेक्सटाइल उद्योग में एक मजबूत स्थिति बनाई है। हम अपने स्टेकहोल्डर्स को लोन्ग टर्म वेल्यू प्रदान करने और प्रोफिट को बढ़ाने के नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ग्लोब टेक्सटाइल्स के मजबूत प्रदर्शन का प्रमुख कारण स्ट्रेटेजिक इनिशियेटिव्स, मांग में बढोत्तरी, अच्छी ओपरेशन्स क्षमता और टारगेटेड मार्केट डेवलपमेन्ट है। कंपनी के प्रोफिट में बढोत्तरी मुख्य रूप से वोल्यूम ग्रोथ, इफेक्टिव कोस्ट ओप्टिमाइज़ेशन और वेल डिफाइन्ड प्रोडक्ट मिक्स के कारण संभव हुई है।

कंपनी की ग्रोइंग नेवो डिवीजन फैशन-आधारित टॉप्स के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है, जो बदलते मार्केट ट्रेन्ड्स के अनुसार है। इसके अलावा, ग्लोब टेक्सटाइल्स टेक्नोलोजी ट्रान्सफर और कोलाबरेशन्स के माध्यम से नए और मौजूदा बाजारों के लिए एडिशनल वेल्यू जोड़ने की योजना बना रही है। इन रणनीतियों के माध्यम से कंपनी उद्योग के बदलते डायनेमिक्स को अपनाते हुए लोन्गटर्म सस्टेनेबल ग्रोथ सुनिश्चित कर रही है।

ग्लोब टेक्सटाइल्स, टेक्सटाइल उद्योग में एक सशक्त और प्रतिष्ठित कंपनी बन चुकी है और यह बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार खुद को अपडेट करती रही है। अपने उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों, नए बाजारों में एक्सपान्शन और सस्टेनेबल ग्रोथ के प्रति फोकस के कारण, यह निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प गई है।


## निर्बाध वित्तीय पहुंचः पेपॉइंट इंडिया ने महाकुंभ के दौरान प्रदान की 15 करोड़ रुपए से अधिक लेन-देन की सुविधा




दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक सम्मेलनों में से एक महाकुंभ 2025 में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्र होते हैं। इस दौरान पेपॉइंट इंडिया ने तीर्थयात्रियों और छोटे व्यापारियों के लिए निर्बाध वित्तीय सेवाएं सुनिश्चित करते हुए 15 करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन को सुगम बनाया। इस बड़े आयोजन में बैंकिंग से जुड़ी अनूठी चुनौतियों को देखते हुए पेपॉइंट इंडिया ने प्रयागराज में महत्वपूर्ण जगहों पर अपने बूथ स्थापित किए हैं, जहां सुरक्षित नकद निकासी, जमा, धन हस्तांतरण और डिजिटल लेनदेन जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आसान नकद निकासी की सुविधा उपलब्ध कराकर पेपॉइंट इंडिया यहां आने वाले तीर्थयात्रियों को यात्रा के दौरान कम नकद लेकर चलने के लिए सक्षम बनाकर उनकी उनकी वित्तीय सुरक्षा में वृद्धि कर रहा है।

इसी के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए, पेपॉइंट इंडिया के बूथ पारंपरिक बैंकिंग और अंतिम छोर तक वित्तीय पहुंच के बीच की खाई को पाटने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन प्रणाली के रूप में काम कर रहे हैं, जिससे छोटे व्यापारी अपनी दैनिक आय को सीधे और सुरक्षित रूप से अपने बैंक खातों में जमा करने में सक्षम हो रहे हैं।

## रिन्यू कंपनी के संस्थापक चेयरमैन व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया महाकुंभ स्नान व दर्शन पूजन



देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी रिन्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं चेयरमैन सुमंत सिन्हा ने अपनी पत्नी और रीन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान एवं पूजन किया,अपनी विस्तार योजनाओं के तहत रीन्यू ने यूपी में सोलर प्रोजेक्ट्स स्थापित करने तथा प्रदेश के नवीकरणीय लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देने के लिए हज़ारों करोड़ रुपए निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

रीन्यू की संचालन दक्षता लगभग 11 गीगावॉट है और कपंनी ने अगले कुछ सालों में इसे 20 गीगावाट तक पहुंचाने की योजना बनाई है। स्मार्ट विलेज अडॉप्टेड बाय रीन्यू ग्रुप स्वर्ग- ग्रामीण भारत में समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के प्रयास में स्वर्ग की अवधारणा पेश की गई। इस परियोजना का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग द्वारा ऊर्जा को सुलभ बनाना और समग्र विकास को सुनिश्चित कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। रीन्यू ने गांव पनियारा, वाराणसी उत्तर प्रदेश में कई हस्तक्षेप किए हैं, जैसे गांव में सौर ऊर्जा से विद्युतीकरण, हरित इमारत की स्थापना जो ग्रामीणों के लिए रिसोर्स सेंटर के रूप में काम करती है, स्वयं सहायता समूहों को समर्थन प्रदान कर महिलाओं का सशक्तीकरण, महिलाओं को आय सृजन एवं उद्यम विकास के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना तथा आईआईवीएस इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वैजीटेबल रीसर्च एवं अन्य क्षेत्रीय संगठनों के सहयोग से किसानों के प्रशिक्षण एवं जागरुकता सत्रों के द्वारा उनका क्षमता निर्माण।

# बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट+ एसडीएल इंडेक्स दिसंबर 2029 फंड लॉन्च किया




**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट+ एसडीएल इंडेक्स दिसंबर 2029 फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड और सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। यह फंड 90त्न स्टेट डेवलपमेंट लोन्स (एसडीएल) और 10त्न सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) वाले पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। दिसंबर 2029 में निर्धारित मैच्योरिटी के साथ, यह फंड निवेशकों को निवेश अवधि और रिटर्न क्षमता पर स्पष्टता के साथ विकसित ब्याज दर साइक्लि में भाग लेने की सुविधा देता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 25 फरवरी, 2025 को निवेश के लिए खुलेगा और 05 मार्च, 2025 को बंद होगा। निवेशक लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सीधे https://www.bandhanmutual.com के माध्यम से फंड में निवेश कर सकते हैं।

नए फंड के लॉन्च के मौके पर, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि ÷फिक्सड-इनकम लैंडस्कैप तेजी से डेवलप हो रहा है, जिससे निवेशकों के लिए बाजार की बदलती परिस्थितियों को नेविगेट करने के लिए सही इंस्ट्रूमेंट्स का चयन करना आवश्यक हो गया है। एक निर्धारित मैच्योरिटी तारीख वाले फंड में निवेश करने से निवेशकों को हाई क्वालिटी इस्ट्रूमेंट्स तक पहुंच मिलती है जो स्कीम्स की मैच्योरिटी तक रखने पर रिटर्न की उचित मौजूदगी के साथ आसान तरलता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अभी, 4-5 वर्षों में मैच्योर होने वाले एसडीएल की उच्च मांग होने की उम्मीद है क्योंकि हम दरों में कटौती वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10¬90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स - दिसंबर 2029 फंड को निवेशकों को अधिकतम अवधि और उचित एक्रुअल्र्स के साथ एक सॉवरेन समर्थित पोर्टफोलियो की पेशकश करके इन डायनेमिक्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।


जबकि कॉरपोरेट बॉन्ड कर्व का लंबा अंत अवधि जोखिम प्रदान करता है, यह सॉवरेन कर्व की तुलना में उतना आकर्षक नहीं हो सकता है। इसके विपरीत, सॉवरेन वर्क में इनवर्जन की अनुपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि एसडीएल स्ट्रक्चर्ड तौर पर दर-कटौती चक्र के लिए अच्छी स्थिति में हैं, जो अधिक संतुलित और कुशल निवेश अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही, कई स्ट्रक्चर्ड कारक एसडीएल की मांग को बढ़ा रहे हैं। लंबी अवधि के जी-सेक जारी करने और बायबैक पर सरकार का ध्यान कम अवधि के जी-सेक की सप्लाई को कम कर रहा है। आरबीआई के मसौदा एलसीआर ढांचे से तरलता कवरेज आवश्यकताओं में वृद्धि होगी, जिससे बैंकों को उच्च गुणवत्ता वाली तरल परिसंपत्तियों की अपनी होल्डिंग को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। क्रेडिट ग्रोथ में कमी बैंकों को अपने निवेश अकाउंट्स का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जबकि बढ़ती कोर तरलता सॉवरेन सिक्योरिटीज की मांग को और अधिक बढ़ावा दे सकती है।

# परमाणु डिफेंस, देहरादून में भव्य विदाई समारोहः यादगार शाम में छात्रों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** परमाणु डिफेंस, देहरादून में इस शनिवार को एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह खास अवसर विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल एच. सिंह और संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश मल्होत्रा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभा का सम्मानः मिस्टर और मिस परमाणु डिफेंस 2025 का चयन समारोह की सबसे बहुप्रतीक्षित घोषणा मिस्टर और मिस परमाणु डिफेंस 2025 के विजेताओं की रही। इस प्रतिष्ठित खिताब से कक्षा 12 के सुजल सिंह और ड्रॉपर बैच की महिमा तमांग को नवाजा गया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और नेतृत्व कौशल के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। विशेष पुरस्कारों से नवाजे गए मेधावी छात्र संस्थान के कुछ और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके विशेष योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## अंग्रेजी भाषा की शिक्षा पर नए सिरे से विचार



**नई दिल्ली।** न्यू डायरेक्शंस साउथ एशिया 2025, ब्रिटिश काउंसिल की भाषा परीक्षण और मूल्यांकन पर प्रमुख कॉन्फ्रेंस, ने 21 फरवरी को नई दिल्ली, भारत में दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी शुरुआत की। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आरंभ ब्रिटिश काउंसिल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक समारोह के साथ हुआ। ब्रिटिश काउंसिल के अंग्रेजी भाषा अनुसंधान के निदेशक प्रोफेसर बैरी ओ सुल्लीवन ओबीई ने कॉन्फ्रेंस के विषय प्रौद्योगिकी और परंपरा अंग्रेजी भाषा सीखने की प्रणालियों में मूल्यांकन का बदलता चेहरा÷ पर मुख्य व्याख्यान दिया। अंग्रेजी एक महत्वपूर्ण वैश्विक भाषा बनी हुई है, जो दुनिया भर में शिक्षा और करियर में प्रगति के लिए कार्यात्मक आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्रेरित करती है। भारत में, जहाँ 129 मिलियन लोग अंग्रेजी बोलते हैं, जो जनसंख्या का लगभग 10.6% है, अंग्रेजी प्रवीणता और मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर पाने हेतु समर्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 2024 में अंग्रेजी प्रवीणता में विश्व में 69वें स्थान पर होने के बावजूद, भारत की निरंतर बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के कारण अंग्रेजी भाषा कौशल का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्वभर के प्रवासियों से धनप्रेषण के शीर्ष प्राप्तकर्ता के रूप में, जो 2022 में .112.5 बिलियन तक पहुंच गया, भारत का कार्यबल वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अंग्रेजी पर बहुत अधिक निर्भर करता है।

## इंडिया एक्सपो मार्ट में इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की भव्य शुरुआत

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी यात्रा तेज कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के तहत एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे बिजली क्षेत्र की भूमिका आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस बदलते परिदृश्य में, आईईईएमए ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की भव्य शुरुआत की। इलेक्रामा के 16वें संस्करण में भारत की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों में क्षमता प्रदर्शित की गई है, जिससे इसकी भूमिका एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में और मजबूत होती है। भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने इस भव्य उद्घाटन की शोभा बढ़ाई और उन्होंने भारत के ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ श्री ओलिवर ब्लूम; सीमेंस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ श्री मथियस रेबेलियस; आईईईएमए के प्रेसिडेंट श्री सुनील सिंघवी; इलेक्रामा 2025 के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन श्री विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन श्री सिद्धार्थ भूतोरिया जैसे उद्योग जगत के दूरदर्शी लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल और बिजली क्षेत्र के भविष्य पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा, ग्रिड आधुनिकीकरण और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो राष्ट्र के विकसित भारत 2047 के लॉन्ग टर्म विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा बिजली क्षेत्र से मिल रहे समर्थन के दम पर भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, ग्रिड आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत 200 गीगावाट से ज्यादा रिन्युएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने और 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य के साथ, स्थायी ऊर्जा को अपनाने में खासी प्रगति कर रहा है। ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर और व्हीकल-टू-ग्रिड तकनीक के विस्तार से ई-मोबिलिटी की ओर बदलाव में और तेजी आएगी। 2030 तक, भारत का लक्ष्य 800 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल करना है, जिसमें 50ः हिस्सेदारी रिन्युएबल एनर्जी की होगी। इससे वैश्विक स्तर पर क्लीन एनर्जी लीडर के रूप में भारत की भूमिका को मजबूती मिलेगी।

# परंपरागत तरीके से मनाए त्योहार, कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि, रमजान माह, होलिका, होली व ईद उल फितर के दृष्टिगत आवश्यक बैठक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि, होलिका दहन एवं होली के मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सभी संबंधित को दिए गए। उपरोक्त त्योहार के दृष्टिगत सर्वप्रथम आए हुए जन सामान्य/प्रबुद्ध गण से समस्या, विवादित स्थानों तथा संवेदनशील स्थानों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी एवं सुझाव लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्यौहारों को परंपरागत तरीके से मनाई जाय, कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सुप्रीमकोर्ट के निर्देशानुसार लाउड स्पीकर की आवाज सीमित रखें, कार्यक्रम दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इस संबंध में आयोजक से वार्ता भी कर ली जाए, कार्यक्रम बड़ा है तो बैरिकेटिंग, सीसी टीवी कैमरा लगाई जाय,एप्रोच रोड पर भी साफ सफाई, लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, पब्लिक टायलेट न होने की दशा में अस्थाई टायलेट की व्यवस्था संबंधित ईओ द्वारा कर ली जाए। त्यौहारों के अवसर पर होने वाले विवादो के क्रम में उन्होंने कहा कि पूर्व से चली आ रही आपसी विवाद भी कारण बन सकता है इस लिए विवादों का पता कर सुलह समझौता कराने का प्रयास किया जाय तथा उसकी जानकारी सभी संबंधित को भी दी जाए। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज निर्धारित स्थल पर ही होगी, इस संबंध में सूअर पालकों को आबादी से दूर रखे जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए। किसी भी तरह का आपत्ति जनक पोस्टर/नारे कहीं भी ना दिखे, पुलिस विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारी गण पूरी तरह से एलर्ट मोड में रहें, आयोजक कर्ता से वार्ता कर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने उपरांत ही जुलूस आदि की अनुमति दी जाय, उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम हो तो उसकी जानकारी सभी संबंधित को रहनी चाहिए इस संबंध में सभी एसडीएम, बीडीओ थानाध्यक्ष सीओ

**अफवाहों पर ध्यान न दे, अराजकता फैलाने वालों की तत्काल सूचना दें : एसपी**

आपस में वार्ता कर लें। इसी प्रकार उन्होंने आबकारी विभाग, खाद्य पदार्थों की जांच, साफ सफाई हेतु डीपीआरओ, विद्युत विभाग सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों को विभाग से संबंधित प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के बीच यदि कहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो उसे तत्काल ठीक कराई जाए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा सोशल मीडिया द्वारा अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की बात कही गई तथा महा शिवरात्रि से होलिका दहन, होली एवं रमजान/ईद तक जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर किसी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत नही की जाएगी। सभी कार्यक्रमों हेतु पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था चॉक चौबंद रहेगी।

# सख्ती : बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 7278 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो


पहले दिन बोर्ड की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र की तरफ से जिले में 152 केंद्रों पर शुरू हुई हाई स्कूल व इंटर मीडिएट कि परीक्षा में पहले दिन सोमवार को सख्ती के चलते 7278 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ था।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय में पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों की संख्या 59825 थी जिसमें से बालक वर्ग से 30586 व बालिका वर्ग से 29239 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें बालक वर्ग से 2422 व बालिका वर्ग से 1585 यानी हाई स्कूल में कुल 4007 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। द्वितीय

**परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए 6 जोन व 17 सेक्टरों में बांट 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की लगाई गई है ड्यूटी**

पाली इंटर हिंदी में कुल 54182 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें बालक वर्ग से 27666 व बालिका वर्ग से 26516 परीक्षार्थी शामिल हुए इसमें बालक वर्ग से 2172 व बालिका वर्ग से 1099 अनुपस्थित रहे।

कुल मिलाकर बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 7278 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। इसे सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों से जोड़ दिया गया है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है।

**वेबकास्टिंग के जरिए हो रही परीक्षा की मॉनिटरिंग**

प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के रखने के लिए स्ट्रांग रूम एवं उनके सीलिंग व पैकिंग रूम में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे एवं रिकॉर्डिंग के लिए डीवीआर लगाए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों की वेबकास्टिंग के जरिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

श्रवण कुमार गुप्ता, डीआईओएस, कुशीनगर ने कहा परीक्षा को नकलवीहिन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा को सुचारू एवं मॉनिटरिंग हेतु सचल दल की तैनाती की गई है। हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षा दिनांक 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च 2025 को समाप्त होगी।

## 262115 किसानों को किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त मिली

**अमेठी।** सोमवार का दिन किसानों के लिए खुशियों से भरा रहा। भागलपुर, बिहार में आयोजित एक किसान सम्मान समारोह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के किसानों के किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त भेजी है। जनपद के 262115किसानों को लाभ मिला है। शाम से ही किसानों के बैंक खातों में दो दो हजार रुपए की धनराशि पहुंचना शुरू हो गई है। वर्चुवल रूप से http://pmindianwebcast.nic.in लिंक पर किसान सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण सोमवार को दोपहर 02 बजकर 15 मिनट से अपरान्ह 03 बजकर 30 मिनट तक जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड कार्यालयों/ राजकीय कृषि बीज भण्डारों एवं ग्राम पंचायत पर कार्यक्रम के प्रसारण की समुचित व्यवस्था की गयी। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उच्च स्तरीय निर्देशानुसार कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र, कठौरा, जगदीशपुर में आयोजित किया गया।

# क्रांतिकारी समाज सुधारक थे संत गाडगे

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** गाडगे यूथ ब्रिगेड की ओर से विभा गेस्ट हाउस गौरीगंज में संत गाडगे और संत रविदास की जयंती पर संयुक्त समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने संत गाडगे के जीवन दर्शन पर विस्तार से संवाद किया। संत गाडगे की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग दोहराई गई। अम्बेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य डॉ लालजी प्रसाद निर्मल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि संत गाडगे महान क्रांतिकारी समाज सुधारक थे और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के बहुत प्रिय थे।संत गाडगे एक बार गंभीर रूप से बीमार हुए, बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने उनसे मिलने और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने अपनी ट्रेन छोड़ दी। संत गाडगे ने जीवन भर अशिक्षा, सामाजिक भेदभाव, शोषण और गैरबराबरी के विरुद्ध चेतना की मशाल जलाई। डा लालजी प्रसाद निर्मल ने अपने भाषण में संत गाडगे और संत रविदास की शिक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि चांडाल गुणों से युक्त है तो उसकी पूजा होती चाहिए,विप्र यदि गुणहीन है तो उसकी पूजा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के महापुरुषों को उत्तर भारत से परिचित कराने में मान्यवर कांशीराम जी का महान योगदान है। बहुजन महापुरुषों के अपमान, उनके नाम से बने जिलों और शिक्षण संस्थाओं को खत्म करने के लिए बिना नाम लिए प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया और कहा कि कांग्रेस और सपा की दुरभि संधि के कारण पदोन्नति में आरक्षण के बिल को फाड़ा गया। कांग्रेस और सपा भारतीय संविधान और बाबा साहब की झूठी रट लगाए हुए हैं, बाबा साहब के विचारों से इनको लेना देना नहीं है। डा अम्बेडकर के मित्र कौन हैं और डॉ अम्बेडकर के शत्रु कौन है, बहुजन समाज को इसकी पहचान करके राजनीति में अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए।

आरक्षण एक लाइफ लाइन है,जो भी राजनीतिक दल इसका विरोध करेगा खत्म हो जाएगा। शिक्षामित्रों के मानदेय सम्बन्धी सवाल पर उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों की मांग जायज है।दस हजार रुपए आज के दौर में जीवनयापन की दृष्टि से कुछ नहीं है। शिक्षामित्रों को सम्मान जनक मानदेय मिलना चाहिए,इस पर सदन में बार बार चर्चा हो रही है। राज्य सरकार इस पर गंभीर है।

# कवित्व व लेखनी के जरिए दी जा सकती है समाज को नयी दिशा : विज्ञानानंद



अवधनामा संवाददाता

**शब्द साक्षी व अभी और कुछ कहना है कृति का विमोचन**

बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के बैनर तले आयोजित हिन्दी विद्वान डा. ओम प्रकाश सिंह के नागरिक सम्मान समारोह में शब्द साक्षी एवं अभी और कुछ कहना है नामक पुस्तकों का विमोचन सम्मन्न हुआ। शब्द साक्षी पुस्तक में डा.ओम प्रकाश सिंह की साहित्यिक यात्रा का विभिन्न लेखकों एवं साहित्यकारों ने प्रकाश डाला है जबकि अभी और कुछ कहना है पुस्तक गीत संग्रह है। डा. ओम प्रकाश सिंह की इस कृति में विभिन्न सामाजिक मूल्यों एवं नवगीत का समावेश है।

**लालगंज, रायबरेली।** हिन्दी की अनवरत सेवा में लगे डा. ओम प्रकाश सिंह का कर तल ध्वनि के बीच नागरिक अभिनंदन हुआ। प्रबुद्धजनों एवं हिन्दी मर्मज्ञों के अलावा दर्जन भर से अधिक संगठनो ने अलग-अलग श्री

**करतल ध्वनि के बीच साहित्यिक मनीशी डा. ओमप्रकाश सिंह का हुआ नागरिक अभिनंदन**

सिंह को अभिनंदित किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ देश से लेकर विदेशों तक हिन्दी की पताका फहराने वाले कार्यो की केवल सराहना ही नहीं की बल्कि उनके सतत् प्रयासों का अभिनंदन भी किया।

उल्लेखनीय है कि डा. सिंह बैसवारा क्षेत्र के रहने वाले हैं और इन्होने हिन्दी साहित्य एवं नवगीत जगत में उसके विकास एवं संवर्धन में अपना अतुलीय योगदान दिया है। फतेहपुर जिले के भिटौरा के प्रख्यात विद्वान संत विज्ञानानंद महराज ने कहा कि राजतंत्र और मठों (संतपथ) से समाज को नयी दिशा मिलने की उम्मीदें टूट चुकी हैं। इन दोनो के पथों के न तो सिद्धांत बचे है और न ही विचारधारा। वर्तमान परिवेश में समाज को नयी दिशा देने का कार्य केवल कलमकार ही कर सकते हैं। कवित्व व लेखनी के जरिए देश को नयी दिशा इस लिए दी जा सकती है कि उनके कार्यो में सृजनशीलता अभी विद्यमान है। ऐसे लोगों की वेदों में स्तुति की गयी है।

बैसवारा साहित्य एवं सामाजिक संस्था के बैनर तले आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने डा. ओमप्रकाश सिंह को वर्तमान का अजातशत्रु बताते हुए कहा कि बिना किसी रागद्वेश की उनकी 40 वर्षो की सेवाएं अभिनंदनीय रही हैं। अध्यापन कार्यो के साथ शोध कार्यो में निर्देशन, विद्यालयों की व्यवस्था, सम्पादन, प्रदर्शन के साथ बैसवारे के इतिहास के संवर्धन के कार्यो की सराहना केवल अभिनंदन से ही नहीं पूरी होती है। श्री दीक्षित ने ऐसे उदाहण प्रस्तुत कर श्री सिंह को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। बतौर अतिथि हिन्दी संस्थान की पूर्व सम्पादक डा विद्याबिन्दु ने कहा कि लोकप्रिय होना बड़ी तपस्या का फल होता है। शिक्षक के रूप में लेखनी से डा. सिंह ने जो संदेश दिया वह अनुकरणीय है। उन्होने नवगीत विधा सहित साहित्य की हर विधा पर अपनी लेखनी चलायी है। अपने सम्मान से अविभूत डा. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज मिलने यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि भाशा और साहित्य और बैसवारे का सम्मान है। इस मौके पर विभिन्न संगठनो बैसवारा विकास संस्थान, बैसवारा शोध संस्थान, विभिन्न शिक्षक संगठन, पूर्व सैनिक परिशद, बैसवारा विद्वत परिशद, बैसवारा एजूकेशन ट्रस्ट के बैसवारा महाविद्यालय, बैसवारा इंटर कालेज, पंचवटी विकास समिति, उप्र. व्यापार मंडल के दोनो संगठन, उतरागौरी ग्रामपंचायत समिति, बैसवारा चेतना संघ, के अलावा हिन्दी शोधार्थियों ने डा. सिंह को मार्ल्यापण कर प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# बिजली विभाग की लापरवाही से मासूम की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मड़ार बिंदवलिया गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। गांव में लगे बिजली के पोल में उतर रहे करंट की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की थी, लेकिन विभाग की कुंभकरणी नीद नहीं खुली जिससे आज एक मासूम अपनी जान गंवा दिया। सोमवार को स्कूल से घर लौट रहे 7 वर्षीय सत्यम की बिजली के पोल की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की शिकायत की, लेकिन विद्युत विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो मासूम की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और वे विद्युत विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भटनी विकास खण्ड परिसर में तीन विकास खण्डो भाटपाररानी, भटनी एवं बनकटा का सोमवार को महिला ग्राम प्रधान का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षमता, संचार कौशल और लैंगिक समानता विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी परशुराम राम ने किया। प्रशिक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी परशुराम राम ने कहा कि महिला प्रधान का प्रशिक्षण करना उनके नेतृत्व क्षमता को बल देगा, जिस ग्राम पंचायत में महिला ग्राम प्रधान स्वयं कार्य कर सकेंगी। महिला प्रधान का जुड़ाव महिलाओं से अधिक होने के कारण उनके समस्याओं और हित का बेहतर कार्य करती है।

मुख्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने कहा कि जबतक आप स्वयं नेतृत्व करती है, तो आप अपने ग्राम पंचायत में चल रहे कार्यो और ग्राम स्वराज, मनरेगा, आवास अन्य योजनाओं की जानकारी कर पाएंगी और अपने गांव के विकास को और बेहतर कर पाएगी। प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत का गठन, प्रधान की भूमिका और दायित्व, ग्राम प्रधान को पद से हटाने की प्रक्रिया, सतत विकास लक्ष्य, जेंडर, लिंग आधारित भेद भाव पर प्रशिक्षण किया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अन्तर्गत की ओर से प्रशिक्षण के जरिये महिला ग्राम प्रधानों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया जा रहा है ताकि वह घरेलू परिवेश तक सीमित न रहकर गांव की सूरत बदलने में अपनी भूमिका निभा सके। सहायक विकास अधिकारी भाटपाररानी अनावारूल सिद्धिकी ने कहा कि प्रशिक्षण में महिला प्रधानों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और पुरुषों की जगह स्वयं काम संभालने की प्रक्रिया के बारे में बताया जा रहा है। प्रशिक्षण ने प्रशिक्षक विनय तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। अजय दूबे ने ईग्रामस्वराज, पीएफएमएस के बारे मे महिला प्रधानों को जागरूक किया। उक्त प्रशिक्षण मे ग्राम प्रधान नीलम देवी, पूनम देवी, रम्भा देवी, निर्मला देवी, कमलावती देवी, अंजलि देवी, चंद्रभावती देवी, कौशिल्या देवी, सुभावती देवी, ज्ञान्ति देवी, प्रभावती देवी आदि मौजूद रहे।

# कंट्रोल रूम में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग, सभी परीक्षा केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** डीएम व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज शामिल है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 7 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया।

# रमा टेक्निकल कॉलेज के 18 मेधावी छात्रों में वितरण किया गया लैपटॉप, खिले चेहरे

अवधनामा संवाददाता


लैपटॉप के साथ मेधावी छात्र व अतिथि

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित रमा टेक्निकल कालेज में सोमवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधावी व होनहार छात्रों को 12 लैपटॉप व 6 एसी टूल्स पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक उर्फ सोनू खेतान ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं और आगे बढ़ने का हौसला, सपने उनकी आखों में होती है। यही कारण है कि मेधावी बच्चे किसी भी क्षेत्र में जब वे पुरस्कृत होते है तो उनका चेहरा कमल के फूलों जैसा खिल उठता है। साथ ही अपने कॉलेज माता पिता का भी चेहरा खिल जाता है। पी जी सीनियर स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों में तब जोश आता है जब उन्हें उनके कार्यो का इनाम पुरस्कार के रूप में मिलता है फिर वे आगे बढ़ने में कोई कोर कसर नही रखते। रमा टेक्निकल कालेज के चैयरमैन मंतोष कुशवाहा ने कहा कि यह संस्था सभी संस्थानों द्वारा प्रत्येक वर्ष कम्प्यूटर व अन्य उपकरण छात्रों को पुरस्कार वितरण करता है।

संस्था को धन के अलावा बच्चों को टेक्निकल की दुनिया में आगे ले जाने का लक्ष्य है। कालेज के प्रबन्धक राज गोपाल मिश्रा ने आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे कालेज के सैकड़ों बच्चे टेक्निकल क्षेत्र में बहुत ऊंचे पद पर कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सच्चिदानंद मिश्रा व संचालन संजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर जितेंद्र त्रिपाठी, मो. हसीब, आनंद मिश्रा, राधेश्याम पासवान, सच्चिदानंद मिश्रा, अलहम अंसारी, संजय पटेल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, संजय यादव, अशोक, जय गोपाल मिश्रा, राजन, नीलेश, वैष्णवी, सविता, आनंद, शिवम, शुभम सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# माओवादी कनेक्शन खंगालने कुशीनगर पहुंची एनआईए

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** माओवादी संगठन को सक्रिय करने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लखनऊ से आए एक इंस्पेक्टर ने फाजिलनगर निवासी विनय कुमार शर्मा से पटहेरवा थाने में चार घंटे तक पूछताछ की।

एनआईए के इंस्पेक्टर ने सरकार के विरोध लिखने-बोलने के उद्देश्य, वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम और विनय के कॅरिअर और उनके ध्येय आदि को लेकर सवाल किए। पटहेरवा थाने में उपस्थित होने के लिए एनआईए ने 19 फरवरी को ही विनय को नोटिस भेजा था। हालांकि, विनय का कहना था कि उसे नोटिस 20 को मिला है।

फाजिलनगर कस्बे के वार्ड नंबर-6 निवासी जयश्री शर्मा का बड़ा बेटा विनय भगत सिंह छात्र मोर्चा की बीएचयू इकाई का पूर्व उपाध्यक्ष है। एनआईए ने उसे नोटिस भेजकर थाने बुलाया था। रविवार की सुबह करीब 11 बजे विनय स्टूडेंट मोर्चा के दो अन्य सदस्यों और कसया और तमकुही के दो स्थानीय वकीलों के साथ पटहेरवा थाने पहुंचा। इससे पहले करीब साढ़े 10 बजे लखनऊ से एनआईए के इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह थाने पहुंच चुके थे। माओवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की कोशिशों को लेकर 2023 से चल रही जांच के क्रम में उन्होंने विनय से एक कमरे में पूछताछ की। दोपहर बाद करीब तीन बजे तक चली पूछताछ में विनय से भगत सिंह छात्र मोर्चा की गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी और प्रतिभागियों के बारे में भी सवाल किए। इंस्पेक्टर ने आगे भी पूछताछ के लिए विनय को तलब किए जाने की बात कही। विनय ने बताया कि बीएचयू से एमए करने के बाद पीएचडी की तैयारी कर रहा है।


## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 859/न0नि0अयो0/ई-निविदा/2025 दिनाँक : 24/02/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा सीवरेज जल निकासी के अन्तर्गत कुल 04 कार्यो (नाला निर्माण हेतु) की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकते है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Link-https://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्कम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 25.02.2025 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 18.03.2025 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 18.03.2025 दोपहर 04.00 बजे |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम अयोध्या

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** एस.आर.के. (पी.जी) कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई के तत्वावधान में सोमवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत नया बांस फिरोजाबाद में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिरोठिया ने स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य ''मैं नहीं, बल्कि आप'' को याद कराते हुए स्वयंसेवकों से कहा कि आपको इसी भावना से इस शिविर को सफल बनाना है। प्राचार्य ने अपने शुभआशीर्वाद के साथ शिविर को प्रस्थान करने की अनुमति दी।

शिविर स्थान पर पहुंच कर स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम वहां साफ-सफाई की और स्थान को सुव्यवस्थित किया। कार्यक्रम अधिकारी व्योमेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर का प्रारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने छै लक्ष्य गीत गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग से डॉ वंदना सिंह भी उपस्थित रहीं। स्वयंसेविका अस्मिता ने डॉ वंदना सिंह का पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी स्वयंसेवकों ने छै ब्संच से उनका सम्मान किया। डॉ वंदना



सिंह ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए क्पहपजंस सपजमतंबल के बारे में जानकारी दी और उससे संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बातें स्वयंसेवकों के साथ साझां की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में कार्यक्रम अधिकारियों के संरक्षण में स्वयंसेवकों द्वारा गांव में ष्नशा मुक्ति जागरूकताष् रैली निकाली गई। साथ ही स्वयंसेवकों को स्वल्प आहार भी वितरित किया गया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया क्षेत्र भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

- **शिवबारात के मार्गों का किया निरीक्षण**
- **पर्वों के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु दिये दिशा निर्देश**



**बहराइच।** आसन्न महाशिवरात्रि एवं होली इत्यादि पर्वों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनज़र जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विकास खण्ड महसी अन्तर्गत महराजगंज कस्बा व फखरपुर के जैतापुर तथा शिवपुर अन्तर्गत बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण किया। डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजगंज के रामजानकी मन्दिर, जैतापुर स्थित शिव मन्दिर व देवी प्रसाद शिवालय तथा बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण कर महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले मेलों, भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों व निकलने वाली शिव बारात आदि के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महाराजगंज कस्बे के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने रामजानकी मन्दिर पहुंचकर वहां से निकलने वाली शिव बारात आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए परम्परागत ढंग से त्योहार मनाये जाने की अपील की। डीएम व एसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन समिति के समन्वय स्थापित करते हुए वॉलिंटियर्स के आधार एवं मोबाइल नम्बर की सूची तैयार कर लें तथा आवश्यकता के अनुसार उनके लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने अथवा पहचान पत्र पर विचार करें साथ ही शिवबारात में अप्रिय स्थिति से बचाव हेतु वॉलिंटियर्स की संख्या बढ़ा लें।

डीएम व एसपी द्वारा पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहार पंजिका का भली प्रकार से अध्ययन कर तद्नुसार आवश्यक प्रबन्ध के साथ-साथ अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जाय। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर सर्तकता बनाये रखें तथा कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में ड्रोन कैमरों की मदद भी ली जाय। डीएम व एसपी ने अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जैतापुर क्षेत्र का भ्रमण कर शिव मन्दिर व देवी प्रसाद प्रधान के शिवालय का भ्रमण कर शिव बारात के रास्तों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने शिव बारात मार्गो पर उचित प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी दिये। मौके पर मौजूद शिव बारात समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शिव मन्दिर व शिवालय से शिव बारात निकलकर जैतापुर ग्राम का भ्रमण कर देवपुरी डीहा पर सम्पन्न होती है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में गन्दगी पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मी मोहम्मद अहमद को निलम्बित करने तथा एडीओ पंचायत मगन बिहारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## यूपी बोर्ड परीक्षाएं प्रारम्भ, डीएम-एसएसपी ने लिया जायज़ा



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा संचालित आज से प्रारम्भ हो रही हाइस्कूल और इण्टरमीडिएट की परिक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु सिरसागंज स्थित गिरधारी लाल इण्टर कॉलेज व दिगम्बर जैन इण्टर कॉलेज में चल रही परिक्षाओं का निरीक्षण किया, और वहां उन्होने चल रही परिक्षाओं का जायजा लिया, साथ ही साथ उन्होने वहां सीसीटीवी कैमरें इत्यादि की भी जांच की, उन्होने परीक्षा की व्यवस्था में लगे सभी व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, कोई भी ऐसा परीक्षार्थी नही पाया जा रहा हो, जो किसी किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा दे रहा हो, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, साथ ही उन्होने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्रों की भी जांच की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिरसागंज, जिला विद्यालय निरीक्षक, तहसीलदार इत्यादि मौजूद रहें।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 18/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25 | सीएनबी–सीपीबी खंड में ब्रिज संख्या–110डीएन पर स्टील स्लीपरों को एच–बीम स्लीपरों द्वारा प्रतिस्थापित करना, जिसमें ब्रिज ट्रफ को हटाना भी शामिल है। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 147834944.64 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 889200.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 07.03.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 21.03.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- **1.** ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। **5.** बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0–18/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25**

**दिनांक 21.02.2025** **600/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय ग्राम पंचायत-परसोई वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसोई विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यो के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 5 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 07/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 300000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट**- निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- परसोई, चोपन-सोनभद्र**



## कार्यालय ग्राम पंचायत-खरहरा वि.ख.-चोपन, सोनभद्र

पत्रांक- मेमो/सा0आ0/2025-26 दिनांक : 24/02/2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरहरा विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवा वित्त आयोग/एस0बी0एम0 एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामाग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| क्रमांक | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यो के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहीत आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 3 | आपूर्ति की अवधि | वित्तिय वर्ष 2025-26 |
| 4 | टेण्डर फार्म बिक्रि | दिनांक 25/02/2025 से दिनांक 06/03/2025 तक। |
| 5 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 06/03/2025 को सायं 4 बजे तक। |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि | दिनांक 07/03/2025 को 12 बजे। |
| 7 | निविदा फार्म बिक्री जमा करने एवं खोले जाने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय। |
| 8 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद। |
| 9 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 100000/- रु0 के एफ0डी0आर0/ बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट**- निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत- खरहरा, चोपन-सोनभद्र**



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम जं. | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम जं. | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 06007 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी जं. | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव का आयोजन

**मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा उपस्थित रही**



**बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया**

वहाज अली निहाल

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, मानिकपुर मोड़ ग्वालियर बायपास में रविवार को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के डीआईओएस मनोज कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.मुकेश, संत केवलानंद स्कूल के प्रबंधक रोहन सिंह, यश इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अरुण तोमर, एच एन स्कूल के प्रबंधक पवन कुमार सहित विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकगण एवं माध्यमिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 430 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, शिव तांडव, मराठी, राजस्थानी एवं पंजाबी लोकनृत्य, होली डांस के साथ-साथ सामाजिक संदेश देने वाले हिंदी एवं अंग्रेजी नाटकों ने विशेष आकर्षण बटोरा। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक बच्चों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों को बच्चों की उत्कृष्ट तैयारियों के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को माता-पिता का आदर करने और उनकी अपेक्षाओं को पूर्ण करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने यातायात नियमों के पालन और मोबाइल फोन के सीमित उपयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने समस्त अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विद्यालय अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# वार्डों की साफ सफाई करते हैं विशेष ध्यान: रूबी प्रसाद



**जनसुनवाई पर आए शिकायतों का निस्तारण करते हुए दिए निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उक्त अवसर पर जेई मनीष कुमार, सदस्य अनवर अली, मनौज चौबे, धर्मराज जैन,सुजीत कुमार, अजीत सिंह,विमलेश कुमार , संत सोनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक नें नई इमारत का किया लोकार्पण



**हमीरपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज भानु भास्कर द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन / लोकार्पण किया गया तथा संपूर्ण पुलिस कार्यालय का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा जनपद आगमन पर सर्वप्रथम गार्द से सलामी ली गई भौतिक रुप से फीता काटकर उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में उन्होंने नें जिम्नेजियम हॉल हमीरपुर का भी लोकार्पण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एवं भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर व अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

# श्रद्धालुयों की नाश्ते, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं कावड़ यात्रा के दृष्टिगत हजारी महादेव मंदिर एवं नीलकंठ महादेव मंदिर का किया निरीक्षण। उन्होंने वहां पर उपस्थित उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एवं पर्व को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराया जाए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग बिल्कुल ही नहीं किया जाए यथासंभव पड़ने पर बसों का प्रयोग किया जाए जिससे कि श्रद्धालु सुरक्षित रहकर अपनी यात्रा कर सके। उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए श्रद्धालुयों की नाश्ते, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं मंदिर में साफ सफाई तथा पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की ओर से समस्त जनपद वासियों से अपील की ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग कतई ना किया जाए तथा सावधानी बरती जाए जिससे कोई भी समस्या अनावश्यक उत्पन्न ना हो। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चालको पर रोक लगाई जाए श्रद्धालुओं को लाने ले जाने का कार्य नहीं किया जाए एवं संभव पड़ने पर बसों का ही प्रयोग किया जाए तथा वहां पर बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**चोपन/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में ÷संभव दिवस÷ का आयोजन किया जाता है, जिसमें जनता की समस्याओं को सुना जाता है और उसका समाधान किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सूरज कुमार ने अपने वार्ड में खराब हैंडपंप की शिकायत दर्ज कराई, वहीं रोमी कुमार ने नाली जाम होने की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा, अनुज कुमार ने लाइट खराब होने का प्रार्थना पत्र देकर उसे शीघ्र सही कराने का अनुरोध किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधितों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। संभव दिवस के तहत नगर पंचायत प्रशासन जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



**चोपन/सोनभद्र।** नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सोमवार को नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड नंबर 10 में मल्लाही टोला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क और नाली, वार्ड नंबर 3 में थाने रोड पर सड़क और नाली तथा वार्ड नंबर 13 में सड़क व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह विकास कार्य नगर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।नगरवासियों ने इस पहल के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस मौके पर सभासद सुशील कुमार, नरेश यादव, अनीता बिंद, विमल साहा, राजेश अग्रहरि, सियाराम तिवारी, महेंद्र केसरी, रोहित बिंद, जीतू सिंह, रामनरेश चौधरी, लिपिक अंकित पांडेय, कृपाशंकर मिश्रा, राजू खान, मंसूर आलम, जितेंद्र पासवान, मटर शर्मा, प्रदीप गिरी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### चहारदीवारी गिराने के बाद दे रहे जानमाल की धमकी

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर की नई बस्ती स्थित गुटखा फैक्ट्री क्षेत्र में एक व्यक्ति की बाउंड्री वाल गिराने और उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अरुण कुमार पाण्डेय, पुत्र श्यामबाबू पाण्डेय, निवासी गुटखा फैक्ट्री, नई बस्ती, सुमेरपुर ने थाना सुमेरपुर में तहरीर देकर आलोक यादव, इन्द्रपाल यादव (टेढ़ा), आशीष यादव तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर उक्त आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि उसने फूल सिंह आदि से बैनामा के जरिये भूमि खरीदी थी, जो हिन्दुस्तान लीवर के आगे, पेट्रोल पंप के बगल में, फैक्ट्री एरिया में स्थित है। इस भूमि पर उसने बाउंड्री वाल बनवाई थी। 17 फरवरी 2025 की रात को उपरोक्त आरोपितों ने उसकी बाउंड्री वाल गिरा दी और गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## मारपीट करने का मामला दर्ज

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 इमिलिया थोक निवासी रानी पत्नी विजय नारायण विश्वकर्मा द्वारा थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पुत्र गोलू उर्फ रोहित का पड़ोस के अजय, विवेक एवं आनंद पुत्र चंदपाल कोरी के साथ विवाद हो गया। जब वह अपने पुत्र को लेकर उलाहना देने जा रही थीं, तो रास्ते में उक्त चारों लोग मिले। रानी के अनुसार, जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया, तो चारों लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसे और उनकी पुत्री प्रान्शी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## भारी भीड़ के चलते महिला का पर्स गिरा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान का हिस्सा बनने जा रही कस्बे की एक महिला यात्री का इंटरसिटी में चढ़ने की आपधापी में बैग रेलवे ट्रैक में जा गिरा। उसी समय इंटरसिटी के चलने का संकेत हो गया। महिला बैग उठाने के लिए ट्रेन से उतरने लगी तो ड्यूटी में तैनात जीआरपी जवानों ने उसे ट्रेन से उतरने से रोका और एक दिव्यांग के डंडे से ट्रैक में पड़े बैग को उठाकर महिला को सौंपा। बैग उठाते समय बैग में लिफाफे के अंदर पड़ी महिला की पायल बैग से निकलकर ट्रैक पर ही गिर गई। इस पर जीआरपी जवानों ने महिला से कहा कि जब वह वापस लौट कर आए, तब स्टेशन में बनी चौकी से अपनी पाजेब सकुशल ले ले। महिला ने सहमति जताई। इसी बीच ट्रेन आगे बढ़ गई। ट्रेन के गुजरने के बाद जीआरपी जवानों ने ट्रैक से पाजेब उठाकर कब्जे में लिया है।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी किये पार

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में पुलिस की शिथिलता के चलते चोरों के इतने हौसले बुलंद हैं कि बाजार में सड़क के किनारे जहां से लगातार वाहन निकलते रहते हैं वहां भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में नहीं डरते, ऐसे ही एक चोरी की घटना प्रकाश में आई है जिसमें रविवार की रात 9 बजे से लेकर 10 बजे के बीच पुलिस स्टेशन से चन्द कदम दूरी पर मार्केट और हाइवे किनारे एक पत्थर कारोबारी के मकान का ताला तोड़ कर चोर डेढ़ लाख की नगदी और जेवरात चोरी कर ले गए, पीड़िता ने पुलिस को घटना से अवगत कराया है।

पत्थर तराशकर बेचने वाली सीमा और अन्नू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पत्थर का काम करके अपना जीवन यापन कर रही हैं उसका मकान फरहान टावर के बगल में है वह 23 फरवरी की रात 9 बजे खाना खाने अपने नये घर आई थीं और फिर खाना खाने के पश्चात जब वह रात 10 बजे घर गयी तब मकान का ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा पड़ा था, पत्थर मंगाने के लिए रक्खे 1लाख 40 हजार रुपए, एक तोला सोने जेवर व एक चादी की पायल आदि पीड़िता ने पुलिस से चोरी का पता लगाने की मांग की है।

# बेटियां आगे बढ़कर करें माँ-बाप का नाम रोशन : विक्रम सिंह राघव

**घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम की छात्राओं को एसडीएम ने किया सम्मानित**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी पंडाल में गत 25 दिसम्बर को आयोजित हुए घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम की विजयी छात्राओं को सोमवार को पुरस्कार वितरण किए गए।

सदर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सदर जयप्रकाश व नायब तहसीलदार प्रीति सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बेटियों को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने कहा कि प्रतिभाग करना ही बड़ी बात है। बेटियों को समाज में बहुत आगे बढ़ना है। वह आगे बढे और अपने माँ-बाप का नाम रोशन करें। ज़ब कभी किसी प्रकार की कोई आवश्यकता होंगी, तब प्रशासन सदैव सहयोग करेगा। मुख्य अतिथि ने घर की लक्ष्मी है बेटियां कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने के लिए संयोजक डॉ ज्योति वर्मा को शुभकामनायें एवं बधाई दीं। साथ ही उन्होंने सम्मानित बेटियों को बधाई दी। सम्मान समारोह में करीब 300 बेटियों को सम्मानित किया गया। इन बेटियों ने विविध वेशभूषा, स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ, अल्पना, मेहंदी, एकल नृत्य, समूह नृत्य नाटिका, कनिष्ठ वर्ग, मध्यम वर्ग व वरिष्ठ वर्ग तीनों वर्गो में प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया था। तीनों अतिथियों का आँचल वर्मा ने तिलक कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ ज्योति वर्मा ने शॉल व पटका ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन जागृति वर्मा ने किया। कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान की अध्यक्ष मनोरमा वर्मा, मुनिराज वर्मा, उज्ज्वल पटेल, अमृषा पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को एकादश ने जीता मैत्री क्रिकेट

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिण्डाल्को क्रिकेट ग्राउण्ड पर मीडिया एकादश एवं हिण्डाल्को एकादश के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में राबर्ट्सगंज, ओबरा एवं रेणुकूट के 60 से भी अधिक मीडियाकर्मियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में राबर्ट्सगंज एवं रेणुकूट से आए विभिन्न प्रतिष्ठित अखबारों एवं न्यूज़ चैनलों के पत्रकारों व सोशल मीडिया के तमाम मीडियाकर्मियों ने पूरे उत्साह से कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रारंभ में हिण्डाल्को रिडक्शन हेड जयेश पवार एवं पी.आर. एवं एडमिन हेड यशवंत कुमार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं समस्त मीडियाकर्मियों का गुलाब का पुष्प देकर स्वागत किया। इसके उपरांत मीडिया एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पारी की शुरुआत जयेश पवार एवं परचेज़ हेड- सुरेंद्र तिवारी की जोड़ी ने की। जहां जयेश पवार ने 20 बॉल पर 22 रन, वहीं परिवर्तन प्रमुख राजीव झुनझुनवाला ने 13 बॉल पर 18 रन बनाए। हिण्डाल्को एकादश ने निर्धारित दस ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 77 रन बनाए।

जवाब में मीडिया एकादश की ओर से उतरे बल्लेबाज संतोष सोनी ने 11 बॉल पर 12 रन तथा अजय जौहरी ने 14 बॉल पर 12 रन बनाए। मीडिया की टीम 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर कुल 51 रन ही बना पाई। इस प्रकार हिण्डाल्को इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रन से जीत दर्ज की व खिताब अपने नाम किया।

मैच में प्रदर्शन के आधार पर जी.के. मदान को बेस्ट बैट्समैन तथा जयेश पवार को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार दिया गया। वहीं बेस्ट फील्डर के रूप में मेजर (सेनि.) देवेन्द्र ओंकार को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में समीर नायक एवं जयेश पवार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किया और साथ ही आमंत्रित समस्त मीडियाकर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन जनसम्पर्क विभाग के प्रशान्त श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान खेलप्रेमी जनता ने मैच का लुत्फ उठाया।

# फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के कुछ भूमाफिया महिला किसान पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उसके पुत्र और साथियों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। महिला किसान का कहना है कि भूमाफिया समझौते का दबाव बना रहे हैं।

कस्बे की महिला किसान रानी देवी का एक खेत फैक्टरी एरिया के आगे हाईवे से लगा हुआ है। जरिए बैनामा के बाद दाखिल खारिज होने के साथ खतौनी में दर्ज है। महिला किसान खेत में काबिज होकर पिछले सत्रह वर्षो से जोत बो रही है। कस्बे के कुछ भूमाफियाओं ने इसी खेत से लगी जमीन को खरीद कर कब्जा किया है। भूमाफियाओं की नजर महिला किसान की भूमि पर लगी हुई है। उसकी जमीन में यह लोग कब्जा करने के प्रयास में है। महिला किसान पर दबाव बनाने के लिए भूमाफियाओं ने उसके पुत्र आलोक यादव उसके साथी इंद्रपाल यादव, आशीष यादव एवं एक अज्ञात के खिलाफ बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त करने,जान से मारने की धमकी देने, गाली गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला किसान ने बताया कि भूमाफिया उसकी जमीन बेचने के लिए दबाव डाल रहे हैं और औने पौने दामों में बैनामा कराकर जमीन छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। दबाव बनाने के लिए उन्होंने पुलिस से सांठगांठ बनाकर उसके पुत्र व उसके साथियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया की बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हुई है। इसको किसने ध्वस्त किया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

# परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिए नकल विहीन परीक्षा के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** यू.पी. बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से तथा बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं को परखने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यालय स्थित बोर्ड परीक्षा केंद्रों राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमेड़ी का निरीक्षण किया। बताते चलें कि यू.पी. बोर्ड परीक्षा का सोमवार को पहला दिन था।

परीक्षा केंद्रों पर जिलाधिकारी ने स्वयं विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया, जिसमें परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन सम्पन्न होती पाई गई। कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नही पाई गई। कहा कि परीक्षा अवधि में कोई भी कक्ष बंद न रखें, सभी कक्ष खुले,दृश्य होने चाहिए। जिलाधिकारी ने इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर सी.सी.टी.वी. रूम का निरीक्षण किया। इस मौके पर कैमरे चलित अवस्था में रिकार्डिंग की व्यवस्था सहित पाए गए। परीक्षा केंद्रों के अलावा जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। कहा कि पेपर समुचित सुरक्षा व्यवस्था में रखे जाए। केंद्र व्यवस्थापक से कहा कि सभी विषयो के पेपर क्रमसः अलग अलग रख कर आलमारी में रखे जाय। आलमारी को सील रखा जाए। प्रश्नपत्रों को खोलने के पहले विषय ,तिथि आदि का भली भांति पूर्वक अवलोकन कर लिया जाय इसमे किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान संबंधित विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पत्रकार संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** प्रदेश में लगातार हो रहा पत्रकारों का उत्पीड़न और पत्रकारों पर हमले को लेकर पत्रकार संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बैनर तले पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जिसमें उन्नाव के पत्रकार विक्रम सिंह को बम से उड़ाने की धमकी,रायबरेली में चिकित्सकों द्वारा पत्रकार पर जानलेवा हमला करने,बांदा के चिल्ला थाने में पत्रकार मदन गुप्ता के साथ अभद्रता और शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने के साथ हमीरपुर में दबंग ग्राम प्रधान और गुर्गो द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट कर अपहरण करने और जान से मारने के प्रयास सहित पत्रकारों के साथ घटनाएं आम हो गई हैं जिसकों लेकर पत्रकारों में आक्रोश है और कार्यवाही की मांग की गई है।इस दौरान कपिल देव, शिवम,अभिषेक गुप्ता, सुनील कुमार, विवेक सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# महिलाओं नें पुनः किया विवादित मकान पर कब्जा

**अपने ऊपर पेट्रोल डाल किया आत्महत्या का प्रयास, कई घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा**

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** काफी समय से विवादित मकान में पुलिस की चौबीस घंटों तैनाती के बाद भी महिलाओं ने कब्जा कर लिया जिसके बाद चार घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा हालांकि मौके पर तहसीलदार,नायब तहसीलदार फायर ब्रिगेड सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कस्बे के मोहल्ला पूर्वी तरौस स्थित एक मकान को एक दशक से पहले मोहल्ले के ही कबीर अहमद ने जिन्नत पत्नी मुश्ताक से खरीदा था जिसका रजिस्टर्ड बैनामा भी कराया गया था और कबीर अहमद नें उस में निर्माण आदि करा के अपने प्रयोग हेतु बनाया लिया था चूंकि अली कबीर का एक मकान अलीगढ़ में भी जहा अक्सर वह परिवार सहित रहता था बीते सितंबर जब अली सह परिवार अलीगढ़ में था तभी तन्हाई देख जिन्नत के पुत्रों ने उक्त मकान में जबरन कब्जा कर लिया। जिस की शिकायत अली की माता द्वारा आला अफ़सरान के यहां की जाती रही इस दौरान दोनों पक्षों में वादविवाद भी चलता रहा। शान्ती व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस नें मकान में ताला डाल कर पुलिस बल की तैनाती कर दी थी। उसी मकान के विवाद को लेकर सोमवार सुबह रोशनी पत्नी समीर और गुडडो पत्नी बकरीदी अपने बच्चों के साथ मकान में घुस गई और मकान का अंदर से गेट बंद कर कांच फोड़ ली और अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। उक्त मामले को लेकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन फानन में तहसीलदार मौदहा अभिनव चंद्र, कोतवाली प्रभारी, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और महिलाओं को घंटों समझाया लेकिन महिलाओं नें तहसीलदार व पुलिस की एक नही सुनी यह हाईवोल्टेज ड्रामा लगभग चार घंटे तक चला इस के बाद पुलिस ने पीछे से दूसरों के मकान के रास्ते मकान में पहुंच कर महिलाओं पर काबू पाया और दोनों महिलाओं को तत्काल प्रभाव से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।इस सम्बंध में तहसीलदार अभिनव चंद्र ने बताया कि वह कानून व्यवस्था की बहाली के उद्देश्य से गए थे बाकी कार्यवाही करने का काम पुलिस का है वह अपने हिसाब से कार्यवाही करेगी।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध शांति भंग करने की कार्यवाही की जा रही है।

# महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन



- बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने लगाई आस्था की डुबकी, अद्भुत व्यवस्था के लिए सीएम योगी को कहा धन्यवाद
- अक्षय बोले- 2019 की तुलना में इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित, अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे
- अक्षय कुमार ने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को भी दिया धन्यवाद, कहा-उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल
- एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की
- अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने भी परिवार समेत संगम में स्नान कर पुण्य फल प्राप्त किया
- अद्भुत व्यवस्था, पुलिस और कर्मचारियों को धन्यवादः अक्षय कुमार

**अवधनामा ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है।

संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है।

### कटरीना कैफ का आध्यात्मिक अनुभव

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है। साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा, युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है। जब कटरीना कैफ जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां महाकभ में आती हैं, तो यह हमारे युवाओं को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है।




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ 2025 में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि महाकुम्भ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया।




## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज अपने परिवार के साथ प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के कल्याण की कामना की। आस्था और श्रद्धा के इस क्षण को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं स्वयं को बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूँ। मैं अपने माता-पिता और परिवार के साथ माँ गंगा का आशीर्वाद लेने आया हूँ। माँ गंगा हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखे।

## भारतीय संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान से प्रभावित हुए विदेशी डिप्लोमैट

- नॉर्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहैम ने साझा किए महाकुम्भ के अपने अनुभव
- महाकुम्भ में मिली आध्यात्मिक अनुभूति
- भारतीय विचारधारा से प्रभावित
- पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय संस्कृति से सीखने की जरूरत



नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के पूर्व कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहैम ने महाकुम्भ 2025 में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा अनुभव किया। उन्होंने इस महापर्व में अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचीन भारतीय विचारधारा और प्रकृति के प्रति सम्मान की सराहना की। एरिक सोलहैम ने कहा, महाकुम्भ में आना एक अद्भुत अनुभव रहा। भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि मानव प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है। पश्चिमी सोच में इंसान को प्रकृति से ऊपर माना जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में नदियों, जंगलों, पशु-पक्षियों और धरती माता की पूजा की जाती है। उन्होंने गंगा स्नान के अनुभव को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका भी है। सोलहैम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गणेश और हनुमान जैसे देवता इस बात के प्रतीक हैं कि मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस सोच को आधुनिक दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अब समय आ गया है कि पूरी दुनिया भारतीय ज्ञान से सीखे और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति का सम्मान और उसकी रक्षा करना सदियों पुरानी परंपरा रही है। महाकुम्भ में आकर उन्हें इस विचारधारा को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, धरती माता इंसानों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम धरती माता पर निर्भर हैं। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाना सीखना होगा, और इसमें भारतीय संस्कृति हमें मार्गदर्शन दे सकती है।

## अंतिम अमृत स्नान से पहले मेमू निरस्त, इण्टरसिटी में बढ़ रही भीड़

**सुमेरपुर हमीरपुर।** महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के लिए प्रयागराज में बढ़ती भीड़ के चलते रेलवे प्रशासन ने सोमवार को सुबह कानपुर से नैनी तक चलाई जा रही मेमू ट्रेन को निरस्त कर दिया। इससे यात्री परेशान रहे। भीड़ का दबाव इंटरसिटी एक्सप्रेस में बढ़ने से यह ट्रेन खचाखच भरकर आगे के लिए रवाना हुई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्म में महज दो जीआरपी सिपाही तैनात थे। आलम यह था कि लोग एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे और जीआरपी कर्मी असहाय नजर आ रहे थे। पिछले सप्ताह रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज में बढ़ती भीड़ को देखते हुए मेमू ट्रेन को सोमवार से शुक्रवार तक रद्द रखा था। शनिवार रविवार को चलाने के बाद सोमवार को सुबह इसको फिर से निरस्त कर दिया गया। इससे बांदा, अतर्रा,मानिकपुर चित्रकूट धाम आदि स्थानों पर जाने वाले यात्री परेशान हुए। उन्हें करीब पांच घंटे स्टेशन में इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ने के लिए इंतजार करना पड़ा। यात्री महेश कुमार,शिवनारायण, राजकुमार,धीरू यादव, गुड्डू गुप्ता आदि ने कहा कि मेमू पैसेंजर ट्रेन इस रूट की वर्षो से नियमित ट्रेन है। इसके निरस्त होने से सर्वाधिक परेशानी नियमित यात्रियों को होती है। मेमू ट्रेन के निरस्त होने से यात्रियों के भीड़ का दबाव इंटरसिटी एक्सप्रेस में बढ़ गया। दोपहर को कानपुर से प्रयाग जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस खचाखच भर गई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्लेटफार्म में मध्य दो जीआरपी कर्मी ही मौजूद थे। उनकी मौजूदगी में यात्री रेलवे ट्रैक पार करके एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में आते जाते रहे और यह देखते हुए असहाय नजर आ रहे थे।



# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगीः केशव प्रसाद मौर्य

**अवधनामा ब्यूरो**

- जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही
- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे लगभग 3 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत प्रतापगढ़ , ललितपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, अम्बेडकरनगर व अलीगढ़,के जिला अधिकारी, गाजीपुर, पीलीभीत, ललितपुर व कौशाम्बी के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

## यूनिटी पी.जी. कॉलेज में विधिक परामर्श शिविर का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूनिटी पी.जी. कॉलेज, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विधिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रातः 09:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक महाविद्यालय परिसर में एकत्र हुए, तत्पश्चात् प्रातः वंदन के उपरान्त 09:30 बजे शिविरार्थी प्राथमिक विद्यालय पीर नगर बरावन खुर्द बस के माध्यम से गए। उनके साथ महाविद्यालय के विधि संकाय के प्रवक्ता डॉ. खुर्शीद जमील, वी. पी. सिंह, रश्मि सिंह व माननीय उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल किशोर उक्त विद्यालय गए। वहां पर विधिक परामर्श शिविर में आसपास के अनेक लोगों ने आकर अपनी कानूनी समस्याओं पर चर्चा की, जिसके समाधान हेतु उचित माध्यम शिविर में बताया गया। अपराहन 01:00 से 02:00 बजे तक शिविरार्थियों का भोजनावकाश रहा, तदुपरान्त स्वयंसेवकों ने द्वितीय सत्र में बरावन खुर्द के क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा आम लोगों के लाभ हेतु बनाई गई योजनाओं एवं कानूनों के बारे में जानकारी दी। विधि संकाय के प्रवक्ताओं एवं अतुल किशोर द्वारा सभी स्वयंसेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों को अनेक विधिक जानकारियाँ दी तथा उनकों भारतीय संविधान के विषय में भी बताया।

## रक्तदान जागरूकता के लिए लाइव इन कंसर्ट का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में लाइव इन कंसर्ट : प्रतिभा सिंह बघेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाउसफुल सभागार कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन, गजल एवं बॉलीवुड गीत गायिका प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी सुमधुर आवाज से सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही सभी से जनहित में वर्ष में एक बार रक्तदान करने की अपील की। उनके संगीत से वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ और कार्यक्रम में उपस्थित हजारों दर्शकों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान तथा हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल तथा प्रतिभा सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलन कर किया गया।

सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि, आज की यह संगीतमय संध्या केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि रक्तदान को जन आंदोलन बनाने के संकल्प से जुड़ी है। हम सब जानते हैं कि रक्तदान, जीवनदान है । एक यूनिट रक्त किसी की सांसें लौटा सकता है, किसी के सपनों को नया जीवन दे सकता है । विज्ञान कितना भी आगे बढ़ जाए, रक्त का कोई विकल्प नहीं। यह केवल हमारी मानवता और जिम्मेदारी पर निर्भर है । हमें गर्व है कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 13 वर्षों से इस दिशा में कार्यरत है तथा #HelpUBloodDonor अभियान के माध्यम से, हम इस मुहिम को और व्यापक स्वरूप दे रहे हैं। आपसे केवल एक अनुरोध है कि वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य रक्तदान करें। यदि स्वयं रक्तदान नहीं कर सकते, तो कम से कम एक व्यक्ति को प्रेरित करें। हेल्प यू ब्लड डोनर अभियान के तहत रक्तदान करते समय, रक्तदान फॉर्म पर ष्ट/श ॥श्वक्क ञ्रक्रस्ञ्र अवश्य लिखें और अपने रक्तदान की फोटो हमें भेजें। सामाजिक और जनहित में और अधिक कार्य करने हेतु ट्रस्ट को आर्थिक सहयोग भी प्रदान करना चाहे। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने कहा कि, ÷आज का यह कार्यक्रम सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक नई पहल है क्योंकि रक्तदान न केवल एक मानवता का कार्य है बल्कि यह समाज को एकजुट करने और जीवन बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट समय-समय पर कई धर्मार्थ, जागरूकता, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जनहित में कर रहा है।

आप सभी से अपील है कि हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनहित में किया जा रहे कार्यों में अपना सहयोग दें तथा समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएं।













गणतंत्र दिवस, बसन्ती पंचमी व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज प्रजापति (ग्राम विकास अधिकारी-निचलौल)
गोपाल मद्धेशिया प्रधान प्रतिनिधि, निपनिया
सुशीलमणी त्रिपाठी प्रधान प्रतिनिधि, पिपरा
जाबिर अली प्रधान प्रतिनिधि, भगवानपुर
कमलेश प्रजापति ग्राम प्रधान, बोदना
रमेश गौतम ग्राम प्रधान, जमुई कला

